हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 25.01.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 181 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### एयर इंडिया ने न्यूयॉर्क और नेवार्क की उड़ानें की रद

**नयी दिल्ली** : टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के नेवार्क से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें 25-26 जनवरी के लिए रद कर दी हैं। एयर लाइन ने अमेरिका में भीषण विंटर स्टॉर्म की आशंका के बीच यात्रियों और क्रू-मेंबर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। एयर इंडिया ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में शनिवार को बताया कि उसने रविवार और सोमवार को न्यूयॉर्क और नेवार्क, न्यू जर्सी से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं, क्योंकि उस इलाके में भारी बर्फबारी के साथ-साथ गंभीर तूफान का अनुमान है। एयरलाइन ने कहा कि रविवार सुबह से सोमवार तक अमेरिका के ईस्ट कोस्ट में न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और आसपास के इलाकों में भारी बर्फबारी के साथ एक गंभीर सर्दियों के तूफान का अनुमान है, जिसका फ्लाइट ऑपरेशन पर काफी असर पड़ेगा। बयान में कहा है कि हमारे यात्रियों और क्रू की सुरक्षा, भलाई और सुविधा को देखते हुए 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और नेवार्क आने-जाने वाली सभी एयर इंडिया की फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। अगर आपने इन तारीखों पर हमारे साथ यात्रा करने के लिए बुकिंग की है, तो हमारी डेडिकेटेड टीमें आपको पूरी मदद करेंगी। इस बारे में ज्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारे 247 कॉल सेंटर से +91 1169329333, +91 1169329999 पर संपर्क करें।

### हिमाचल में बर्फबारी के बाद एक हजार सड़कें बंद, येलो अलर्ट जारी

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी थमने के बाद भी दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं और राज्य के अधिकांश पर्वतीय इलाकों में सामान्य जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त बना हुआ है। बर्फबारी के कारण जहां यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, वहीं बिजली और पेयजल आपूर्ति भी बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार शाम तक प्रदेश में दो राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा एक हजार से ज्यादा सड़कें बंद रहीं, जिससे कई जिलों का संपर्क जिला और उपमंडल मुख्यालयों से कट गया है। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 412 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा लाहौल-स्पीति जिले में 290 सड़कें चंबा में 132, मंडी में 126, कुल्लू में 79 और सिरमौर में 29 सड़कें बंद हैं। लाहौल-स्पीति में दो राष्ट्रीय राजमार्गों के बंद होने से आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है।

## मुख्यमंत्री ने रॉयल स्कूल ऑफ माइंस इम्पीरियल कॉलेज लंदन का किया दौरा, शोधकर्ताओं से की बात

# अनुसंधान एवं नवाचार आधारित औद्योगिक तंत्र के विकास की ओर अग्रसर झारखंड : हेमन्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने लंदन प्रवास के दौरान क्रिटिकल मिनरल्स, उन्नत खनिज प्रसंस्करण और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े अंतरराष्ट्रीय संवाद के तहत रॉयल स्कूल ऑफ माइंस, इम्पीरियल कॉलेज लंदन का दौरा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्थान की प्रमुख प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया और क्रिटिकल मिनरल्स, एडवांस्ड मैटीरियल्स तथा परमाणु से जुड़े अनुसंधान में कार्यरत फैकल्टी और शोधकर्ताओं से बातचीत की। प्रोफेसर स्टीफन नीथलिंग, मार्क वेनमैन, मार्क सेप्टन तथा कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रो. मुकेश कुमार और डॉ. सूर्या कुमार सिंह ने खनिज प्रसंस्करण, सामग्री विज्ञान, परमाणु अभियांत्रिकी और उन्नत सेंसिंग तकनीकों से जुड़े शोध कार्यों की जानकारी दी। फैकल्टी सदस्यों ने बताया कि इम्पीरियल कॉलेज लंदन में भू-विज्ञान, सामग्री अभियांत्रिकी, कंप्यूटेशनल मॉडलिंग और नीति अध्ययन को एक साथ जोड़कर खनन, स्वच्छ ऊर्जा और औद्योगिक डी-कार्बोनाइजेशन जैसी जटिल चुनौतियों पर काम किया जा रहा है।

प्रयोगशालाओं में खनिजों की पहचान, प्रसंस्करण को बेहतर बनाने, मॉडलिंग और इमेजिंग से जुड़ी आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इन दौरान यह बताया गया की कैसे प्रारंभिक स्तर के शोध को औद्योगिक स्तर के उपयोग में बदला जा सकता है। चर्चा का मुख्य विषय यह रहा कि इस तरह की तकनीकें झारखंड जैसे संसाधन-समृद्ध राज्यों को केवल खनन तक सीमित न रखते हुए मूल्य वैल्यू एडिशन की दिशा में आगे बढ़ने में कैसे मदद कर सकती हैं।

इस दौरे के माध्यम से झारखंड ने अग्रणी वैश्विक संस्थानों के साथ दीर्घकालिक शैक्षणिक और शोध साझेदारी की अपनी मंशा को दोहराया। इसमें तकनीकी विकास, कौशल निर्माण और संस्थागत क्षमता बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों द्वारा इम्पीरियल कॉलेज के साथ भी बातचीत की गई, ताकि झारखंड में क्रिटिकल मिनरल्स और माइनिंग साइंसेज के क्षेत्र में एक Centre of Excellence स्थापित करने की दिशा में पहल की जा सके। यह यात्रा झारखंड को क्रिटिकल मिनरल्स, उन्नत विनिर्माण और सतत औद्योगिक विकास के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### नवीन जिंदल ग्रुप ने झारखंड में इस्पात स्वच्छ ऊर्जा और कौशल विकास पर दिखाई रुचि



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से लंदन में नवीन जिंदल समूह के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। यह भेंट रांची में दो जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री से नवीन जिंदल से हुई बातचीत को आगे बढ़ाते हुए नवीन जिंदल समूह और झारखंड सरकार के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान इस्पात (स्टील), स्वच्छ ऊर्जा, कौशल प्रशिक्षण और सतत विकास जैसे विषयों पर विशेष रूप से बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने झारखंड में सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। नवीन जिंदल समूह ने झारखंड में इस्पात उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा और बिजली ढांचे के क्षेत्र में संभावित निवेश को लेकर रुचि दिखाई। यह पहल भारत के कम कार्बन अर्थव्यवस्था की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अनुरूप है। बैठक में मरांग गोमके छात्रवृत्ति योजना की सराहना करते हुए नवीन जिंदल समूह ने कौशल शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की। इसके अंतर्गत झारखंड के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति सहायता, प्रशिक्षण कार्यक्रम और क्षमता निर्माण की योजनाओं पर विचार किया गया। इसके साथ ही युवाओं को बेहतर अवसर देने के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थानों की क्षमता बढ़ाने पर भी सहमति बनी। यह सहयोग झारखंड में रोजगार के नए अवसर, हरित ऊर्जा, और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में 61 हजार युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 18वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 61 हजार से अधिक युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि नया साल युवाओं के जीवन में खुशियों का नया अध्याय लेकर आया है। यह नियुक्ति पत्र केवल नौकरी का दस्तावेज नहीं बल्कि विकसित भारत के निर्माण के लिए एक 'संकल्प पत्र' है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश के 61 हजार से अधिक युवा अपने जीवन की नई शुरूआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सेवा में शामिल होना, राष्ट्रसेवा और संविधान के प्रति जिम्मेदारियों को निभाने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समय युवाओं को संविधान से जुड़ने और अपने कर्तव्यों को समझने का है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जनवरी माह के राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि देश इस समय गणतंत्र पर्व के वातावरण में है। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया गया, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है। उन्होंने बताया कि इसी कालखंड में 'जन गण मन' को राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम' को राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया गया था, जिससे इस दिन का महत्व और बढ़ जाता है। मोदी ने कहा कि रोजगार मेला बीते वर्षों में एक संस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। इसके माध्यम से लाखों युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता रही है, इसी उद्देश्य से मिशन मोड में रोजगार मेले की शुरूआत की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। सरकार का निरंतर प्रयास है कि देश और विदेश दोनों जगह भारतीय युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हों। उन्होंने बताया कि भारत सरकार कई देशों के साथ ट्रेड और मोबिलिटी एग्रीमेंट कर रही है, जिससे भारतीय युवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर रोजगार और पेशेवर अवसर बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने आधुनिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश किया है। सड़क, रेल, हवाई अड्डे, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में हुए विकास से निर्माण और उससे जुड़े हर सेक्टर में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

# सारंडा में नक्सली आत्मसमर्पण करें या कड़े प्रहार के लिए रहें तैयार : डीजीपी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : झारखंड के दुर्गम सारंडा जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी के बाद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदशा मिश्रा ने कहा है कि सारंडा बहुत जल्द पूरी तरह नक्सल मुक्त हो जाएगा। चाईबासा में शनिवार को आयोजित विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीजीपी ने इसे राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से अबतक की सबसे बड़ी और निर्णायक सफलता करार दिया। डीजीपी तदशा मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई केवल एक मुठभेड़ तक सीमित नहीं थी, बल्कि नक्सली संगठनों के शीर्ष नेतृत्व और उनके पूरे नेटवर्क पर सीधा और रणनीतिक प्रहार था। खुफिया एजेंसियों से प्राप्त ठोस जानकारी के आधार पर छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुमडीह और बहवा इलाकों में सुरक्षा बलों ने व्यापक घेराबंदी की थी। 22 और 23 जनवरी की रात से शुरू हुई इस कार्रवाई में कई दौर की मुठभेड़ हुई, जिसमें झारखंड पुलिस, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला।

डीजीपी ने बताया कि इस ऑपरेशन में एक करोड़ के इनामी कुख्यात नक्सली अनल उर्फ पतिराम मांझी और 25 लाख के इनामी अनमोल का सफाया हुआ, जो नक्सली संगठनों के लिए भारी झटका है। उन्होंने जवानों की साहसिक और अनुशासित कार्रवाई को राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया। डीजीपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नक्सलियों के पास अब केवल दो ही विकल्प बचे हैं, आत्मसमर्पण या कानून के कड़े प्रहार के लिए तैयार रहना। उन्होंने बताया कि इस अभियान में अब तक 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार, जिनमें एके-47 और इंसास राइफलें शामिल हैं, भी जब्त की हैं।

# आईसीसी ने बांग्लादेश को दिखाया आईना! भारी ड्रामे के बाद टी20 विश्व कप से किया बाहर, स्कॉटलैंड की एंट्री



एजेंसी

**दुबई / नयी दिल्ली** : आईसीसी ने बांग्लादेश को आईना दिखाते हुए टी20 विश्व कप 2026 से बाहर कर दिया है। शनिवार को आईसीसी ने आधिकारिक पत्र जारी कर बांग्लादेश को बाहर करने का फैसला सुनाया। चार जनवरी से चले आ रहे हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद आखिरकार बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को बड़ा झटका लगा है। इससे बोर्ड के साथ-साथ वहां के खिलाड़ियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। न्यूज के मुताबिक, आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को आधिकारिक तौर पर जानकारी दे दी है कि उन्हें टी20 विश्व कप से बाहर किया जा चुका है और स्कॉटलैंड से रिप्लेस किया गया है। बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में भारत का दौरा करने से मना किया था और सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था। यह पूरा मामला मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर करने के बाद उठा था।

शुक्रवार को ही भेजा गया था मेल न्यूज के मुताबिक, वरिष्ठ आईसीसी अधिकारियों में अध्यक्ष जय शाह सहित कई अधिकारी शुक्रवार को दुबई में थे और देर शाम बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को एक ईमेल भेजा गया, जिसमें वैश्विक संस्था का निर्णय बताया गया। आईसीसी के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी को गोपनीयता की शर्त पर बताया, 'पिछली शाम एक ईमेल बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन को भेजा गया, जिसमें सूचित किया गया कि 24 घंटे की जो डेडलाइन उन्हें भारत आने पर फैसला करने के लिए दी गई थी, उस पर बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर आईसीसी को जवाब नहीं दिया। इसलिए निर्णय लिया जा चुका है।' मौजूदा शेड्यूल के मुताबिक, बांग्लादेश को अपने लीग मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेलने थे। लेकिन अब उसकी जगह स्कॉटलैंड ग्रुप सी का हिस्सा बन गया है और कार्यक्रम के अनुसार तय मुकाबले खेलेगा। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अन्य टीम को मौका मिला है। साल 2009 में जब जिम्बाब्वे ने इंग्लैंड में हुए टी20 विश्व कप से हटने का निर्णय लिया था, तब स्कॉटलैंड को शामिल किया गया था। अब बांग्लादेश ने अपनी जिद पर कायम रहते हुए टी20 विश्व कप के मुकाबले भारत में खेलने से इनकार किया है, तो उसकी जगह रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को शामिल कर दिया गया है।




PR- 371512 (Transport) 25-26

## एक नजर

### निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज के डायवर्सन मार्ग पर हादसा, एक मजदूर की मौत

**जामताड़ा :** जिले के कमाटांड़ थाना क्षेत्र में पिंडारी फाटक के पास निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज के डायवर्सन मार्ग पर बीती रात एक हादसा हुआ है। जिसमें एक बाइक सवार मजदूर दुर्घटना का शिकार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद आज शनिवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के शव को सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए, मुआवजे की मांग की। सड़क जाम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की। मृतक की पहचान कमाटांड़ निवासी गुड्डू रवानी के रूप में हुई। जो पंडाल निर्माण का कार्य करते थे। उनके परिवार में दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक 2 महीने का बेटा और एक 3 साल की बेटी है। जानकारी के मुताबिक, डायवर्जन मार्ग का निर्माण कार्य पिछले एक साल से चल रहा है, लेकिन न तो मार्ग में कोई बैरेकेडिंग या चेतावनी बोर्ड लगाया गया है न ही कोई रेडियम रिफ्लेक्टर लगाया गया है। अंधेरे में डायवर्सन मार्ग की जानकारी नहीं मिलती है, जिससे बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं। मुख्य मार्ग पर गड्ढा किया गया, लेकिन कोई बैरेकेडिंग नहीं लगाया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आरओबी का शिलान्यास 6 साल पहले हुआ था, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

### उपायुक्त और एसएसपी ने किया परेड के पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण



**धनबाद :** गोल्फ ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर शनिवार को परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया एवं तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न प्लाटून ने आकर्षक और भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पुलिस जवानों की ओर से परेड की तैयारियां बेहतर तरीके से की गई है। परेड के दौरान किसी प्रकार की त्रुटियां न रहे, इसके लिए सभी को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर और सटीक तैयारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, मंच सज्जा और अतिथियों के स्वागत से संबंधित सभी व्यवस्था उच्च स्तर की होनी चाहिए। वहीं एसएसपी ने परेड में भाग लेने वाले प्लाटून का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान और गर्व के साथ परेड में भाग लेने को कहा। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में पूर्वाह्न 9 बजे उपायुक्त झंडोत्तोलन करेंगे। इसके बाद धनबाद समाहरणालय में सुबह 10 .30 बजे पूर्वाह्न, मिश्रित भवन में सुबह 10 .45 बजे, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 10 .50 बजे पूर्वाह्न, रेड क्रॉस सोसाइटी में 11 बजे, पुलिस लाइन धनबाद में 11.10 बजे, गांधी सेवा सदन में 11.30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।

# चौपारण के केबीएसएस उच्च विद्यालय में नि:शुल्क स्मार्ट क्लास का हुआ शुभारंभ

▸ सांसद के नेतृत्व में बैंक ऑफ इंडिया की सीएसआर योजना से ग्रामीण छात्रों को मिली डिजिटल शिक्षा की सौगात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद मनीष जयसवाल के नेतृत्व में हजारीबाग जिला अंतर्गत के.बी.एस.एस. प्लस 2 उच्च विद्यालय, चौपारण के परिसर में बैंक ऑफ इंडिया की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत तीन नि:शुल्क स्मार्ट क्लास के अधिष्ठापन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कालीचरण राम ने की, जबकि संचालन विद्यालय के शिक्षक वर्मा जी द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया एवं विकसित भारत के संकल्प से प्रेरित होकर आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। अपने संदेश में हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति एवं सक्रिय सहभागिता इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास से जुड़े अनेक जनकल्याणकारी कार्य व्यापक स्तर पर किए जाएंगे, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँच सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने अपने संबोधन में कहा कि इस पहल का प्राथमिक लक्ष्य विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने में आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना है, ताकि वे तकनीकी रूप से सशक्त बन सकें और देश के उज्ज्वल भविष्य में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार ही विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। इस अवसर पर सह सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान एवं विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने भी सभा को संबोधित किया। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने कहा कि एक पिछड़े एवं ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की आधुनिक शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होंने इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सांसद मनीष जयसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा स्मार्ट क्लासेज का विधिवत उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर डागरा साहब, मार्केटिंग मैनेजर मनोज कविराज, चौपारण मध्य के सांसद प्रतिनिधि रिशु वर्णवाल तथा चौपारण मध्य के मंडल अध्यक्ष रेवा शंकर साव उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण एवं शिक्षा के प्रति नई उम्मीदों के साथ किया गया।

## वेक्टर क्लासेस की ओर से माता सरस्वती की भावपूर्ण विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** वेक्टर क्लासेस के छात्रों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हर्ष, उल्लास और भावुकता के साथ विदाई की। छात्रों ने माता से 'अगले बरस जल्दी आना' की प्रार्थना की और भावुक होकर विदा किया। इस पवित्र अवसर पर आयोजित भंडारे में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सैकड़ों छात्रों, शिक्षक अभिभावकों तथा स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विशेष योगदान के रूप में साक्षी सिंह, उत्कर्ष गुप्ता, शिल्पी कुमारी, दिव्या कुमारी, कृति, नशरीन, अंतिम, कल्पना कुमारी, मोनिका, स्नेह, रिया, विवेक, मणि, आराध्या, गायत्री, काजल, ज्योति कुमारी, कार्तिक साव, पायल कुमारी, सोनम कुमारी, खुशबू कुमारी, शिम्पी, श्वेता कुमारी सहित सैकड़ों छात्रों ने इस आयोजन को यादगार बनाया। शिक्षकों एवं प्रबंधन की भूमिका निदेशक दीपक गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी शिक्षकों जिनमें मुख्य रूप से दामोदर शर्मा, सुरेन्द्र मंडल, राजेश कुमार, रोशन आलम, बबलू गुप्ता ने पूरे उत्सव को सुचारु रूप से संचालित किया। विदाई के इस पावन पल ने सभी में ज्ञान की देवी मां सरस्वती के प्रति गहरी आस्था, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

## स्नातकोत्तर रसायन विभाग में पर्यावरण चुनौतियों व शमन पर व्याख्यान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** स्नातकोत्तर रसायन विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के आर्यभट्ट सभागार मे शनिवार 24 जनवरी को एक व्याख्यान आयोजित की गई। व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रो एस. एस. एम महाविद्यालय, नागपुर से आये रसायन के प्रो जे आर दोन्तुलवर थे। अपने ओजस्वी सम्बोधन से विश्व में हो रही पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापिकरण, वायु व जल प्रदुषण इत्यादि का जिक्र किया और कहा कि ये सारी समस्या मानव जनित है। यह सीधे तौर से घरेलू सकल उत्पाद यानि अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा इसका मुख्य कारण विचार प्रदुषण है, और इसका शमन पर्यावरण सन्तुलन हेतू नैतिक मूल्यों और विचारों के परिष्कार से ही सम्भव है। वक्ता ने पर्यावरण के महत्व से अपनी संबोधन की शुरूआत की और उन्होंने काफी विस्तार पूर्वक जीवन के मूल्यों को पर्यावरण के साथ जोड़ कर सबके सामने रखा। उन्होंने जल प्रदूषण से होने वाले हानिकर बातों पर चर्चा की एवं विद्यार्थियों को वाटर फिल्टर मशीन का वैकल्पिक ढूंढने को कहा जिससे कि पानी को साफ किया जा सके और स्वच्छ पानी का प्रयोग किया जा सके।

## सरस्वती विद्या पीठ पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में कोनरा बरही में संचालित सरस्वती विद्या पीठ पब्लिक स्कूल में शनिवार देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथिराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सह अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर कृष्णा प्रजापति, विद्यालय के निदेशक गौरव शर्मा, प्राचार्य गौतम कुमार शर्मा, रुपेश शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवल्लित कर किया। सभी अतिथियों को बुके एवं अंगवस्त्र के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया। मौके पर विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर गीत संगीत की प्रस्तुति दी। बच्चों ने अभिनय कर भगवान बिरसा मुंडा का स्वतंत्रता संग्रह में उनके योगदान को दशार्या। बच्चों ने राधा कृष्ण, क्षत्रपति शिवाजी महाराज की झांकी की प्रस्तुति पेश कर उपस्थित लोगों का मन जीत लिया। संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा की छोटे छोटे बच्चों के द्वारा की गई प्रस्तुति मन मोहक रही। इस विद्यालय के बच्चों में काफी प्रतिभा है। कहा की शिक्षा वह कुंजी है जिसके माध्यम से भाग्य से जुड़े हर ताले खुलते हैं। कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर किया गया मेहनत कभी बेकार नहीं होता। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारण करने एवं उसमें तन मन से प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर इसी विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र दीपक यादव को सेना के सैनिक बनने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गौतम शर्मा एवं रानी कुमारी ने की। मौके पर स्कूल के टीचर्स विजय केशरी, माया शर्मा, पिंकी कुमारी, रेखा, मुस्कान, प्रदीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मौके पर कुमकुम कुमारी, सोना कुमारी, पवन रजक, सानिया कुमारी, परी कुमारी , पवन कुमार, विक्रम कुमार, गुंजन कुमारी, सोनम कुमारी, हार्दिक रजक, महिमा कुमारी, अमित कुमार, विपुल कुमार व शिक्षक में विजय केशरी, मयंक भास्कर, श्वेता बर्णवाल, पिंकी कुमारी, रानी, कुमारी, गायत्री देवी, खुशबू कुमारी, विक्रम पंडित एवं सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

## वर्चस्व को लेकर बीसीसीएल कर्मियों पर जानलेवा हमला, दो गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्वकर्मा प्रोजेक्ट में शनिवार को लगभग 40 की संख्या में पहुंचे असामाजिक तत्वों ने बीसीसीएल के कांटा घर में वर्चस्व को लेकर हाजिरी घर के समीप बीसीसीएल कर्मियों पर लाठी-डंडे से अचानक हमला कर दिया। इस हमले में बीसीसीएल में ड्रिल हेल्पर के पद पर कार्यरत देवेंद्र रावत और काटा बाबू दीपक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर अचानक मौके पर पहुंचे और देवेंद्र रावत पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। हमले में देवेंद्र के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, इसके बाद उनके सिर में 7 से 8 टांके लगाए गए हैं। उसके बाद काटा बाबू दीपक कुमार को भी हमलावरों ने बेरहमी से पीट दिया, जिससे वे भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे प्रोजेक्ट क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में दोनों घायलों को बीसीसीएल प्रबंधन की मदद से धनबाद के सेंट्रल हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां दोनों का इलाज जारी है। इस संबंध में विश्वकर्मा प्रोजेक्ट के फोरमैन इंचार्ज कुंवर सिंह ने बताया कि शाम में अचानक करीब 40 की संख्या में लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और कांटा घर के पास मौजूद देवेंद्र रावत और दीपक कुमार पर जोरदार हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक हमलावर घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो चुके थे। घटना की सूचना तुरंत धनसार थाना को दी गई, इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मुंबई के मीरा रोड में श्रद्धा एवं भक्ति से मनाई गई सरस्वती पूजा उत्सव, भंडारा एवं गीत संगीत की हुई प्रस्तुति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर नव झारखंड फाउंडेशन एवं मां सरस्वती पूजा फाउंडेशन के तत्वाधान में मुंबई की मीरा रोड में भव्य, विशाल सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। यह आयोजन नव झारखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा, सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर झा, पूजा समिति के कोषाध्यक्ष तुलेश्वर यादव गोरिया कर्मा, मार्गदर्शक सुरेंद्र गुप्ता, त्रिलोकी यादव, राजेश सिंह, नरेश यादव पेटुला चौपारण, केदार साव के संयुक्त प्रयासों से सफल हुआ।सरस्वती पूजा एवं सरस्वती मां की मूर्ति की स्थापना एवं सरस्वती मां की आरती में हजारों भक्तों ने भाग लिया। गीत, भजन, संगीत कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों के लिए प्रसाद एवं महाप्रसाद भंडारा की भी शानदार व्यवस्था रखी गई । सरस्वती पूजा का सबसे बड़ा आकर्षण फिल्म बॉलीवुड के टीवी के सुपर स्टार एवं फिल्मस्टार सुदेश बैरी,अमित घनश्याम, जूनियर धर्मेंद्र रोहित प्यारे आदि कॉमेडियन की प्रस्तुति रही। भोजपुरी फिल्मों के निमार्ता प्रवीण जी टीवी हिंदी -मराठी फिल्म डायरेक्टर महेंद्र देवलेकर और फिल्म प्रोड्यूसर बंटी श्रीवास्तव,पलेबैक सिंगर अमर कुमार, अभिनेत्री सविता गोयल उपस्थिति ने सरस्वती पूजा में माहौल खुशनुमा कर दिया । आए हुए सभी भक्तों ने बॉलीवुड हस्तियों के साथ फोटो सेल्फी लेकर आनंद उत्साह दिखाया बॉलीवुड स्टार सुदेश बैरी जी ने अपनी बॉर्डर और वंश के डायलॉग से पूरे पंडाल में समा बांध दिया। स्टेज का संचालन बॉलीवुड एक्टर अमित घनश्याम जी ने किया। नव झारखंड फाउंडडशन के अध्यक्ष किशोरी राणा जी और सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर झा, सुरेंद्र गुप्ता एवं तुलेश्वर यादव ने और सभी बॉलीवुड सेलिब्रेटी का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ से स्वागत सत्कार किया । सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर राजनीति जगत से कई नगरसेवक एवं संस्था के पद अधिकारीयों का भी सत्कार किया गया कुल मिलाकर बहुत भाव और शानदार प्रोग्राम रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में किशोरी राणा, सुरेंद्र गुप्ता, तुलेश्वर यादव, नरेश साव, केदार साव, त्रिलोकी यादव, युगल किशोर कुशवाहा, सुनील सिंह सहित समिति का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### केरेडारी में कपूर्री ठाकुर की 102 जयंती का कार्यक्रम हुआ संपन्न



**केरेडारी :** प्रखंड नाई समाज के तत्वावधान में पंचायत भवन केरेडारी में भारत रत्न जन नायक कपूर्री ठाकुर की 102 जयंती समारोह धूम धाम से मनाई गई। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव व नाय समाज के प्रखंड अध्यक्ष कोलेश्वर ठाकुर उपध्यक्ष दिनेश ठाकुर कोषाध्यक्ष रोहन ठाकुर ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। मौके पर कहा कि समस्त भारत मे कपूर्री ठाकुर ने लोगो को मुख्य धारा में खड़ा किया है,साथ ही शिक्षा के प्रति अग्रसर किया है।आगे कहा कि वह एक समाजवादी नेता थे,दबे कुचले की आवाज बनकर जेपी आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाया है। मौके पर केरेडारी पंचायत सचिव रोहित राज बिकास ठाकुर,अशेश्वर ठाकुर,गुडू कुमार,अमर ठाकुर,मुकेश ठाकुर,अनुज ठाकुर,उज्जवल ठाकुर,नीतेश ठाकुर,लव कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग में सरस्वती पूजन हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न



**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग,हजारीबाग मे माता सरस्वती की पूजा अर्चना पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा, विद्यालय के आचार्य बंधु-भगिनी एवं भैया-बहन पूजा में सम्मिलित हुए। विद्यालय के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, सह सचिव सौरभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बादल गोयल, सदस्य दीपक खंडेलवाल सहित समिति के अन्य पदाधिकारीगण सरस्वती पूजन में सम्मिलित हुए। माता सरस्वती की पूजा अर्चना पूरे भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। शनिवार को सरस्वती पूजा के दूसरे दिन मां भगवती की पूजा अर्चना,हवन के पश्चात मां सरस्वती को नम आंखों से विदाई देते हुए मूर्ति विसर्जन किया गया। इस अवसर पर सभी आचार्य बंधु- भगिनी, भैया-बहन अभिभावकगण उपस्थित थे।

### भामाशाह स्कूल के दशम के भइया बहनों दी गई भावभीनी विदाई



**बरही :** बरही के भामाशाह स्कूल में शनिवार को दशम के भाइया बहनों को भावभीनी विदाई एवं सुभाष चन्द्र बोस की जंयती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार एवं दशम के भैया बहनों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में दशम के भैया बहनों की कार्यकाल की बात कक्षाचार्य मनीष जी ने रखा वहीं वरिष्ठ आचार्य संजीव जी ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला।विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने दशम के भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने इस विद्यालय से ज्ञान,संस्कार और अनुशासन सीखा है,वही आपके जीवन की असली पूँजी है। सफलता केवल बडे पद या अधिक अंक पाने से नहीं मिलती बल्कि एक अच्छे नागरिक बनने से मिलती है इसलिए आप सभी जहाँ भी जाओ अपने विद्यालय का नाम रौशन करना। उन्होंने विदाई के दौरान सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना किए।भैया बहन प्रतियोगिता मे भी उत्साह पूर्वक भाग लिया।प्रभारी आचार्य राजू जी ने भैया बहन के उज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का मंच संचालन निर्भय जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जूली जी ने किया। स्नेह भेंट देकर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### चतरो में डीएमएफटी फंड से होगा पुल निर्माण जिप उपाध्यक्ष ने स्थल का किया निरीक्षण



**बरही :** चतरो गांव में डीएमएफटी मद से प्रस्तावित पुल का निर्माण होगा। पुल निर्माण को लेकर तैयारी तेज हो गई हैं। पुल निर्माण के जनहितकारी योजना को धरातल पर लाने में मुखिया, जिला परिषद के उपाध्यक्ष, विधायक और सांसद का सहयोग रहा है। पुल निर्माण की मांग वर्षो से क्षेत्र के लोग करते आ रहे थे। शनिवार को जिला परिषद के उपाध्यक्ष ने चतरो में पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष किशुन यादव ने ग्रामीणों को बताया कि पुराने पुल को सुरक्षित रखते हुए उसके बगल से नए पुल का निर्माण कराया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य के दौरान आमलोगों का आवागमन बाधित न हो। पुल निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं व्यापार से जुड़ी गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। स्थल निरीक्षण के मौके पर सीताराम यादव, जितेंद्र पंडित, चंद्रिका यादव, महादेव यादव, रामेश्वर ठाकुर एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### सेंट्रल एकेडमी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रांची :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहके तहत शनिवार को जिला परिवहन विभाग की ओर से बरियातू स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत स्कूल के बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में एवं रिलेशंस के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सजग करना था। प्रभात फेरी को जिला रोड इंजीनियर एनालिस्ट गौरव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर गौरव कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियमों का पालन बेहद जरूरी है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। साथ ही नेक नागरिक योजना की जानकारी देते हुए दुर्घटना में घायलों को त्वरित सहायता पहुंचाने की अपील की गई। इस दौरान बच्चों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीड से बचने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, स्कूल की प्राचार्या सूतापा भट्टाचार्य, शिक्षक पंकज कुमार सिंह सहित अंकिता चौरसिया, टीकू कुमार रजक सहित गणमान्य मौजूद थे।

### स्पीकर ने पूर्व विधायक रामचंद्र नायक के निधन पर जताया शोक

**रांची :** भाजपा के पूर्व विधायक रामचंद्र नायक का आकस्मिक निधन उनके कांके स्थति आवास पर शुक्रवार की देर रात को हृदयगति रूकने से हो गया। उनके निधन से भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। नायक के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) रबींद्र नाथ महतो ने शनिवार को गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश उन्होंने कहा कि रामचंद्र नायक का निधन झारखंड की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक सरल, जनसमर्पित और कर्मठ जनप्रतिनिधि थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए निरंतर प्रयास किया। स्पीकर ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य और सहन शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा विधानसभा परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।

### झारखंड में अनाथ और एकल अभिभावक की बेटियों के लिए खुलेंगे आवासीय विद्यालय

**रांची :** झारखंड की अनाथ एवं एकल अभिभावक के साथ रहने वाली 6 से 10 वर्ष आयु की बेटियों को अब शिक्षा से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। राज्य सरकार की पहल पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने सभी जिलों में बालिकाओं के लिए अनाथ आवासीय विद्यालय खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। जेईपीसी ने सभी जिलों से ऐसी बच्चियों का विवरण माँगा है। छात्राओं की सूची प्राप्त होने के बाद संबंधित जिलों में नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय (अनाथ) विद्यालय की स्थापना की जाएगी। यह निर्णय लोकसभा सचिवालय की स्टैंडिंग कमेटी ऑन लेबर, टेक्सटाइल एंड स्किल डेवलपमेंट की अनुशंसा के आधार पर लिया गया है। फिलहाल राज्य में रांची और पश्चिमी सिंहभूम जिले में बालिकाओं के लिए एक-एक अनाथ आवासीय विद्यालय संचालित हो रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आगामी बजट में नए विद्यालयों के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जाने की तैयारी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में पहले से बालकों के लिए ऐसे विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

# हिंदू किसी पूजा पद्धति का नाम नहीं बल्कि जीवन जीने की है एक पद्धति : मोहन भागवत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आदिवासी समाज और हिंदू समाज अलग नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू किसी पूजा पद्धति का नाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है, जिसमें विविधताओं के बावजूद एकता का भाव निहित है। हजारों वर्षों से भारत की सभ्यता जंगल, खेती और प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ी है और वेदों एवं उपनिषदों का मूल भी इसी जीवन पद्धति से जुड़ा हुआ है। वे शनिवार को रांची में जनजातीय संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में झारखंड सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आए जनजातीय समाज के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मोहन भागवत ने कहा कि पृथ्वी माता सभी भाषाओं, संस्कृतियों और समुदायों का पालन करने वाली है, इसलिए विविधता का सम्मान करना हमारी परंपरा है। धर्म का मूल अर्थ सत्य, सेवा, परोपकार और संयम है। समाज जब भोग और स्वार्थ में उलझ गया, तब आपसी मतभेद बढ़े और बाहरी आक्रांताओं ने इसका लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि विश्व में एक ही धर्म है, मानव धर्म, और वही हिंदू धर्म का मूल स्वरूप है। जनजातीय समाज को चेताते हुए कहा कि यदि समाज बंटेगा तो कमजोर होगा और यदि एकजुट रहेगा तो कोई शक्ति उसे नुकसान नहीं पहुंचा सकती। उन्होंने सरना को पूजा पद्धति बताते हुए कहा कि इसे अलग धर्म के रूप में देखना समाज को तोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि संघ का कार्य समाज को जोड़ने का है, न कि विभाजित करने का। मोहन भागवत ने जनजातीय समाज की शिक्षा, रोजगार और सांस्कृतिक संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बच्चों को प्रारंभिक आयु से ही अपनी संस्कृति, परंपरा और गौरव की शिक्षा दी जानी चाहिए। इससे वे कभी भटकेंगे नहीं और यदि भटके भी तो अपनी जड़ों की ओर वापस लौट आएंगे। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जैसे महापुरुष पूरे समाज की धरोहर हैं और उनके विचारों से सभी को परिचित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय भूमि की रक्षा, श्रम करने वालों की प्रतिष्ठा, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और सामाजिक समरसता समय की आवश्यकता है। धर्मांतरण, जमीन हड़पने, सामाजिक शोषण और जनसांख्यिकीय बदलाव जैसी चुनौतियों का सामना संगठित होकर ही किया जा सकता है।

### रांची से पटना रवाना हुए मोहन भागवत



**रांची :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ट्रेन संख्या 18624 हटिया –पटना से रांची से पटना के लिए रवाना हुए। उनकी यात्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। स्टेशन परिसर में सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती दिखी।

## रांची में पत्नी की गोली मारकर हत्या, आरोपी पति फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के मनी टोला में शनिवार दोपहर एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान तरन्नुम उर्फ रानी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि रानी की हत्या उसके ही पति साहेब अंसारी ने की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर के समय साहेब अंसारी के घर से अचानक गोली चलने की आवाज आई। पड़ोसियों के पहुंचने पर साहेब घर से भागते हुए दिखाई दिया। घर के अंदर जाकर लोगों ने देखा कि रानी का शव पड़ा हुआ था और उसके सिर से खून बह रहा था। मामले की जानकारी तुरंत डोरंडा थाने को दी गई। थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद दल बल के साथ मौके पर पहुंचीं और घटना स्थल की जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया। रानी के शव के पास एक पिस्टल भी मिली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि साहेब अंसारी ने हत्या को हादसे का रूप देने का प्रयास किया था। हटिया पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि साहेब अंसारी का किसी महिला के साथ अवैध संबंध था और रानी इसके विरोध में रहती थी। इसी विवाद के चलते शनिवार को दोनों में झगड़ा हुआ और साहेब ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पत्नी की हत्या का आरोपित साहेब अंसारी फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## गणतंत्र दिवस को लेकर रांची में कड़े सुरक्षा इंतजाम, 1500 अतिरिक्त जवान तैनात

- 26 जनवरी को ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव बड़े वाहनों की एंट्री बंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर के संवेदनशील और चिह्नित इलाकों में 1500 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लॉज, हॉस्टल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस प्रशासन ने सभी पीसीआर और पेट्रोलिंग वाहनों को लगातार भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) की पांच टीमें रिजर्व रखी गई हैं, जिनमें करीब 200 जवान शामिल हैं। इसके अलावा टीयर गैस पार्टी की चार टीमें भी पूरी तरह अलर्ट मोड में रहेंगी। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने शनिवार को बताया कि गणतंत्र दिवस को लेकर शहर में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। मोरहाबादी स्थित मुख्य आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यहां 40 से अधिक स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाए गए हैं, जिन पर जवानों की तैनाती की गई है। किसी भी वाहन को ड्रॉप गेट के आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। एसएसपी ने बताया कि मोरहाबादी क्षेत्र में कुल 700 जवानों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही चार भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी, छह पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और 17 पुलिस निरीक्षक सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

**ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी की यातायात व्यवस्था में भी व्यापक बदलाव किए गए हैं। यातायात पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि 26 जनवरी को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक शहर में बड़े वाहनों की एंट्री पूरी तरह से बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि कांके की ओर से रांची आने वाले बड़े वाहन बोड़या तक, चाईबासा से खूंटी होकर आने वाले वाहन बिरसा चौक तक, गुमला-सिमडेगा से आने वाले वाहन कटहल मोड़ और आईटीआई तक ही जा सकेंगे। वहीं, जमशेदपुर की ओर से आने वाले बड़े वाहन दुर्गा सोरेन चौक और सदाबहार चौक तक सीमित रहेंगे।

## लंदन शॉपिंग सेशन के लिए गणतंत्र दिवस पर्व भी छोड़ने को तैयार मुख्यमंत्री : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की कानून-व्यवस्था, बढ़ते अपराध, बेरोजगारी और कथित घोटालों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला है। सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए मरांडी ने झारखंड की मौजूदा स्थिति को चिंताजनक बताया और मुख्यमंत्री से आत्ममंथन करने की अपील की है। बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को अपने पोस्ट में लिखा कि एक बैठक का एंट्री कार्ड मिलने पर फूले नहीं समाने वाले मुख्यमंत्री को कभी झारखंड की बदहाल स्थिति पर भी शर्म करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की नाकामी और निकम्मेपन की कीमत राज्य की जनता रोज चुका रही है। झारखंड को हर दिन नए जख्म मिल रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को केवल व्हाइट बैज, महंगे कोट-मफलर और फोटो सेशन की चिंता है। मरांडी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें यह सुनने में आया है कि मुख्यमंत्री ने लंदन शॉपिंग सेशन के लिए अपनी विदेश यात्रा को और बढ़ा लिया है और इस बार गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व से भी दूरी बनाने की तैयारी है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जब राज्य गंभीर संकटों से गुजर रहा है, तब मुख्यमंत्री विदेश भ्रमण में व्यस्त हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि जमशेदपुर से अपहत व्यवसायी के पुत्र का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। सोमा मुंडा के हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस उन्हें पकड़ने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य का युवा रोजगार और नौकरी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है, लेकिन सरकार के पास कोई ठोस योजना नहीं है। मरांडी ने राज्य में अवैध खनन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बालू, पत्थर और कोयला जैसे खनिजों की खुलेआम लूट मची हुई है। पहले शराब घोटाला सामने आया और अब उस घोटाले की जांच में ही घोटाले की बातें सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासियों की जमीन पर लगातार कब्जा किया जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

## झारखंड के मौसम में उतार-चढ़ाव जारी कांके में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य भर में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। राजधानी रांची के कांके में अभी भी न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस है, जबकि डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री पहुंच गया है। इससे डाल्टनगंज के लोगों को दिन में भारी गर्मी का एहसास हो रहा है। हालांकि यहां शाम होते ही ठंड महसूस हो रही है। इसके चलते शनिवार को यहां न्यूनतम तापमान आठ डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तरी पंजाब और आसपास के इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही उत्तरी राज्यों में हो रही बर्फबारी के कारण देश के मैदानी और मध्यवर्ती भागों में ठंडी हवाएं फिर से चलने लगी हैं। इसके कारण तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 31.2 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम तापमान 5.7 डिग्री रांची के कांके में रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिनभर मौसम साफ रहा और मध्यम दर्जे की हवा चली। इसके कारण लोगों को दिन में कनकनी महसूस हुई। वहीं, शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री और न्यूनतम 10 डिग्री डाल्टनगंज में अधिकतम 29 डिग्री और न्यूनतम 11.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 31.2 और न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री और 9.1 डिग्री सेल्सियस एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# झारखंड प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में राज्य के समृद्ध महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों को किया रेखांकित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिज संभावनाओं पर केंद्रित एक उच्चस्तरीय बैठक आज लंदन के बकिंघम गेट में आयोजित की गई। इस बैठक में यूनाइटेड किंगडम और यूरोप के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि तथा संस्थागत हितधारक शामिल हुए। बैठक के दौरान झारखंड में उपलब्ध लिथियम, ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, टाइटेनियम, वैनाडियम, पोटाश, तांबा एवं सोना जैसे महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों पर प्रकाश डाला गया। ये खनिज स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, उन्नत विनिर्माण तथा वैश्विक रणनीतिक उद्योगों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। झारखंड सरकार के अधिकारियों द्वारा राज्य की भूवैज्ञानिक संभावनाओं, चल रही खनिज अन्वेषण गतिविधियों तथा सतत एवं जिम्मेदार खनन को प्रोत्साहित करने हेतु हालिया नीतिगत एवं विनियामक सुधारों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। विशेष रूप से कोडरमा-गिरिडीह अभ्रक क्षेत्र, पलामू ग्रेफाइट ब्लॉक्स, सिंहभूम खनिज पट्टियाँ तथा कोयला एवं लौह-अयस्क से समृद्ध क्षेत्रों में निहित महत्वपूर्ण खनिज संभावनाओं पर बल दिया गया। चर्चा के दौरान भारत की महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करने, राष्ट्रीय ऊर्जा संक्रमण लक्ष्यों को समर्थन देने तथा सुरक्षित, विविधीकृत और लचीली वैश्विक खनिज आपूर्ति सुनिश्चित करने में झारखंड की रणनीतिक भूमिका को रेखांकित किया गया। साथ ही अन्वेषण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, अनुसंधान, बेनिफिशिएशन एवं मूल्य संवर्धन के क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों ने पारदर्शिता, व्यापार करने में सुगमता तथा महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों में आत्मनिर्भरता की भारत सरकार की व्यापक दृष्टि के अनुरूप झारखंड के प्रगतिशील दृष्टिकोण का स्वागत किया। बैठक का समापन झारखंड और वैश्विक साझेदारों के बीच महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में सहयोग को और सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ। झारखंड सरकार ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्थानीय समुदायों के हितों की रक्षा करते हुए सतत खनन पद्धतियों को अपनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस बैठक में अपर मुख्य सचिव वंदना डाडेल, निदेशक राहुल कुमार सिन्हा, प्रो. मुकेश, प्रो. पॉल एंडरसन, डॉ. जेफ टाउनसेंड, संस्थापक, क्रिटिकल मिनरल्स एसोसिएशन, रिचर्ड ओल्डकॉर्न, निदेशक, एसआरके कंसल्टिंग सहित यूनाइटेड किंगडम के अनेक अन्य हितधारक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री इरफान अंसारी ने इमरान प्रतापगढ़ी से की मुलाकात



**रांची :** मंत्री इरफान अंसारी ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शनिवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इसमें समसामयिक राजनीतिक हालात और अल्पसंख्यक समाज से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस संबंध में मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से वार्ता के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि वर्तमान समय में अल्पसंख्यक समाज को संगठित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को भ्रमित कर समाज में विभाजन की राजनीति कर रही है, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को क्षति पहुंच रही है। इसके अलावे चर्चा में, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में अल्पसंख्यक समाज की स्थिति का आकलन करने और जमीनी स्तर तक पहुंचकर संगठन को मजबूत करने पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने अल्पसंख्यक समुदाय से अपील किया कि वे सेक्युलर और लोकतांत्रिक विचारधारा को मजबूत करें। मौके पर इरफान अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान दिया है।

### एचईसी प्रबंधन कर्मियों को एक माह का दे सकता है वेतन : इंटक

**रांची :** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (इंटक) और एचईसी प्रबंधन के बीच शनिवार को एचईसी मुख्यालय में निदेशक (कार्मिक) के साथ बैठक हुई, जिसमें कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में यूनियन के महामंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय संगठन सचिव लीलाधर सिंह ने कहा कि इस माह एचईसी कर्मियों के वेतन भुगतान की प्रबल संभावना बनी है। प्रबंधन की ओर से एक माह का वेतन भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 के वेतन के साथ कर्मचारियों को पे-स्लिप भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, क्वार्टर आवंटन की प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू करने पर सहमति बनी है। पहले अस्थायी कर्मियों के लिए आवंटन होगा और उसके बाद स्थायी कामगारों के लिए भी क्वार्टर आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यूनियन को यह भी आश्वासन दिया गया कि जिन कामगारों ने व्यक्तिगत ऋण लिया है, उनकी ईएमआई वेतन भुगतान से पहले सीधे संबंधित बैंक को भेजी जाएगी, ताकि कर्मचारियों को किसी प्रकार की वित्तीय परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, एलआईसी से जुड़े कर्मचारियों के अंतिम सेटलमेंट की प्रक्रिया भी प्रबंधन द्वारा पूरी की जाएगी। बैठक में सामाजिक दायित्व से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। लीलाधर सिंह ने बताया कि प्रभात तारा स्कूल में अध्ययनरत ऐसे छात्रों को, जिनके पिता का एक वर्ष के भीतर निधन हो गया है, पूर्व की भांति शैक्षणिक शुल्क में रियायत दी जाती रहेगी। इस निर्णय को कर्मचारियों के परिवारों के लिए राहतकारी माना जा रहा है। प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया कि कंपनी की आर्थिक स्थिति में आंशिक सुधार होने के बाद कैंटीन का संचालन पुनः शुरू किया जाएगा। निदेशक (कार्मिक) ने स्पष्ट रूप से कहा कि फिलहाल केंद्र सरकार या बैंकों से किसी अतिरिक्त वित्तीय सहायता की संभावना नहीं है। ऐसे में उत्पादन बढ़ाकर और उत्पादों की बिक्री के माध्यम से ही वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के दौरान यूनियन की ओर से कई लंबित मांगें भी रखी गईं, जिनमें वेतन का नियमित भुगतान, वर्ष 2018 बैच के कर्मचारियों को प्रोन्नति, ठेका कामगारों के बकाया भुगतान तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। यूनियन ने यह भी जानकारी दी कि 26 जनवरी को कार्यालय परिसर में झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में प्रबंधन की ओर से मनोज लकड़ा और देवा देवघरिया उपस्थित थे, जबकि यूनियन की ओर से महामंत्री लीलाधर सिंह के साथ राणाप्रताप सिंह, गिरीश चौहान, राजेन्द्र कान्त महतो सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### खाटूनरेश का केसर-चंदन तिलक श्रृंगार भक्तों ने लिया आशीर्वाद



**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया । ज्ञातव्य है कि बसंत पंचमी महास्नान के बाद बाबा श्यामल रूप में भक्तों को दर्शन दे रहे थे। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में मंदिर के आचार्यों संग खाटूनरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। दोपहर 12.15 बजे की आरती के बाद सर्वप्रथम केशर एवं गुलाब जल के मिश्रण से चंदन को घिस कर सुगंधित लिप तैयार किया गया। रूह इत्र की मालिश करने के बाद विधि विधान से बाबा श्याम के मूर्त को सुंदर रूप से सजाया गया। बैंगलोर के से मंगाए गए येलो स्टार गुलबहार की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्री श्याम को नवीन बागा पोशाक पहना कर प्रसाद का भोग लगाया गया।

### नेशनल क्लब कमेटी नया बाजार की ओर से भक्ति जागरण का हुआ आयोजन



**मुरी :** सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर शुक्रवार के दिन नेशनल क्लब कमेटी नया बाजार की ओर से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। धनबाद से आए मां छिन्नमस्तीका जागरण ग्रुप के कलाकारों ने मनमोहन जागरण प्रस्तुत किया। जिससे स्थानीय श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। जागरण में आए कलाकारों ने अनेकों भक्ति गीत गाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस मौके पर राजेश यादव, अरविंद कुमार,सोनू सिंह,राजू लाहा,विद्युत लाहा,मनोज महली, सुमन दत्ता समेत सैकड़ों स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सिल्ली में बंगाली समुदाय ने पूजा अर्चना के बाद बासी भात का किया सेवन

**सिल्ली:** सिल्ली आसपास के क्षेत्र में बंगाली समुदाय के लोगों ने शनिवार के दिन पूजा अर्चना के पश्चात पारंपरिक विधि विधान के साथ बासी भात का सेवन किया। बंगाली समुदाय के लोगों ने बताया कि यह पर्व समाज के आस्था और अस्तित्व से जुड़ा है। इसे बनाने एवं इसके खाने में भी नियम निर्धारित होता है। इस पर्व में बासी भात खाने और खिलाने की भी परंपरा है,जहां अगल-बगल के लोगों को भी आमंत्रित किया जाता है। इसी क्रम में सिल्ली मेन रोड निवासी अर्जित आश के घर में सिल्ली के मुखिया भरत मुंडा,समीर ठाकुर, प्रकाश कुशवाहा,अखिलेश्वर कुम्हार,जीतू रजक इत्यादि लोगों ने पहुंचकर बासी भात प्रसाद को ग्रहण किया।

## एक नजर

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जयनगर में नामांकन प्रक्रिया जारी

**जयनगर :** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जयनगर में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। विद्यालय प्रशासन ने आवेदन की अंतिम तिथि 16 फरवरी 2026 निर्धारित की है। प्रखंड स्तर पर इस वर्ष 50 बालिकाओं का नामांकन लिया जाएगा। नामांकित छात्राओं में से 25 छात्राओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जो 10 मार्च 2026 को संपन्न होगी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन के लिए योग्यताएँ इस प्रकार हैं: दबालिकाएँ कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकती हैं। आवेदक बालिका की आयु एवं शैक्षणिक योग्यता संबंधित कक्षा के अनुरूप होनी चाहिए। एकल अभिभावक, पूर्णनाथ बीपीएल परिवार की छात्राएँ और विशेष आवश्यकता वाली छात्राएँ नामांकन में प्राथमिकता प्राप्त करेंगी। सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की बालिकाओं को प्रोत्साहन मिलेगा, विशेषकर जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आती हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राधा सिंह, आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, पंचायतों के मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग एवं पप्रखंड प्रशासन के कर्मी तथा कस्तूरबा गांधी की छात्राएँ भी उपस्थित रहीं।

### बालिका आवासीय विद्यालय में ऑन ड्यूटी गार्ड को सांप ने डसा, हालत स्थिर

**पाकरटांड :** प्रखंड स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में ऑन ड्यूटी के दौरान आज सुबह करीब 9 बजे गार्ड कर्मी असुन्ता टेटे (निवासी कोबांग मोसो टोली) को नाग सांप ने काट लिया। घटना विद्यालय परिसर में उस समय घटी जब वे अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। घटना के तुरंत बाद घायल गार्ड कर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है और डॉक्टरों की टीम द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सिमडेगा के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान नेताओं ने डॉक्टरों को बेहतर इलाज एवं विशेष देखभाल सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया, ताकि घायल कर्मी को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कुंडलना, जिला सचिव सफीक खान, जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो महिला मोर्चा अध्यक्षा रोस प्रतिमा सोरेंग, केंद्रीय समिति सदस्य नोवास केरकेट्टा, जिला युवा उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, अजय कुमार सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पतिअम्बा माघ जतरा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जलडेगा :** प्रखंड के पतिअम्बा ऐतिहासिक बसंत पंचमी जतरा का आयोजन किया गया। नव युवक संघ पतिअम्बा की और से आयोजित जतरा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पतिअम्बा पंचायत की मुखिया बिमला देवी ने फीता काटकर किया मुखिया बिमला देवी ने कहा जतरा, इंद मेला हमारे पुर्वजों की धरोहर है हमारे पुर्वज सभी हरह के कामों की समाप्ति के बाद मेला जतरा का आयोजन करते थे, इसे संजोना हमारी जिम्मेदारी है। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत झारखण्ड के प्रसिद्ध नागपुरी कलाकार संगीत नाट्य अकादमी पुरुस्कार से सम्मानित जगदीश बड़ाईक ने भक्ति वंदना से की प्रस्तुति से की एवं राम मंदिर पर आधारित गीत चलु देखे राम दरबार हे गाकर दर्शकों को झूमाया।

# सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, जीवन रक्षा का संकल्प है : भूषण बाड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा :** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में शनिवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस जन जागरूकता कार्यक्रम में विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, उपायुक्त कंचन सिंह, एसपी श्रीकांत एस खोटरे सहित जिला स्तर के सभी पदाधिकारी-कर्मी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, पत्रकार एवं आम नागरिक शामिल हुए। मैराथन दौड़ के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का संदेश दिया गया। दौड़ के समापन के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर अपने विचार साझा किए। मौके पर एसी, एसडीपीओ, डीटीओ, डीएसपी, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी सहित जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, रावेल लकड़ा, एजाज अहमद, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन उर्फ अक्षण, लखन गुप्ता, सोनी वर्मा आदि शामिल थे। विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, समाज के हर नागरिक का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि हर साल हजारों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। जिनमें अधिकांश दुर्घटनाएं केवल लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट न लगाना, तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाना, ये सभी हमारे लिए घातक साबित हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आज का युवा ही देश का भविष्य है और यदि युवा सड़क सुरक्षा को गंभीरता से अपनाएंगे तो आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित होंगी। भूषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा जैसे आदिवासी बहुल जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता और भी जरूरी है। ताकि दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोग भी सुरक्षित यात्रा कर सकें। विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा माह व्यवहार में बदलाव लाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हम सभी जल्दबाजी में नियम तोड़ते हैं और फिर उसका खामियाजा दुर्घटना के रूप में भुगतते हैं। यदि हम थोड़ी सावधानी बरत लें तो न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में सड़क सुरक्षा के संदेशवाहक बनें और दूसरों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की हुई समीक्षा बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** शनिवार को जयनगर में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राधा सिंह, आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, पीरामल फाउंडेशन की फेलो निम्मी कुमारी और अंजली कुमारी, तथा विकास रजक उपस्थित रहे। बैठक में चर्चा की गई कि शिक्षा क्षेत्र में कौन-कौन से कार्यों में जिला या राज्य स्तर पर पीछे हैं और किन गतिविधियों में सुधार की आवश्यकता है। इस क्रम में पीरामल फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं के बीच कार्य वितरण भी किया गया। निर्धारित किया गया कि U-DISE MIS कार्य, ए-विद्या वाहिनी में छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति, प्रोजेक्ट रेल, सावित्रीबाई फुले छात्रवृत्ति और अन्य शिक्षा संबंधित कार्यों में कार्यकर्ता संबंधित टकर टीमों के साथ सहयोग करेंगे और अपने-अपने इंडिकेटर पर फोकस कर कार्य करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक में सभी अधिकारियों और फाउंडेशन प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सभी गतिविधियों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिक्षा क्षेत्र में सुधार और बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें।

## पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट में सिमडेगा के मनीष कुमार साहु सम्मानित, झारखंड का बढ़ाया मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** सहकारिता के क्षेत्र में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए सिद्धू-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय एक्सपोजर विजिट में सिमडेगा जिला से चयनित मनीष कुमार साहु, सीईओ (एमपीसीएस), हुरदा लैंप्स ने भाग लिया। इस शैक्षणिक एवं व्यावहारिक भ्रमण का उद्देश्य सहकारिता, कृषि विपणन, वनोपज संग्रहण तथा ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े सफल मॉडलों का अध्ययन करना था। इस दौरान प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न सहकारी संस्थानों, कृषि आधारित संगठनों एवं प्रसंस्करण इकाइयों का भ्रमण कर वहाँ की कार्यप्रणाली, प्रबंधन व्यवस्था और नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। मनीष कुमार साहु ने बताया कि इस एक्सपोजर विजिट से सहकारिता क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कई उपयोगी अनुभव और नई जानकारियाँ प्राप्त हुई हैं, जिन्हें भविष्य में सिमडेगा जिले में लागू करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित विदाई समारोह में मनीष कुमार साहु को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य के राज्य मंत्री सह अपेक्स बैंक अध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता जी के कर-कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दोनों राज्यों के सहकारिता विभाग के अधिकारी, संघ के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे। इस उपलब्धि पर सिमडेगा जिले के सहकारिता कर्मियों, लैंप्स सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मनीष कुमार साहु को बधाई दी और इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताया। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि झारखंड राज्य के सहकारिता आंदोलन की प्रगति और पहचान को भी दर्शाता है।

## जन अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोलेबिरा :** प्रखंड में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम, पेसा कानून नियमावली एवं एस.आई.आर. को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी एवं महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा शामिल हुए। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसे कमजोर करने की किसी भी कोशिश के खिलाफ संगठित संघर्ष जरूरी है। विधायक ने कहा कि पेसा कानून आदिवासी समाज को उनके पारंपरिक अधिकार लौटाने का माध्यम है। लेकिन जब तक इसकी सही जानकारी नीचे तक नहीं पहुंचेगी, तब तक इसका लाभ अधूरा रहेगा। उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया पर भी जोर देते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ी है। इसलिए बीएलओ की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि पेसा कानून आदिवासी अस्मिता और स्वशासन की आत्मा है। प्रशिक्षण के माध्यम से हम पंचायतों और बूथ स्तर तक जागरूकता फैलाकर लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरों को समय पर काम और मजदूरी दिलाना सभी जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। महिला जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि पेसा कानून और मनरेगा में महिलाओं की भूमिका अहम है। यदि महिलाएं जागरूक होंगी तो योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचेगा। उन्होंने महिलाओं से पंचायत और सामाजिक कार्यों में आगे आने की अपील की। मौके पर एसआईआर को लेकर बीएलओ को प्रशिक्षण जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, डॉ. इम्तियाज हुसैन एवं सुचिता तिर्की ने दिया।

## सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिला परिवहन विभाग, सिमडेगा द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में आज जिला परिवहन विभाग, सिमडेगा के निदेर्शानुसार एवं उनके सक्रिय मार्गदर्शन में जलडेगा चौक एवं लोंबोई क्षेत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, वाहन चालकों, युवाओं एवं राहगीरों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देना रहा।

विभाग की पहल पर चयनित इन सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुँचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन विभाग, सिमडेगा की ओर से निर्धारित विषयों के अनुरूप सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। नुक्कड़ नाटक एवं जनसंवादात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन, यातायात संकेतों एवं सड़क चिन्हों के सम्मान तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला परिवहन विभाग के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किए गए इन संदेशों को स्थानीय नागरिकों ने गंभीरता से सुना और उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, एडीआर एवं नालसा स्कीम पर जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय कोडरमा स्थित जिला न्याय सदन सभागार में पोक्सो एक्ट, जे जे एक्ट, ए डी आर एवं नालसा स्कीम से सम्बंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला (मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन)का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर , जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायाधीश प्रभारी शिवांगी प्रिया, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला (मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ, एल ए डी सी एस के अधिवक्तागण, विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारीगण एवं पारा लीगल वोलेनटियर सहित अन्य लोगो ने उपस्थित होकर इस कार्यशाला में दी गई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रधान जिला जज रमाकान्त मिश्रा ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुचाने की दिशा में अधिवकता, पुलिस, पी एल वी की भूमिका अति महत्वपूर्ण है और इसके लिए सबो को कानून में निरंतर किये जा रहे बदलाव एवं अद्यतन नियमो की जानकारी होना आवश्यक है और इस कड़ी में इस प्रकार की कार्यशाला मील का पत्थर साबित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जयनगर में जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रशिक्षण का हुआ सफल आयोजन



**जयनगर:** प्रखंड स्तर पर जन्म और मृत्यु पंजीकरण को बेहतर बनाने हेतु आज जयनगर प्रखंड सभागार में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी,जिला सांख्यिकी पदाधिकारी कृष्ण मूर्ति प्रसाद, प्रखंड सांख्यिकी कमल किशोर सिंह, पंचायत सचिव, मुखिया, आंगनवाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की ओर से भी विशेष टीम कार्यक्रम में मौजूद रही, जिसमें फील्ड इन्वेस्टीगेटर मोहम्मद असद जलील और फील्ड इन्वेस्टीगेटर जितेंद्र चिक बराइक शामिल थे। सभी ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी करते हुए कर्मियों को जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम की नई प्रक्रियाओं और हाल के बदलावों की जानकारी दी। असद जी ने विस्तृत प्रशिक्षण में बताया कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया घटना स्थल से ही पूरी होनी चाहिए, जो कि 21 दिनों के अन्दर हो जिससे समय की बचत और प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। साथ ही सभी सेविकाओं और पंचायत सचिवों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि पंचायत प्रखंड स्तर पर सही और समय पर पंजीकरण सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए और इस अवसर को ग्रामीण जनता तक जानकारी पहुँचाने और जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

### अबीर-गुलाल की होली और गजरा अर्पण के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ बसंत महोत्सव



**झुमरी तिलैया :** श्री राम संकीर्तन मंडल का 34 वॉ वार्षिक उत्सव सह दो दिवसीय बंसत महोत्सव पर सामुहिक रूप से गजरा व अबीर गुलाल के होली के साथ शनिवार को संपन्न हो गया। खुदरा पटटी स्थित श्री नारायण मंदिर में श्रद्धालु रंग बिरेंगें रंगों से सराबोर नजर आये। सुबह 10 बजे ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें यजमान के रूप में मिहिर में शामिल हुए जबकि गायत्री दीप यज्ञ मे यजमान के ररूप मे अलीशा, राहुल कपसीमे शामिल पूजा अर्चना पंडित नवल किशोर पांडये ने कराय। देर शाम धनबाद से आये दीपक अरोडा एवं मंडल के मुन्ना भदानी के द्वारा होलिया में उडे रे गुलाल मईया तेरे मंदिर में.. आज मिले हैं कुवर कन्हैया खेलगं हम होली धुम मची है आज बिरज में होली खेले रघुवीरा अवध में .... आज बिरज में होली रे रसीया,... संवाली सुरत में दिल दिवाना हो गया .. जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त झुमते नजर आये। अबीर गुलाल खेलने के दौरान बडों का पैर छुकर आशीर्वाद भी लिया। वहीं मुन्ना भदानी व राकेश कपसीमे ने सामुहिक गजरे पर मईया जी को आज पहनावा गजरा... की प्रस्तुति पर कई श्रद्धालु भक्तों में गजरा अर्पण किया। मौके पर मंडल के संरक्षक राजेश कपसिमें ने कहा कि मंडल की महिमा अद्वितीय भूमिका निभा रही है। आज के ही दिन मंडल का स्थापना एवं सत्यानारायण मंदिर का जीर्णोद्धार भी हुआ था। मंडल के मंडल के पूर्व सचिब अरविन्द चौधरी ने कहा कि बसंत ऋतु सभी ऋतुओं में महान है और इस तरह के आयोजन भक्ति का माहौल बनाता है। मंडल परिवार भक्ति का अलख जगा रहा है। इस अवसर पर गौरी शंकर कपसिमें अमन कपसिमें राहुल सचिन कुमार मुकेश कुमार पंकज कुमार, संतोष कपसिमेंरवि कपसिमें, मंडल के अध्यक्ष बसंत गुप्ता, बबलु पांडेय, ज्योति पहाडी, जोशी कुमार, नवल किशोर पांडेय, पंकज पांडेय, विवेक सिंह, शशि चंदेल, उपस्थित थे। सभी मंडलों के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र एवं टीम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

### गणतंत्र दिवस 2026 को लेकर फाइनल फुल ड्रेस रिहर्सल का किया गया निरीक्षण

**सिमडेगा :** जिले के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस 2026 के मुख्य समारोह को लेकर फाइनल फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने तिरंगे को सलामी दी और कार्यक्रम की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। फाइनल फूलड्रेस रिहर्सल के दौरान सर्वप्रथम सलामी ली गई, जिसके पश्चात परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी गई तथा राष्ट्रीय गान का गायन हुआ। रिहर्सल परेड में पुलिस बल, महिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अनुशासित एवं आकर्षक प्रदर्शन किया। निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल को चारों ओर से सजावट एवं सौंदर्यकरण करने, मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा, पेयजल एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### कोलेबिरा में सरस्वती पूजा पर हवन-पूजन भव्य शोभायात्रा व विसर्जन समारोह संपन्न



**कोलेबिरा :** विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के पावन पर्व पर श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास से परिपूर्ण वातावरण में हवनझ्रपूजन, शोभायात्रा एवं विसर्जन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। प्रात: वैदिक परंपरा के अनुसार पंडित जगन्नाथ पंडा जी के सान्निध्य में विधिवत हवनझ्रपूजन सम्पन्न हुआ। मंत्रोच्चारण से सम्पूर्ण परिसर भक्तिमय हो उठा और पूणार्हुति के साथ माँ सरस्वती से ज्ञान, विवेक एवं सद्गुणों की मंगल कामना की गई। हवन-पूजन के उपरांत विद्यालय से माँ सरस्वती की सुसज्जित प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में भैया-बहन पारंपरिक वेशभूषा में नाचतेझ्रगाते, जयघोष करते हुए माँ को अश्रुपूरित विदाई देने निकले। जय माँ सरस्वती के गगनभेदी नारों से सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। अंतत: देवनदी में विधि-विधानपूर्वक आरती कर माँ सरस्वती का विसर्जन किया गया। इस पावन अवसर पर यजमान की भूमिका कुणाल अग्रवाल, शिखा कुमारी, अन्वी कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं पायल कुमारी ने श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ निभाई।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** शनिवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम, सरायकेला में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली मुख्य परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त नितिश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश लूणायत की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंतिम पूर्वाभ्यास में कुल 09 प्लाटूनों ने भाग लिया, जिनमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 134वीं बटालियन की 01 टुकड़ी, सशस्त्र सीमा बल, रांची की 01 टुकड़ी, जिला पुलिस बल, सरायकेला-खरसावां की 01 टुकड़ी, जिला पुलिस बल की 01 टुकड़ी, गृह रक्षक की 01 टुकड़ी, सेंट जेवियर्स विद्यालय, गम्हरिया, जवाहर नवोदय विद्यालय, सिजुलता, सेंट फ्रांसिस विद्यालय, सरायकेला तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सरायकेला की



टुकड़ियाँ सम्मिलित रहीं। इसके अतिरिक्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सरायकेला एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, राजनगर की छात्राएँ बैंड पार्टी के रूप में परेड पूर्वाभ्यास में शामिल रहीं। परेड पूर्वाभ्यास का नेतृत्व प्रथम परेड समादेशक, परिचारी प्रवर सिल्वेस्टर वां एवं द्वितीय परेड समादेशक, परिचारी प्रवर उत्तम महथा द्वारा नियमानुसार किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त महोदय ने उपस्थित सभी टुकड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 26 जनवरी वह ऐतिहासिक दिवस है जब भारत ने अपने संविधान को अंगीकार किया, जो हमें लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संविधान में निहित प्रावधानों तथा विधि द्वारा स्थापित नियमों का अक्षरशः अनुपालन प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने अपील की कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को जिलेवासी सौहार्दपूर्ण वातावरण में सपरिवार देखें तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक मुकेश लूणायत ने अपने संबोधन में कहा कि सभी अधिकारी, जवान एवं प्रतिभागी दोगुने उत्साह, पूर्ण अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ परेड में भाग लें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों की संयुक्त प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ संविधान द्वारा प्रदत्त मूल कर्तव्यों के प्रति भी समान रूप से सजग रहना चाहिए, क्योंकि कर्तव्यनिष्ठ एवं जिम्मेदार नागरिक ही राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। अंत में उन्होंने आम नागरिकों से शांतिपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का आनंद लेने एवं प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की अपील की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला अभिनव प्रकास, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी समेत विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहें।

## एक नजर

### ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो थाना पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ शुक्रवार की देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए दाईगुट्टू फॉरेस्ट लाइन इलाके में छापेमारी कर ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 15 पुड़िया ब्राउन शुगर और नकद 250 रुपये बरामद किए हैं, जबकि एक अन्य आरोपित अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर मानगो थाना की टीम ने शुक्रवार रात दाईगुट्टू फॉरेस्ट लाइन में छापेमारी की। इस दौरान वहां दो युवक संदिग्ध अवस्था में मौजूद थे। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर एक युवक को मौके से पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा आरोपित फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार युवक की पहचान मानगो थाना क्षेत्र के आजाद बस्ती निवासी आसिफ अख्तर उर्फ शिबू बच्चा के रूप में की गई है। वहीं फरार आरोपित की पहचान दाईगुट्टू निवासी रोहित सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से बरामद ब्राउन शुगर और नकदी को जब्त कर लिया है। इस संबंध में मानगो थाने में पदस्थापित एसआई अमित कुमार के बयान पर दोनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपित आसिफ अख्तर को शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मानगो थाना प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपित रोहित सिंह की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल

**पूर्वी सिंहभूम :** केंद्रीय ट्रेड यूनियन एवं स्वतंत्र फेडरेशनों के संयुक्त मंच कोल्हान प्रमंडल के संयोजक विष्णु डे ने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर-किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी 2026 को देशव्यापी एक दिवसीय आम हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल वलिदानों से हासिल श्रमिक अधिकारों को बचाने और कॉर्पोरेटपरस्त नीतियों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष की शुरूआत है। शनिवार को जमशेदपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि विष्णु डे ने बताया कि केंद्र सरकार ने ट्रेड यूनियनों से बिना परामर्श किए चार श्रम संहिताएं लागू की हैं, जिनका उद्देश्य हड़ताल के अधिकार को कमजोर करना, यूनियनों को निष्प्रभावी बनाना और स्थायी नौकरियों को ठेका और अस्थायी व्यवस्था में बदलना है। उन्होंने आरोप लगाया कि नई श्रम शक्ति नीति-2025 के जरिए सामूहिक सौदेबाजी और त्रिपक्षीय संवाद की अवधारणा को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। संयुक्त मंच का कहना है कि रेलवे, कोयला, स्टील, रक्षा, बैंक, बीमा, ऊर्जा और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों के बेलगाम निजीकरण से देश की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को खतरा पैदा हो गया है।

# विधायक सविता महतो ने चांडिल में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल भवन का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल डैम रोड स्थित नवनिर्मित विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल भवन का उद्घाटन शनिवार को ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने कहा कि चांडिल क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस भवन के शुरू हो जाने से अब विद्युत विभाग से जुड़े सभी विभागीय कार्य एक ही छत के नीचे सुचारू रूप से संचालित किए जा सकेंगे, जिससे आम जनता को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने उम्मीद



जताई कि इससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक मजबूत एवं प्रभावी होगी। विधायक ने आगे कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए और जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल भवन का उद्घाटन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग के जीएम अजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता लाल जी महतो, चांडिल के सहायक विद्युत अभियंता कालीनाथ सिंह मुंडा, कनीय अभियंता बलराम हांसदा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर चाईबासा में झारखंड आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिला में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शनिवार को उपायुक्त कार्यालय की ओर से शहर के मांगीलाल रूंगटा प्लस टू विद्यालय, चाईबासा में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा संदीप अनुराग टोपनो उपस्थित थे। इस अवसर पर सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत, सदर अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार सहित अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि झारखंड की स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं और 26वां वर्ष चल रहा है, लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों को अब तक जितना सम्मान मिलना चाहिए था, उतना नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए दुख का विषय है। उन्होंने बताया कि विधायक बनने के बाद से ही वे इस मांग को सरकार के समक्ष उचित पटल पर रखते आ रहे हैं और जल्द ही सरकार इस पर संज्ञान लेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आंदोलनकारियों की मांगों पर विचार करते हुए उन्हें उचित सम्मान दिया जाएगा।

# सिविल डिफेंस ने नुक्कड़ नाटक के जरिए ड्रिंक एंड ड्राइव के खतरों से किया गया जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को टाटानगर रेल सिविल डिफेंस टीम की ओर से टाटानगर स्टेशन के मुख्य निकास द्वार के सामने सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, विशेषकर ड्रिंक एंड ड्राइव के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और असमय मौतों की भयावह तस्वीर लोगों के सामने रखी गई। नुक्कड़ नाटक में दिखाया गया कि किस तरह युवा वर्ग उत्साह और जश्न के दौरान अत्यधिक शराब पीकर वाहन चलाते हैं और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में डाल देते हैं। प्रस्तुति में ड्रिंक और ड्राइव से हुई एक कार दुर्घटना का दृश्य इतना जीवंत और मार्मिक था कि वहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। कार में पुतलों के जरिए दुर्घटना में घायल और मृत युवकों का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिससे हादसे की गंभीरता और दर्द साफ झलक रहा था। शुरूआत में वास्तविक घटना समझकर भीड़ जुट गई, जिसे आरपीएफ के जवानों ने संभाला और नुक्कड़ नाटक की जानकारी देने के बाद लोग शांत हुए। मौके पर उपस्थित स्टेशन डायरेक्टर सुनील कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान इस तरह के नुक्कड़ नाटक समाज में जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम हैं और लोगों को हर हाल में नशे की हालत में वाहन न चलाने का संकल्प लेना चाहिए।

सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि ड्रिंक एंड ड्राइव की स्थिति में दुर्घटना होने पर न तो वाहन का और न ही व्यक्ति का इंश्योरेंस क्लेम मिलता है। उन्होंने कार चलाते समय सीट बेल्ट पहनने और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नवाचारी पोषण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** शनिवार को प्रखंड विकास सह अंचल कार्यालय, कुचाई के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु 'शिशु शक्ति' संवर्धित टेक होम राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। यह कार्यक्रम जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा की गई एक महत्वपूर्ण, लक्षित एवं नवाचारी पहल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बच्चों, विशेषकर बालिकाओं का स्वास्थ्य सामाजिक विकास का मूल आधार है। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित नियमित टेक होम राशन व्यवस्था के अतिरिक्त अब ऑगमेंटेड टेक होम राशन कार्यक्रम का औपचारिक संचालन



प्रारंभ किया गया है, जिससे सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों को अतिरिक्त एवं संतुलित पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि ए.टी.एच.आर. विशेष रूप से कुपोषित बच्चों की पोषण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जो नियमित आहार के पूरक के रूप में कार्य करेगा तथा बच्चों के स्वास्थ्य में त्वरित सुधार सुनिश्चित करेगा। उन्होंने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं आंगनवाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों की सही पहचान, समयबद्ध वितरण एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तविक रूप से लक्षित बच्चों तक पहुँचे। साथ ही, उपायुक्त द्वारा उपस्थित अभिभावकों को बच्चों के पोषण, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती पूजा के अवसर पर हुआ भव्य सांस्कृतिक आयोजन, बच्चों के नृत्य ने जीता दिल



**सरिया :** सरिया प्रखंड के बलीडीह ग्राम में शुक्रवार को देर शाम विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा के उपलक्ष्य में एक उत्साहपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला, जहां बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकी अस्पताल के संचालक डॉ. राजेश कुमार तथा आरपीएफ के इंस्पेक्टर विश्वनाथ कुमार रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मंच पर बच्चों ने एक के बाद एक शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक और आधुनिक नृत्यों का सुंदर मिश्रण देखने को मिला। छोटे-छोटे कलाकारों की इन प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सवपूर्ण बना दिया और दर्शक बार-बार तालियां बजाते नजर आए। कार्यक्रम का संचालन कुशलता से समाजसेवी राजू मंडल ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों, कलाकारों और दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर स्थानीय पत्रकार संदीप तर्वे, प्रमोद मंडल, नारायण मंडल, सुरेंद्र मंडल, प्रकाश मंडल सहित कई गणमान्य नागरिक और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और आयोजकों को बधाई दी। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का था, बल्कि ग्राम स्तर पर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक उत्सव का भी प्रतीक बना। स्थानीय लोग ऐसे कार्यक्रमों की नियमितता की मांग कर रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके।

### शहरी स्थानीय निकायों के अंतर्गत संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित




**जमशेदपुर :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शहरी स्थानीय निकायों के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य नगर निकाय क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बिरसानगर आवासीय परियोजना की विशेष समीक्षा की गई। उपायुक्त महोदय ने परियोजना में गृह प्रवेश से संबंधित सभी शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए 15 दिनों के भीतर गृह प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत निर्धारित सभी लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं एवं नागरिक सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। पेयजल आपूर्ति एवं विद्युत कनेक्शन से संबंधित कार्यों के शीघ्र निष्पादन हेतु उपायुक्त महोदय ने टाटा स्टील वकरछ, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (खठअउ) के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया, ताकि आवश्यक बुनियादी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सकें। उपायुक्त ने सभी शहरी निकाय अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं विभागीय समन्वय बनाए रखने तथा विकास योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक समय पर पहुँचाने के निर्देश दिए। बैठक में उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी जुगसलाई नगर परिषद संदीप पासवान, कार्यपालक पदाधिकारी चाकुलिया नगर पंचायत मोटाय बनरा, सहायक नगर आयुक्त, मानगो नगर निगम, विशेष पदाधिकारी,लेखा पदाधिकारी, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, सिटी मैनेजर, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता के साथ-साथ टाटा स्टील खवरउड के उप महाप्रबंधक आर. के. सिंह, टाटा स्टील के भूमि विभाग से अमित सिंह भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान शहरी विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, तकनीकी एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

# विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल मानगो में पांच दिवसीय मेगा रोबोटिक्स व आईओटी कार्यशाला का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल, मानगो, जमशेदपुर में प्रयोग इंडिया रोबोटिक्स के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय रोबोटिक्स, कोडिंग एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स कार्यशाला ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक की नई ऊंचाइयों से रूबरू कराया। यह कार्यशाला न केवल तकनीकी प्रशिक्षण का मंच बनी, बल्कि छात्रों के भीतर नवाचार, रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सशक्त करने का माध्यम भी साबित हुई। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को रोबोटिक्स के इतिहास, रोबोट के प्रकार एवं उनके औद्योगिक और दैनिक



जीवन में उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रोबोटिक्स की प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने सर्किट डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली और उनके वास्तविक प्रयोगों को समझा। माइक्रोकंट्रोलर आधारित प्रशिक्षण में अर्डिनो विकास बोर्ड के जरिए डिजिटल व एनालॉग सिग्नल, कोडिंग के मूल सिद्धांत और सॉफ्टवेयर-हार्डवेयर इंटरैक्शन का गहन अभ्यास कराया गया। सेंसर इंटरफेसिंग, पावर मॉड्यूल, सिग्नल प्रोसेसिंग और सीरियल कम्युनिकेशन जैसे उन्नत विषयों ने विद्यार्थियों की तकनीकी समझ को और मजबूत किया। कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण एंड्रॉइड एप्लिकेशन के माध्यम से वायरलेस ब्लूटूथ नियंत्रित रोबोटिक वाहन का निर्माण तथा आईओटी आधारित एलपीजी गैस डिटेक्शन, सूचना एवं अलार्मिंग सिस्टम रहा, जिसने छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं के तकनीकी समाधान से जोड़ दिया। इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला का संचालन प्रयोग इंडिया रोबोटिक्स के अनुभवी प्रशिक्षकों मो. शाहनवाज अब्बास, एनामुल हसन, जय प्रकाश कुमार, इमरान हसन एवं अभिषेक कुमार ने किया। उनके कुशल मार्गदर्शन और संवादात्मक शिक्षण शैली ने प्रत्येक सत्र को अत्यंत प्रभावशाली और रोचक बनाया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. निधि श्रीवास्तव एवं वैज्ञानिक सह प्रशासक सौम्य दीप के नेतृत्व और विशेष प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालन में अभिजीत, शाहिद, रोहित एवं सौरभ का भी सराहनीय योगदान रहा। यह कार्यशाला इस बात का प्रमाण है कि विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल झारखंड में एआई, रोबोटिक्स और आईओटी जैसे आधुनिकतम विषयों के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कुल मिलाकर, यह आयोजन छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत बना, जिसने उनके भीतर तकनीकी दक्षता, नवाचार और आत्मविश्वास को नई उड़ान दी।

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला
प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, गुमला पिन–835207
ईमेल : ssa09gumla@gmail.com
शिक्षा का अधिकार
My Vote

आम सूचना

शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिसई में कक्षा 03 से 09 में नामांकन के संबंध में :–

शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिसई में कक्षा 3–8 में 18 एवं कक्षा 9 में 14 रिक्त सीट के विरूद्ध नामांकन लिया जाना है। जिसमें निम्नांकित कोटि के बच्चों का नामांकन लिया जाएगा:–

- अनाथ बच्चे।
- एकल माता–पिता के बच्चे।
- बिना वयस्क संरक्षण के रहने वाले बच्चे (CWAP)
- वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित परिवार के बच्चे।
- मानव तस्करी गतिविधियों से प्रभावित बच्चे।
- सड़क पर रहने वाले बच्चे (Street Children)
- घर से भागे हुए बच्चे / घुमन्तु बच्चे।
- अभ्रक खदानों या अन्य खदानों में काम करने वाले श्रमिकों के बच्चे और बाल श्रमिक।
- प्रवासी परिवार के बच्चे।
- आदिम जनजाति परिवार के बच्चे।
- HIV/AIDS से संक्रमित / प्रभावित परिवार के बच्चे।
- भिखारी बच्चे।
- इस आवासीय विद्यालय में केवल बालक का नामांकन लिया जायेगा।

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिसई में नामांकन हेतु चयन की प्रक्रिया :–

- कोई भी अभिभावक / माता–पिता उक्त कोटि के बच्चों की सूचना अपने पोषक क्षेत्र के नजदीक विद्यालय अथवा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिसई में कार्य अवधि में उपलब्ध करा सकते हैं। संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक की जिम्मेवारी होगी कि उक्त बच्चों की सूची अपने प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेंगे।
- जिला के सरकारी विद्यालय के शिक्षक अपने पोषक क्षेत्र में उपरोक्त कोटि के बच्चों को चिन्हित कर उनकी सूची अपने–अपने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
- इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय पुलिस विभाग, बाल संरक्षण आयोग के जिला ईकाई कार्यालय, उपायुक्त कार्यालय एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से उक्त प्रकार के बच्चों की प्राप्त सूची को भी शामिल किया जायेगा।
- विद्यालय स्तर पर प्राप्त सूची को झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला में दिनांक 18.02.2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जायेगा।

उपरोक्त के आलोक में विशेष जानकारी हेतु नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिसई अथवा झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला में कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गुमला।

PR 371593 Jharkhand Education Project Council(25-26)D

# दुनिया जल के वैश्विक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है

जल है तो जीवन है-यह पंक्ति कोई नारा भर नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का शाश्वत सत्य है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं। किंतु विडंबना यह है कि जिस जल को हम जीवन का आधार मानते हैं, वही आज सबसे अधिक संकटग्रस्त संसाधन बन चुका है। देश-दुनिया में जल संकट के हालात विकराल हो चुके हैं और यह संकट अब केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार और मूल्यहीन शासन का भी परिणाम बनता जा रहा है। विश्व स्तर पर लगभग 25 देश अत्यधिक जल तनाव से जूझ रहे हैं। चार अरब से अधिक लोग वर्ष में कम से कम एक माह पानी की गंभीर कमी का सामना करते हैं। मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्र इस संकट की अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। यहां 60 करोड़ से अधिक लोग उच्च जल तनाव वाले क्षेत्रों में रहते हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि चेन्नई, बेंगलूरु और दिल्ली जैसे महानगरों में पानी की कमी रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है।

दरअसल, जल संकट अब 'वाटर स्ट्रेस' से आगे बढ़कर 'ग्लोबल वाटर बैंक्रप्सी' यानी दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। यह संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट भी है। जल संकट का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कृषि, उद्योग और ऊर्जा-तीनों ही क्षेत्र पानी पर निर्भर हैं। जब खेतों को पानी नहीं मिलता, उद्योग ठप होते हैं और बिजली उत्पादन प्रभावित होता है, तो देश की जीडीपी में 6 प्रतिशत तक की कमी का खतरा उत्पन्न हो जाता है। आमजन के लिए यह संकट जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाता है। जहां पानी पर्याप्त है, वहां बबार्दी हो रही है और जहां पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय बनाया है। जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में ऐतिहासिक पहल हैं। जल जीवन मिशन का लक्ष्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सके। अटल भूजल योजना भूजल के सतत प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 'हर खेत को पानी' के संकल्प को साकार करने का प्रयास है। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। इन योजनाओं ने निश्चित रूप से जल संरक्षण के प्रति राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत किया है। कई क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनी हैं, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला है और भूजल पुनर्भरण के प्रयास हुए हैं। लेकिन इस सकारात्मक तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी छिपी है- प्रशासनिक भ्रष्टाचार। यही वह दीमक है जो इन योजनाओं की उपयोगिता और प्रासंगिकता को नष्ट कर रही है, उन्हें मूल्यहीन बना रही है। जल संकट से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार कई रूपों में दिखाई देता है-घटिया निर्माण, फर्जी आंकड़े, अधूरी परियोजनाएं, कमीशनखोरी और जवाबदेही का अभाव। कहीं कागजों में ही वर्षा जल संचयन संरचनाएं बन जाती हैं, तो कहीं पाइपलाइन बिछाने में घटिया सामग्री का उपयोग होता है। कई स्थानों पर योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच ही नहीं पाता। परिणाम यह होता है कि करोड़ों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन न पानी मिलता है और न संकट कम होता है। भ्रष्टाचार केवल धन की बबार्दी नहीं करता, वह भविष्य की पीढ़ियों का अधिकार भी छीन लेता है।

## सूडोकु नवताल- 7685

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7684 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# गणतंत्र का उत्सव और बसंत पंचमी

**हृदयनारायण दीक्षित**





कल भारतीय गणतंत्र की 76वीं वर्षगांठ है। राष्ट्र अपने गणतंत्र दिवस को लेकर बहुत उत्साहित है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। अतिरिक्त गणतंत्र का उत्सव और बसंत पंचमी साथ-साथ हैं। वैसे गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी एक दिन के ही उत्सव नहीं हैं। बसंत पंचमी हर बरस आती है। हवाओं में भी गंध होती है। फूलों का यौवन आकर्षित करता है। यह आकर्षण दैहिक नहीं है। शीत ऋतु विदा हो रही है और बसंत उत्सव विस्तृत हो रहा है। नदियां शांत प्रशांत होकर बह रही हैं। बसंत पंचमी सरस्वती की भी जन्मतिथि है।

आनंद का अवसर है कि भारत में दोनों उत्सव साथ-साथ आते हैं। महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की 'सरस्वती वंदना' राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है, वर दे, वीणावादिनी वर दे! प्रिय स्वतंत्र-रव अमृत-मंत्र नव भारत में भर दे! वर दे, वीणावादिनी वर दे। उत्सवों के कर्मकाण्ड प्रायः सरस्वती वंदना से शुरू होते हैं। सरस्वती वाग्देवी हैं। ज्ञानदात्री हैं। सिद्धिदात्री हैं। वे सामान्य ज्ञान तो देती ही हैं। ऋग्वेद के ऋषि कहते हैं, कवि सरस्वती की कृपा से ही बनते हैं और प्रतिष्ठित होते हैं। भारत की स्मृतियों के भीतर भी सरस्वती बहती हैं। इसी सरस्वती के तट पर यज्ञ होते थे। गीत गाए जाते थे। ज्ञान की आराधना होती थी। ऋषियों ने सरस्वती को नदीतमा कहा है। कुछ इतिहास के विद्वान सरस्वती को कवि की कल्पना मानते हैं। लेकिन सरस्वती का पता चल चुका है। वैज्ञानिक खोजों से सिद्ध हो या न हो, सरस्वती भारत की श्रुति में और स्मृति में पहले से ज्यादा प्रवाहमान होकर बहती हैं।

बसंत का रूप मनोहारी सुंदरता में दिखाई पड़ता है। मगर स्पर्श में नहीं आता। मन करता है कि फूल की गंध का स्पर्श करूँ। रूप, रस, गंध, सौंदर्यबोध के परिणाम हैं और भारतवासियों का सौंदर्यबोध विश्व में अनूठा है। पौराणिक काल में बसंत को मदनोत्सव भी कहा गया है और मदनोत्सव कोई कर्मकाण्ड नहीं है। प्रकृति के सत्य को देखना पर्याप्त नहीं है। प्रकृति को शिव कल्याणकारी भी होना चाहिए और सत्य व शिव सौंदर्यविहीन नहीं हो सकते। सत्य सत्य है और वही शिव भी है और वही सुंदर। भारतीय सौंदर्यबोध गहरा है। ब्रह्म संपूर्णता है। ब्रह्म का बोध आनंददाई होता है और सौंदर्य का बोध अस्थाई। पूर्वज जानते थे कि सौंदर्य का आकर्षण अल्पकालिक होता है और सौंदर्यबोध भी। संस्कृत कवियों ने सौंदर्य की भावना को एकाग्रता लाने वाला बताया है। अभिनव गुप्त ने इसे दीत विधना पतीत कहा है।

हमारी दृष्टि के सामने अनेक वस्तुएं आती हैं। उनमें से कुछ हमारी भौतिक सत्ता पर अधिकार कर लेती हैं और भौतिक सत्ता का ज्ञान हवा हो जाता है। अद्वैत दर्शन के अनुसार, स्थूल या सूक्ष्म जगत में आत्मा की अभिव्यक्ति ही सौंदर्य है। प्रकृति बहुरूपिया है। ब्रह्म एक है। अभिव्यक्तियां अनेक हैं। प्रकृति में रूप हैं। रंग हैं। सौंदर्य है। रस है। नाद है। गंध है। पृथ्वी सगंधा है। प्रकृति के रूप और रंग का आनंद सौंदर्यबोध देता है। बसंत की वायु नाचते, गीत गाते, डरते डरते, चुपके-चुपके हमें सहलाते हुए चली जाती है। कोयल बोलती है। कोयल की बोली आनंदित करती है। कोयल का गीत सुनाई पड़ता है। हम उन्हें छू नहीं सकते।

अरस्तू ने कला को प्रकृति की अनुकृति बताया है। भारतीय संस्कृति और दर्शन की परंपरा में ऋतुओं के रुपायन के साथ नृत्य और गीत का भी सुंदर विकास हुआ। महाभारत में संगीत का स्पष्ट उल्लेख है। अर्जुन ने इन्द्र से अस्त्र विद्या सीखी। वनपर्व के अनुसार अर्जुन ने युधिष्ठिर से कहा, मैं विराटनगर की स्त्रियों को गीत, नृत्य और वाद्य की शिक्षा दूंगा। महाभारत में संगीत और प्रकृति की आत्मीयता साफ सुनाई पड़ती है। यहां अलग-अलग राग हैं। दिवसों और प्रहारों के भी राग हैं।

ऋग्वेद में बताया गया है कि संगीत और वाणी को सात स्वरों में मापा गया है। सरगम संगीत का माप है, स, रे, ग , म, प, ध, नी, स नाम से विख्यात भारतीय सरगम दुनिया का प्राचीनतम सुरमाप है। भारतीय रागों में प्रकृति की छटा है और छटा सुनाई भी पड़ती है। सौंदर्य को ध्वनि रूप प्रस्तुत करना बड़ा काम है। ध्वनि कान से भीतर जाती है और दृश्य आंख से। जो आंख से दर्शनीय है, उसे कान से सुनना कठिन है। लेकिन भारत में ऐसा असंभव संपन्न हो पाया।

भारत में 6 ऋतुएं हैं और प्रत्येक ऋतु का अपना राग है। भैरव, डिंडोल, मेघ, श्रीराग, दीपक तथा मालकोश मुख्य राग हैं। यहां प्रत्येक राग अर्थ देता है। जिसका विवाह पांच रागिनियों से हुआ है। इस तरह कुल 6 राग और 30 रागिनियां होती हैं। गीत संगीत की व्याख्या करना इस छोटे से आलेख में संभव नहीं है और मैं स्वयं इसका अधिकारी नहीं हूं।

भारत के संविधान निमार्ताओं ने भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों को ठीक से जाना था इसलिए उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनुरूप चित्र संविधान में जोड़े थे। उन्होंने संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र सम्मिलित किए। मुखपृष्ठ पर राम और कृष्ण तथा भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरूकुल आश्रम का दिव्य चित्र है। भाग 3-मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्री राम की लंका विजय व भाग 4-राज्य के नीति निर्देशक तत्वों वाले पन्ने पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र हैं। भाग 5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महाबीर और भाग 7 में सम्राट अशोक के चित्र हैं। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भगीरथ द्वारा गंगावतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरू गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमशः गांधी जी की दाण्डी यात्रा व नोआखाली दंगों में शान्ति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्दु महासागर की चित्रावलि है।

संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किये हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की। (संविधानसभा कार्यवाही खण्ड 12 पृष्ठ 4261) भारतीय संस्कृति और इतिहास के छात्रों के लिए संविधान की चित्रमय प्रति प्रेरक हैं। संविधान राष्ट्र का धारक होता है। यह राजधर्म है। भारत का संविधान दुनिया के किसी भी लिखित संविधान से बड़ा है। इसके कुछ हिस्से सामान्य संविधानों से उच्च स्तरीय हैं। भारत के संविधान निमार्ताओं ने देश को संघ राज्य घोषित किया था। प्रत्यक्षतया भारत राज्यों का संघ है। संघीय ढांचे को लेकर अक्सर बहस चलती है। भारत अमेरिकी संघ जैसा संघ नहीं है। अमेरिकी संघ में राज्य स्थाई इकाइयां हैं और भारत में संसद द्वारा एक राज्य को दूसरे राज्य में आधा या पूरा समाहित किया जा सकता है। संविधान के अनेक प्रसंग हैं। 26 जनवरी इसी संविधान के लागू होने की महत्वपूर्ण तिथि है। बसंत की मस्ती में संविधान के प्रसाद का सुख और आनंद लीजिए। आप सबको गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# वैश्विक विश्वास बहाली के लिए भारत को अभी कई कदम चलना है

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत की उपस्थिति आज आर्थिक, औद्योगिक, कृषि, तकनीकी, ऊर्जा और सैन्य क्षेत्रों में दुनिया के अग्रणी देशों के समकक्ष पहुंच गई है। विश्व में भारत जनसंख्या के नजरिए से दूसरे स्थान पर है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का ऐतिहासिक मुकाम हासिल हमने किया है। क्रय शक्ति समानता के आधार पर भारत पहले से ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विनिर्माण और औद्योगिक क्षेत्र में भी भारत ने बड़ा उछाल दर्ज किया है। एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स में भारत शीर्ष 10 देशों में शामिल है और मोबाइल फोन निर्माण के क्षेत्र में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन चुका है। इसी तरह फार्मास्युटिकल उद्योग में भारत को दुनिया की 'फामेर्सी' कहा जाता है क्योंकि यह जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा वैश्विक आपूर्तिकर्ता और फार्मा उत्पादन में शीर्ष तीन देशों में शामिल है।

इसी तरह से कृषि क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति और भी मजबूत है। वह आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। दालों और मसालों के उत्पादन में भारत विश्व में पहला स्थान रखता है, जबकि चावल और गेहूं के उत्पादन में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। चीनी उत्पादन और उपभोग दोनों में भारत वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। वस्तुतः ये आँकड़े बताते हैं कि भारत खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भर होने के साथ ही वैश्विक खाद्य आपूर्ति में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

प्रौद्योगिकी और डिजिटल क्षेत्र में भारत की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। आईटी और सॉफ्टवेयर सेवाओं के निर्यात में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है और कई रिपोर्टों के अनुसार यह क्षेत्र भारत को वैश्विक स्तर पर पहला या शीर्ष स्थान दिलाता है। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत आज डिजिटल लेनदेन के मामले में दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल हो चुका है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे ही अन्य प्रमुख क्षेत्रों की बात करें तो भारत की पर्यटन अर्थव्यवस्था अब दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्था बन चुकी है। सैन्य शक्ति के मामले में ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स जैसी रैंकिंग के अनुसार भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। ऊर्जा क्षेत्र में सौर तथा पवन ऊर्जा क्षमता के मामले में भारत आज दुनिया के शीर्ष पाँच देशों में शामिल है। इसके साथ ही कच्चा इस्पात उत्पादन में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। निश्चित ही ये सभी आंकड़ें हमें उत्साह से भर देते हैं, किंतु इसके बाद भी विश्व के देशों के बीच विश्वास बहाली में अभी भी हमको अनेक कदम सफलता से पार करने की आवश्यकता है।

कहना होगा कि अभी भी भारत दुनिया के देशों में अपने को लेकर वह भरोसा नहीं पैदा कर पाया है, जोकि उसे लेकर होना ही चाहिए, क्योंकि उसका मूख्य ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुंबकम अर्थात पूरी धरती ही एक परिवार है में निहित है। किंतु 2026 की पासपोर्ट रैंकिंग के आए आंकड़े क?या कहते हैं? यह कि 2026 में भारत 80वें स्थान पर है, जो पिछले साल के मुकाबले पांच पायदान ऊपर जरूर आया है, किंतु संतोष जनक या उत्साहवर्धक नहीं हैं। हालांकि 2025 में भारत 85वें पायदान पर था, यह सच है कि हमारी स्थिति पहले से लगातार सुधर रही है और वर्तमान में भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 55 देशों में वीजा फ्री या वीजा ऑन अराइवल सुविधा मिलती है। माना कि यह सुधार सकारात्मक संकेत देता है, लेकिन साथ में ये भी विचार किया जाए कि हमसे आगे 54 देश कौन से हैं?

इस साल सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया का सबसे शक्तिशाली घोषित किया गया। इसका अर्थ यह है कि सिंगापुर का पासपोर्ट रखने वाला व्यक्ति बिना वीजा 192 देशों में यात्रा कर सकता है। सिंगापुर के बाद दूसरे स्थान पर जापान और साउथ कोरिया हैं, जिन्हें 188 देशों में वीजा फ्री एंट्री मिलती है। यूरोप के कई देश तीसरे और चौथे पायदान पर हैं, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने बीते दो दशकों में 57 पायदान की छलांग लगाते हुए खुद को टॉप 5 में पहुंचा दिया है।

अमेरिका की स्थिति भी चर्चा में है, पिछले साल गिरावट के बाद अमेरिका फिर टॉप 10 में लौट आया है और 179 देशों में वीजा फ्री पहुंच के साथ 10वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और मलेशिया भी टॉप 10 में जगह बनाने में सफल रहे हैं। इसके उलट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट की सूची में अफगानिस्तान सबसे नीचे है। अफगान पासपोर्ट के साथ केवल 24 देशों में बिना वीजा यात्रा संभव है, उसके बाद सीरिया (100वें), इराक (99वें), पाकिस्तान (98वें), यमन और सोमालिया जैसे देश हैं।

ये रिपोर्ट कहती है कि आज सबसे मजबूत और सबसे कमजोर पासपोर्ट के बीच 168 देशों का अंतर हो चुका है। पाकिस्तान 98वें रैंक में आकर टॉप 100 में आने में कामयाब हो गया। पिछले साल यह 103 पर था। अब इसमें बड़ा प्रश्न यह है कि क्या हम अपनी तुलना इस संदर्भ में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल या अपने अन्य पड़ौसी देशों से करें? क्या ये तुलना सही होगी या फिर हमें विकास के शीर्ष देशों और चीन, जर्मनी, कोरिया, जापान के साथ अमेरिका, युरोप के बड़े और सफल देशों के साथ अपनी तुलना करनी चाहिए!

इस हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की नवीनतम रिपोर्ट में वैश्विक रैंकिंग में चीन इस वर्ष 59वें स्थान पर है। चीनी पासपोर्ट धारक अब दुनिया के 81 देशों में बिना पूर्व वीजा (वीजा-मुक्त या आगमन पर वीजा) के यात्रा कर सकते हैं। पिछले एक दशक में चीन की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। 2015 में यह 94वें स्थान पर था, जो अब 59वें पर आ गया है। इसी तरह से टॉप 10 में शामिल सिंगापुर समेत जैसा कि बताया गया है कि आज जापान, साउथ कोरिया, डेनमार्क, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, आयरलैंड, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, हंगरी, पुर्तगाल, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, यूएई, क्रोएशिया, चेकिया, एस्टोनिया, माल्टा, न्यूजीलैंड, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया, लातविया, लिकटेंस्टाइन, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, आइसलैंड, लिथुआनिया, मलेशिया और दसवें नंबर पर अमेरिका इसमें शामिल है। यहां ध्यान देने योग्य है कि कई देश इस सूची में दूसरे से लेकर 9वें स्थान पर एक साथ होने के कारण से इतने देशों के नाम यहां दिखाई दे रहे हैं, हमारे लिए विचारणीय यह है कि इसमें कई देश आज ऐसे भी शामिल हैं जो बहुत छोटे इतने कि भारत के एक राज्य से भी छोटे हैं, तब भी वे हमसे 'पासपोर्ट इंडेक्स' में आगे हैं!

# अरावली पर्वतमाला: अवैध खनन रोकने में जनसहभागिता भी जरूरी

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

सर्वोच्च न्यायालय की अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन को लेकर जो चिंता देखी गई है वह अपने आपमें महत्वपूर्ण इसलिए है कि अरावली पर्वतमाला को खोखला करने में अवैध खनन गतिविधियों की प्रमुख भूमिका रही है। यही कारण है कि 21 जनवरी को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की बैंच ने अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और समस्या के मूल कारण अवैध खनन पर रोक पर जोर दिया है।

21 जनवरी के निदेर्शों को स्पष्टता की दृष्टि से दो भागों में समझा जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी में जहां अरावली पर्वतमाला क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी रोक और इसकी कार्ययोजना के निर्देश दिए हैं वहीं अरावली पर्वतमाला को परिभाषित करने के मुद्दे को अलग अलग देखने पर जोर दिया है। अरावली पर्वतमाला की 100 मीटर के आदेश को दिसंबर के केप्ट इन एवियांस के आदेश को यथावत रखा हैं और विशेषज्ञों की कमेटी बनाने के लिए नाम व सुझाव मांगे है। कमोबेश चार सप्ताह में दुबारा सुनवाई तक कार्ययोजना और विशेषज्ञों के नाम और सुझाव का समय दिया गया है। पर अरावली पर्वतमाला क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने अधिक गंभीरता जताई है।

अरावली पर्वतमाला को लेकर वैध और अवैध खनन की बहस को अलग रखकर देखा जाए तो यह साफ हो जाता है कि अरावली पर्वतमाला को वैध खनन से अधिक अवैध खनन ने नुकसान पहुंचाया है। यह चिंता केवल पर्यावरणविदों की ही नहीं अपितु समूचे समाज और समूचे देश की इस मायने में है कि अरावली पर्वतमाला एक मोटे अनुमान के अनुसार 2 अरब पुरानी प्रोटेरोजोइक युग में निर्माण हुआ माना जाता है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर और गुजरात तक अरावली पर्वतमाला है। राजस्थान का बड़ा क्षेत्र 20 जिले अरावली पर्वतमाला में आते हैं। अरावली पर्वतमाला की कोख में मेसेनरी स्टोन से लेकर क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के अपार भण्डार है। देखा जाए तो अरावली पर्वतमाला को राजस्थान की तुलना में हरियाणा और दिल्ली एनसीआर में अधिक नुकसान पहुंचाया गया है। अरावली पर्वतमाला को संरक्षित रखना समय की मांग और भविष्य के लिए आज की आवश्यकता है।

अरावली पर्वतमाला देखा जाए तो थार के मरुस्थल के फैलाव को रोकने की प्राकृतिक तारबंदी या दीवार माना जा सकता है। एक तरह से मरुस्थलीय विस्तार पर प्राकृतिक अवरोध है। जल और वायु को संरक्षित करता है तो जैव विविधता को संरक्षित करती है। अरावली पर्वतमाला में जैव विविधता के साथ ही वन्यजीव गलियारे विकसित है। दरअसल, अरावली पर्वतमाला केवल प्राकृतिक अवस्था नहीं है बल्कि अन्य सब कारकों के साथ ही इसका सांस्कृतिक महत्व भी है। अरावली श्रृंखला धूलभरी आंधियों से संरक्षित करती है तो जल संरक्षण और नदियों का स्रोत भी है। वन्य जीवों सहित जैव विविधता को अपनी कोख में संरक्षित किये हुए हैं। अब दोहरा संकट सामने है। एक ओर अरावली के संरक्षण की आवश्यकता है तो दूसरी और बेशकीमती खनिजों का खनन भी समय की मांग है।

सर्वोच्च न्यायालय की नवीनतम टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि अवैध खनन एक प्रमुख कारण रहा है। हालांकि दिसंबर के केप्ट इन एवियांस आदेश के साथ ही राजस्थान की भजन लाल शर्मा सरकार ने प्रदेश में अरावली क्षेत्र के 20 जिलों में 29 दिसंबर, 25 से 15 जनवरी, 2026 तक अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया और इसके सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुए। अभियान के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 1445 प्रकरण दर्ज हुए और संबंधित पुलिस थानों में 320 एफआईआर दर्ज कराई गई। इस दौरान 140 व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी हुई। 82898 टन से अधिक अवैध भण्डारित खनिज जब्त किया गया। अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त 68 एक्सक्वेटर, जेसीबी सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए और 1223 वाहन जब्त कर संबंधित पुलिस थानों को सुपुर्द किये गये। अभियान के दौरान जुमार्ने के रुप में 9 करोड़ 86 लाख रुपए की वसूली कर राजकोष में जमा किए गए। यह भौतिक उपलब्धि रही है। खैर आंकड़ों को अलग रख भी दिया जाए तो राजस्थान सरकार ने अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ ईमानदार प्रयास किये हैं। केन्द्र सरकार ने भी अरावली संरक्षण को लेकर कार्ययोजना घोषित की है। इस क्षेत्र में खनन पर प्रतिबंध तो है ही।

सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार को सख्ती से अवैध खनन गतिविधियों को रोकना भी चाहिए पर यह भी साफ हो जानी चाहिए कि वैध खनन को प्रोत्साहित करके ही अवैध खनन पर कारगर रोक संभव है और दूसरी यह कि सरकार के साथ ही आमजन को भी सक्रिय होने के साथ ही अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। अवैध खनन गतिविधियां जहां भी हो रही है वहां के नागरिकों को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से आगे आना चाहिए ताकि अरावली के संरक्षण में ठोस सहभागिता हो सकें।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**25 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 07.52 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मीन | 09.25 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 10.55 बजे से |
| बुध | मकर में | वृष | 12.35 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 14.34 बजे से |
| शुक्र | मकर में | कर्क | 16.47 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 19.03 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 21.15 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 23.26 बजे से |
| | | वृश्चिक | 01.40 ब.से |
| | | धनु | 03.56 बजे से |
| | | मकर | 06.02 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2026 वर्ष का 25 दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 23.11 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 13.36 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 11.46 बजे को समाप्त।
**करण** गर 11.59 बजे तदनन्तर वणिज 23.11 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 6.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 19° 01'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872600
**जूलियन दिन** 2461065.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान
**तारीख** 05
**विशेष** रथ सप्तमी, नर्मदा जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### नगर निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ता रहें तैयार : आदित्य

**गिरिडीह** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद अदित्य साहु शनिवार को गिरिडीह पहुंचे। यहां पहुंचने पर पार्टी के कार्यकताओं ने पेपरवाटाड में प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस दिन झारखंड में भाजपा कि सरकार बनी, उस दिन हेमंत सरकार के कई मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जायेंगे। उन?होंने ऐसे मंत्रियों को चिन्हित कर पार्टी सूचीबद्ध कर रही है। वीबी-जी राम जी बिल का विरोध कांग्रेस सिर्फ इसलिए कर रही है, क्योंकि इस बिल के आने से कांग्रेस शासित राज्यों में लूट बंद होगी। उन्होंने कहा कि नये बिल में महिलाओं सहित हर मजदूरों को 100 दिन से अधिक मजदूरी मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्त्ता पूरी तरह से तैयार रहें। इस चुनाव में झामुमो और कांग्रेस को आईना दिखाना है। सभा के बाद प्रदेश अध्यक्ष में कपूर्री ठाकुर और डॉ भीमराव आंम्बेडकर की प्रति पर माल्यार्पण किया गया। कार्यकम में विधायक डॉ मंजू कुमारी, विद्यायक नगेन्द्र महतो, पूर्व विद्यायक निर्भय शाहावादी, डॉ जेपी वर्मा दोनों जिला अध्यक्ष क्रमश: रंजीत राय और महेन्द वर्मा भाजयूमो के जिला अध्यक्ष मिथुन चन्द्रवंशी सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का उद्घाटन

**खूंटी** : रनिया प्रखंड के बलनकेल में युवा शांति क्लब द्वारा आयोजित रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला के अध्यक्ष आनंद कुमार ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। सांस्कृतिक प्रस्तुति और नागपुरी गीत-संगीत से पूरा वातावरण उल्लासमय हो उठा। इस अवसर पर निखिल कंडुलना विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए और आयोजन की सराहना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में रनिया मंडल भाजपा अध्यक्ष सुशीला देवी, मंडल उपाध्यक्ष डोमन सिंह, पंचायत अध्यक्ष प्रदीप नाग, समिति के सचिव कुलदीप नाग, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव अवतार सिंह, दामू भाई, धनेश्वर नाग, बलराम काशी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गणेश पूजन और मंडप प्रवेश के साथ शुरू हुआ शतचंडी पाठ

**रामगढ़** : शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर का 35 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत शनिवार को अनुष्ठान के मुख्य यजमान हर्ष आनंद और उनकी पत्नी निशु आनंद को यज्ञाचार्य पंडित गोविंद वल्लभ शर्मा, मुरारी मोहन शर्मा, अंकित पाठक, सत्येंद्र दुबे, किशोर शर्मा, राजेश पांडेय, उपेंद्र पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणेश पूजा, निशान पूजा, मंडप प्रवेश, वेदी पूजा एवं ध्वजारोपण का अनुष्ठान कराया गया। वहीं रविवार श्रीगणेश और वेदियों की पूजन कर सात ब्राह्मणों का दल शतचंडी पाठ करेगा। इसके बाद अग्नि प्रवेश पूजन के बाद यज्ञ हवन और आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। वार्षिकोत्सव को लेकर मंदिर में माता वैष्णो देवी का पूजन और दर्शन के लिए सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है।

# भुरकुंडा पुलिस पर बर्बरता का आरोप : निर्दोष युवकों की पिटाई से भड़के ग्रामीण, कार्रवाई की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा** : सौंदा डी में स्थित एक ज्वेलरी दुकान में चोरी के मामले में पूछताछ के लिए जयनगर से हिरासत में लिए गए दो निर्दोष युवकों के साथ भुरकुंडा पुलिस द्वारा बेरहमी से मारपीट करने का मामला उजागर हुआ है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को सौंदा डी ज्वेलरी दुकान संचालक के घर का घेराव किया और पुलिस की बर्बरता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने बिना जांच-पड़ताल किए दो निर्दोष युवकों दिलीप प्रजापति और साकीब अंसारी को हिरासत में लिया और उन्हें बेरहमी से पीटा। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने युवकों को बिजली का करंट लगाया और उन्हें टॉर्चर किया। ग्रामीणों के आक्रोश की खबर मिलते ही पतरातु एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और पार्षद राजाराम प्रजापति मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने एसडीपीओ को लिखित आवेदन देकर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने मांग की कि दोषी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए, अस्पताल में इलाजरत दोनों युवकों का इलाज का खर्च पुलिस प्रशासन द्वारा उठाया जाए, जब तक दोनों युवक पूर्ण रूप से काम करने लायक नहीं हो जाते तब तक उनका क्षतिपूर्ति जीविकोपार्जन का खर्च पुलिस-प्रशासन द्वारा दिया जाए, और घटना में शामिल पुलिस अधिकारियों और झूठे केस में फंसाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पुलिस द्वारा निर्दोष युवकों के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने की घटना काफी निंदनीय है। पुलिस को मामले की जांच करने के बाद ही कार्रवाई करनी चाहिए। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने भी दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। करीब 4-5 घंटे के बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार बाबला, जयनगर मुखिया किरण यादव, उपेंद्र शर्मा, अजय पासवान, डब्लू पांडेय, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, संतोष शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। इस घटना ने एक बार फिर से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों पुलिस निर्दोष लोगों को हिरासत में लेकर उन्हें टॉर्चर करती है? क्यों पुलिस अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल करती है? ये सवाल अब आम जनता के मन में उठ रहे हैं और इसका जवाब पुलिस प्रशासन को देना होगा।

## बुजुर्गों की सेवा, समाज की जिम्मेदारी : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**गोला** : गोला प्रखंड के लुकैयाटांड़ स्थित सोना सोबरन विद्यालय परिसर में गैर सरकारी संस्था एलिमको द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित 75+ सामाजिक अधिकारिता शिविर में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने सैकड़ों जरूरतमंद वृद्धजनों के मध्य हियरिंग मशीन, छड़ी, ट्राई साइकिल, कमोड चेयर, घुटना व कमर का बेल्ट सहित अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया। इस अवसर पर ममता देवी ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की नींव हैं, उनके स्वास्थ्य, सम्मान और सुविधा का ध्यान रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सच्चा सामाजिक न्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं जरूरतमंदों तक पहुंचे, इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। ममता देवी ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करना हमारा धर्म है और हमें उनके अनुभव और ज्ञान से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से जरूरतमंद लोगों को सहायक उपकरण मिलने से उनका जीवन आसान होता है और वे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो पाते हैं। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, प्रमुख गीता देवी, मुखिया जीतलाल टुडू, अन्य जनप्रतिनिधिगण, संस्था के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने ममता देवी के प्रयासों की सराहना की और उनके नेतृत्व में समाज के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया। इस तरह के शिविरों का आयोजन आगे भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को सहायक उपकरण मिल सकें और उनका जीवन आसान हो सके। ममता देवी ने कहा कि वे हमेशा समाज के वंचित वर्गों के साथ खड़ी रहेंगी और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेंगी।

## राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती का विधिवत पूजन, पुष्पांजलि, आरती और प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलाधिपति के धर्मपत्नी फूलमती देवी, सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो रश्मि, कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती के आशीर्वाद के साथ सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व जीवन में ज्ञान, प्रगति और समृद्धि के नए अवसर ले के आए। सचिव प्रियंका कुमारी ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के निरंतर उन्नति, शैक्षणिक प्रगति एवं समृद्ध भविष्य के लिए मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का यह पर्व हमें ज्ञान और विद्या के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। दूसरे दिन वैदिक मंत्रोचारण कर हवन किया गया और भंडारा प्रसाद (खिचड़ी) का आयोजन हुआ। अंत में मां सरस्वती की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक गाजे बाजे के साथ नाचते हुए नम आंखों से विदाई दी गई। इस दौरान भक्तों ने माँ से विद्या, बुद्धि और सद्बुद्धि का आशीर्वाद मांगा।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, बाइक बचाने के प्रयास में हुआ हादसा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भदानीनगर** : भदानीनगर थाना क्षेत्र के बनगड्डा में एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो पलट गई, जिससे वाहन पर सवार लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना शनिवार को पतरातू-रामगढ़ फोरलेन पर हुई। मिली जानकारी के अनुसार, चिकोर महुडर निवासी कालेश्वर बेदिया के स्कॉर्पियो (JH 01 CW 2423) पर ड्राइवर समेत परिवार की दो महिलाएं और एक बच्चा रामगढ़ की तरफ जा रहे थे। इस क्रम में रिशिका पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात बाइक सवार विपरीत दिशा से अचानक वाहन के सामने आ गया। जिसे बचाने के क्रम में स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर एक बंद दुकान के सामने पलट गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना पर भदानीनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वाहन पर सवार लोगों को बाहर निकाला। दुर्घटना में वाहन सवार सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं। क्रेन के सहारे वाहन को सीधा किया गया। इस घटना से यह पता चलता है कि तेज रफ्तार वाहन चलाना कितना खतरनाक हो सकता है। हालांकि, गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए वाहन चालकों को सावधानी से वाहन चलाने की आवश्यकता है। साथ ही, वाहन की नियमित जांच और रखरखाव भी जरूरी है ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## पतरातू डैम में मछली पालन को मिला नया आयाम, साढ़े सात लाख मछली बीज का संचयन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पतरातू** : डैम के जराद केज साइट में मत्स्य विभाग की ओर से लाखों मछली के बीज का संचयन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पतरातू डैम में मछली पालन को बढ़ावा देना है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल सकें और क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी और जिला पार्षद राजाराम प्रजापति उपस्थित थे। इसके अलावा, मुखिया किरण यादव, लालू महतो, जगरनाथ चौधरी, मत्स्य विभाग के मत्स्य प्रसार पदाधिकारी प्रमोद कुमार, वजीर अंसारी, दशमी देवी, पुष्पा देवी, रोहित कुमार, अनिल खरवार आदि ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथियों ने मत्स्य विभाग की ओर से लाए गए साढ़े सात लाख अंगुलिका मछलियों के बीज को डैम में डाला। इस अवसर पर, उन्होंने मत्स्य जीवी सहयोग समिति को मछली पालन करने का मनोबल बढ़ाया और कहा कि यह पहल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डैम में कई प्रकार के लगभग साढ़े सात लाख मछली के बीज डाले गए हैं। उन्होंने कहा कि यह मछली पालन परियोजना न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी योगदान करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस मौके पर दर्जनों लोग शामिल थे, जिन्होंने इस पहल का समर्थन किया और इसके सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पतरातु में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर समारोह का हुआ आयोजन

## जननायक कर्पूरी ठाकुर केवल व्यक्ति नहीं, एक विचार थे : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पतरातु** : शनिवार को पतरातु लेक रिसोर्ट, कर्पूरी चौक पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नाई समाज समिति के अध्यक्ष गणेश ठाकुर ने की, जबकि मंच संचालन राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया। उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भुवनेश्वर ठाकुर, जिला अध्यक्ष पूर्णकान्त ठाकुर, दशरथ ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजन भगत, कटिया बस्ती पंचायत के मुखिया किशोर महतो, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन भाषण में विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर एक व्यक्ति नहीं थे, वे एक आदर्श थे। वे एक सच्चे स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने देश, समाज और अपनी जाति के विकास के लिए पूर्णतः समर्पण दिखाया था। उन्होंने कहा कि आज के दिन ही नहीं, हमें उन्हें प्रत्येक दिन याद करना चाहिए ताकि उनके मूल्यों को अपने जीवन में उतार सकें। विधायक ने आश्वासन दिया कि नाई समाज समिति को भवन निर्माण में जो भी मदद होगी, वह उनके द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर की जयंती पर हम सभी को उनके आदर्शों को याद करना चाहिए और उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लालचंद महेंद्र ठाकुर, सुजीत ठाकुर, विशाल ठाकुर, ललन ठाकुर, बसंत ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, राजू ठाकुर, उप मुखिया नंदकिशोर महतो, अमित ठाकुर, मुकेश ठाकुर, आशीष ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, कद ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, अमित ठाकुर, लक्ष्मी कुमारी, अजय ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, मदन ठाकुर, अनिल ठाकुर, राजकुमार ठाकुर इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों को याद किया और उनके सपनों को पूरा करने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**रामगढ़** : सिद्धि विनायक बैनकेट में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला सह समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यानन्द शर्मा पंकज, अपर सचिव सह अभियान निदेशक, एबीडीएम, ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ द्विप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तर से राजन कुमार, संयुक्त निदेशक, एबीडीएम, और उनकी टीम के साथ ही जिला स्तर से अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, डॉ हरेन चन्द्र महतो और जिला नोडल पदाधिकारी, एबीडीएम, डॉ उदय शंकर श्रीवास्तव उपस्थित थे। सभी प्रखण्ड से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, प्रखण्ड कार्यक्रम इकाई के सदस्य भी उपस्थित थे। इसके अलावा, जिले के सभी निजी अस्पताल संचालक और चिकित्सा प्रतिनिधि भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यानन्द शर्मा पंकज ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में रामगढ़ जिले को पूर्ण रूप से डिजिटलाइजेशन करने के लिए झारखण्ड में पायलट जिला के रूप में चुना गया है। एबीडीएम स्वास्थ्य के क्षेत्र में ईको सिस्टम के तौर पर काम करता है। इस सिस्टम में आने वाले समय में कागज रहित कार्य होगा। सभी स्वास्थ्य संस्थानों और सभी फामेर्सी का एचएफआर और सभी डॉक्टर, नर्स, एलटी, और फार्मासिस्ट का एचपीआर बनाना अनिवार्य है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर, सिदो कान्हू मैदान में हुआ अंतिम अभ्यास



**रामगढ़** : गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू मैदान, रामगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार को इस कार्यक्रम के लिए अंतिम अभ्यास किया गया, जिसमें उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने भाग लिया। अभ्यास के दौरान, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया और झंडा फहराया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल रामगढ़ के छात्र-छात्राओं ने बैंड की प्रस्तुति दी। उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी ली और कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। इसके अलावा, उपायुक्त कार्यालय में प्रात: 10:45 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रात: 10:50 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रात: 10:55 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रात: 11:10 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रात: 11:15 बजे और पुलिस लाइन रामगढ़ में प्रात: 11:30 बजे झंडा फहराया जाएगा। इस अवसर पर गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, परेड कमांडर परिचारी प्रवर मंटू यादव, जिला स्तरीय पदाधिकारियों और अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### ग्रामीण भारत के बदलने से मनरेगा हुई वीबी-जी राम जी : सांसद

**पलामू** : जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर ब्लॉक मैदान में भाजपा की ओर से वीबी-जी राम जी विकसित भारत रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि 2005 में मनरेगा शुरू हुई, लेकिन अब ग्रामीण भारत बदल गया है। 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 से घटकर आज 4.86 रह गई है। कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है और आजीविका में विविधता आई है। पुराना ओपन एडेड मॉडल अब आज की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मेल नहीं खाता। सांसद ने कहा कि 2005 में हमारी जरूरत अलग थी, अब हमारी जरूरत अलग है। इसलिए इस ग्रामीण रोजगार योजना को 2025 की जरूरत के अनुसार पुन: व्यवस्थित करना पड़ा है। नए कानून का फोकस चार प्राथमिकताओं पर है जल संबंधी कार्य, कोर ग्रामीण बुनियादी और आजीविका संबंधी बुनियादी ढांचा का निर्माण और खराब मौसम के कारण काम में कमी को कम करना है। उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी बिल में प्रावधान किया गया है कि बुआई और कटाई के मौसम में 60 दिन काम बंद कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य बुआई और कटाई के समय मजदूरों की कमी नहीं होने देना है। नए बिल में मनरेगा के उलट हर हफ्ते पेमेंट किया जा सकता है। मनरेगा में 15 दिन में मजदूरी का भुगतान होता था। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि हर गरीब को रोजगार मिले और उसकी गरिमा का सम्मान हो, गरीब जनजाति और पिछड़ा को रोजगार मिले इसे लेकर ही कानून लाया गया है। विकसित भारत-47 के राष्ट्रीय विजन के अनुसार ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। यह बिल महात्मा गांधी की भावना के अनुरूप है। ग्रामीण परिवार को हर साल 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। वन क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों को 25 दिन का रोजगार और अधिक मिलेगा। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि मनरेगा पर अब तक 1174 लाख करोड रुपये खर्च हुए जिसमें मोदी सरकार ने 853 लाख करोड रुपये खर्च किए हैं। कार्यक्रम को श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, परशुराम ओझा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

### गणतंत्र दिवस के समारोह के परेड का डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण

**पलामू** : पलामू के पुलिस लाइन स्टेडियम में आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर शनिवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। उपायुक्त समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की और पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों ने आकर्षक और भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर झंडोत्तोलन करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि हमारे देश में गणतंत्र दिवस का विशेष महत्व है। आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने सभी टुकड़ियों के प्रतिनिधियों से कहा कि जिस तरह आकर्षक परेड का आयोजन किया गया है 26 जनवरी को भी इसे जारी रखें। उन्होंने सभी को आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखते हुए खुद की टुकड़ी को प्रथम स्थान हासिल करने की दिशा में भव्य परेड करने पर बल दिया। वहीं एसपी रीष्मा रमेशन ने परेड में भाग ले रहे प्लाटुन का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पलामू में परेड सुंदर और खूबसूरत दिखेगी।

# साहिबगंज में गणतंत्र दिवस परेड का फाइनल रिहर्सल, डीसी ने परेड का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती व पुलिस अधीक्षक अमित सिंह की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इसके अलावे पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में जैप-9 के जवानों की टुकड़ी सहित महिला, पुरूष पुलिस जवान, गृह रक्षा वाहिनी कैडेरों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सार्जेन्ट मेजर व सार्जेन्ट ने पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया। ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस की तैयारियों के तहत परेड का पूर्वाभ्यास 19 जनवरी से चल रहा था। 24 जनवरी को अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। मौके पर उपायुक्त ने सभी का



उत्साहवर्द्धन किया। साथ ही संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को परेड को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश भी दिया। पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त हेमंत सती ने आयोजन स्थल पर बने सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपायुक्त ने ध्वजारोहण का पूर्वाभ्यास करते हुए जवानों की 6 टुकड़ियों के परेड की सलामी ली। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व को लेकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कहा कि झंडोत्तोलन के अलावे कुल 18 विभगों की झांकियां निकाली जा रही हैं। साथ ही परेड का आयोजन भी किया जाएगा एवं अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा। मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा, डीएफओ, सदर एसडीओ, पुलिस उपाधीक्षक, नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिले के वरीय पदाधिकारी,नगर परिषद के कर्मी, आयोजन से जुड़े कर्मी, विद्यालय की छात्र छात्राएं एवं अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### सरायकेला में दर्दनाक सड़क हादसा, एक युवक की मौत

**सरायकेला :** सरायकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत कालाडूंगरी के पास हुए एक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक वैद्यनाथ लोहार की मौत हो गई। मृतक चांडिल प्रखंड के बंसा गांव निवासी गनत लोहार का पुत्र था। घटना का खुलासा शनिवार सुबह तब हुआ, जब स्थानीय ग्रामीण पुलिया के पास पहुंचे और नीचे खाई में एक क्षतिग्रस्त बाइक के साथ युवक का शव देखा। मृतक के परिजनों के अनुसार, वैद्यनाथ शुक्रवार शाम अपने एक दोस्त को उसके गांव छोड़ने गया था। दोस्त को गांव पहुंचाने के बाद वह रात में बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान घाघी नदी के पास स्थित पुलिया पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से फिसलते हुए नीचे खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने सरायकेला थाना पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को खाई से निकालकर अपने कब्जे में लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सरायकेला भेज दिया गया।

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरी, उपायुक्त और एसएसपी ने परेड का किया निरीक्षण

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले में गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को गोपाल मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह के तहत परेड में शामिल टुकड़ियों के फुल ड्रेस रिहर्सल का उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने परेड की अनुशासनात्मक स्थिति, तालमेल, मार्च पास्ट और समग्र व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। परेड में जैप–6 की एक प्लाटून, जिला पुलिस बल की दो प्लाटून, जिला गृह रक्षक की एक प्लाटून, एनसीसी की महिला एवं पुरुष इकाई की दो प्लाटून तथा स्काउट एंड गाइड की दो प्लाटून शामिल रहीं। सभी टुकड़ियों ने पूरे अनुशासन और उत्साह के साथ अंतिम पूर्वाभ्यास में भाग लिया। जिला के वरीय पदाधिकारियों ने मुख्य समारोह स्थल पर की जा रही अन्य तैयारियों का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, बैठने की व्यवस्था, झांकियों की प्रस्तुति और कार्यक्रम के सुचारु संचालन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि 26 जनवरी 2026 को प्रातः 09:05 बजे गोपाल मैदान में ध्वजारोहण किया जाएगा।

### देवघर में श्रद्धा के साथ मनी कपूरी ठाकुर की जयंती

**देवघर :** देवघर में शनिवार को भारत रत्न कपूरी ठाकुर की 102वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कपूरी लोहिया विचार मंच की ओर से स्टेशन रोड के कपूरी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में जननायक कपूरी ठाकुर को नमन किया गया। मंच के अध्यक्ष रमणिकांत ठाकुर ने विचाराधीन प्रतिमा स्थल पर कपूरी ठाकुर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मंच के सदस्य सह आजसू नेता ध्रुव प्रसाद साह ने कपूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला। विधायक प्रतिनिधि संजय मंडल कपूरी ठाकुर द्वारा संयुक्त बिहार के समय किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। मंच के अनिल चंद्रवंशी व जलेश्वर ठाकुर ने भी विचार व्यक्त किए। मौके पर उदय चक्रवर्ती, अभिजीत डे, जीतेंद्र कुमार चौधरी, कृष्ण ठाकुर, सुमित कुमार, प्रमोद यादव, जमीर अंसारी, हरि यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## रोजगार एवं आजीविका मिशन के प्रचार हेतु भाजपा का जिला स्तरीय सम्मेलन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु शनिवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा की अध्यक्षता में बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन में आयोजित सम्मेलन में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो मुख्यवक्ता के रूप में शामिल हुए। वहीं, इस दौरान प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, कार्यक्रम के प्रदेश टोली के सह संयोजक दिनेश कुमार मौजूद रहे। सम्मेलन में स्वागत सह अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि वीबी जी राम जी योजना पर लोगों को गुमराह करने की विपक्ष की



साजिश को भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बेनकाब करेंगे और जनता को बताएंगे कि मोदी सरकार की योजनाएं किस प्रकार से उनके जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत महतो ने कहा कि विकसित भारत-जी-राम-जी योजना गांव, किसान और श्रमिक को केंद्र में रखकर ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाएगी, जिससे उन्हें स्थायी आजीविका का आधार मिलेगा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार बेस्ट इलेक्शन डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड से राष्ट्रपति द्वारा होंगे सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पाकुड़ मनीष कुमार बेस्ट इलेक्शन डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड से सम्मानित होंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर शनिवार को आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय परिसर, रांची में मध्याह्न 12:00 बजे से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य निर्वाचन आयुक्त, झारखंड अलका तिवारी होंगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किए जाने वाले पदाधिकारियों की सूची।

- चन्दन कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम
- हेमन्त सती, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, साहेबगंज
- मनीष कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, पाकुड़
- सुबोध कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह संयुक्त सचिव
- रंथु महतो, उप निर्वाचन पदाधिकारी, गिरिडीह
- सुशील कुमार राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी, गढ़वा
- सुनील चन्द्रा, निवार्ची पदाधिकारी, 45–घाटशिला (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
- रवि कुमार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 15–देवघर (अ०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
- सुनील कुमार सिंह, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, मुख्यालय
- चन्दन कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, झारखण्ड
- आशुतोष रंजन, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, झारखण्ड

## जिलेभर में रक्तदान शिविर में 52 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकतांत्रिक चेतना के साथ मानवीय संवेदनशीलता का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। प्रोजेक्ट जागृति के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों में एक साथ रक्तदान शिविरों का आयोजन कर समाज सेवा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा का सशक्त संदेश दिया गया। रक्तदान शिविर रक्त अधिकोष, पुराना सदर अस्पताल, पाकुड़ सहित सीएचसी हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, अमड़ापाड़ा, महेशपुर एवं पाकुड़िया में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। शिविरों में आम नागरिकों के साथ-साथ जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**दीप प्रज्वलन के साथ रक्तदान शिविर का शुभारंभ**

सभी शिविरों का शुभारंभ संबंधित पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं कॉफी मग प्रदान कर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बनती है।

**52 रक्तदाताओं ने दिया जीवन का उपहार**

आयोजित शिविरों में कुल 52 लोगों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान कर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया। रक्तदाताओं में अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक शामिल थे, जिन्होंने सामूहिक सहभागिता से इस जीवनरक्षक अभियान को सफल बनाया। मौके पर उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती के साथ - साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का संदेश देना भी आवश्यक है। रक्तदान जैसे मानवीय कार्य समाज में संवेदनशीलता, सहयोग एवं सेवा भावना को सुदृढ़ करते हैं। प्रोजेक्ट जागृति के तहत नियमित रूप से आयोजित रक्तदान शिविर यह सुनिश्चित करेंगे कि आवश्यकता के समय किसी भी जरूरतमंद को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े।

## प्रधानाध्यापक से मारपीट और बंधक बनाने के आरोपित पांच गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के सियालबिंदा गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। अपराधियों ने गांव के उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक लखविंदर बेसरा के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बना लिया। पुलिस ने मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सियालबिंदा उच्च विद्यालय परिसर में कुछ लोगों ने बिना किसी कारण के शुक्रवार को प्रधानाध्यापक को नीम के पेड़ से बांध दिया। आरोप है कि इस दौरान उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। विद्यालय परिसर में हुई इस अमानवीय घटना से शिक्षा जगत सहित पूरे इलाके



में आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी गई और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठने लगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बहरागोड़ा थाना पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की। जांच के दौरान लगाए गए आरोपों की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने सियालबिंदा गांव निवासी मानिक बेरा (36), संजय बेरा (32), नंदलाल बेरा (23), विनोद बेरा (30) और नारायण बेरा (40) को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर साहेबगंज में बाल विवाह उन्मूलन का सशक्त अभियान चलाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिले भर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका सशक्तिकरण एवं बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम एवं उन्मूलन को लेकर समुदाय को कानूनी रूप से जागरूक करना, बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी देना तथा उनके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशीलता




बढ़ाना रहा। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, कानूनी एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों – जैसे स्कूल छोड़ना, कुपोषण, कम उम्र में गर्भधारण, गंभीर स्वास्थ्य जोखिम एवं कानूनी अधिकारों से वंचित होना – पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बाल विवाह की रोकथाम में माता-पिता, अभिभावकों, बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारियों एवं समुदाय की भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के विभिन्न विद्यालयों, पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सामुदायिक स्थलों पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लीगल एड डिफेन्स काउंसिल , पैरा लीगल वालंटियर्स द्वारा लोगों को बालिकाओं के अधिकार, निःशुल्क कानूनी सहायता, हेल्पलाइन सेवाओं एवं रिपोर्टिंग तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान प्रतिभागियों को बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं – जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, पोषण अभियान/मिशन पोषण 2.0, पीएम पोषण (मिड-डे मील), जननी सुरक्षा योजना सहित राज्य सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं–की भी जानकारी दी गई। जागरूकता को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बाल विवाह के दुष्प्रभाव, बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में जागरूकता के साथ-साथ आत्मविश्वास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज में भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे : विधायक



**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के जामनगर प्रांतोला में श्री श्री 108 भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन बालक संघ एवं युवक संघ के द्वारा सार्वजनिक सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर किया गया है। कलश यात्रा का विधिवत्त शुभारंभ राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा, विधायक प्रतिनिधि मो मारुफ उर्फ गुड्डू ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कमेटी के सदस्यों ने माला एवं चुनरी भेंट कर अभिनंदन किया। 501 कन्याओं ने कलश यात्रा निकालकर जामनगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया। विधायक ने कहा कि भाईचारा के साथ क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे यही हम सब का सोच और संदेश है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, एकरामुल शेख, अजय दास, नकुल मंडल, बिंदेश्वरी यादव सहित अन्य मौजूद थे शांति संघ पूजा पंडाल का किया उद्घाटन प्रखंड के गुदाराघाट अस्पताल परिसर में शांति संघ के माध्यम से आयोजित सरस्वती पूजा पंडाल का राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने फीता काट कर उद्घाटन किया। कमेटी के सदस्यों ने अंग वस्त्र देकर अतिथि का स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, अर्जुन राम ,राहुल साहा, पवन ,संजीव, रोशन सहित अन्य मौजूद थे।

### मारपीट के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**साहिबगंज :** राजमहल अनुमंडल पुलिस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 22 जनवरी 2026 को वादिनी रुपाली देवी (31) पति स्व० सुनील चौधरी, साकिन केवटपाड़ा पूर्वी उधवा, थाना राधानगर, जिला साहेबगंज के पति सुनील चौधरी दिनांक 19 जनवरी 2026 को 4 बजे शाम में अपने परिचित के अंतिम संस्कार करने के लिए तीनपहाड़ थानान्तर्गत चतराडीह श्मशान घाट में आये हुए थे। उसी क्रम में वादिनी के पति को मारपीट कर जख्मी कर दिये। ईलाज करने हेतु मालदा ले जाया गया, इलाज के क्रम में मालदा से कलकत्ता रेफर कर दिया गया, कलकत्ता ले जाने के दौरान उनकी मृत्यु 21 जनवरी 2026 को हो गई। वादिनी के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर तीनपहाड़ थाना कांड सख्या 03/2026, दिनाक 22 जनवरी 2026, धारा–103 (1)3(5) भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत अंकित किया गया है। पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदधिकारी राजमहल के नेतृत्व में इस कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2026 को कांड के प्राथमिकी अभियुक्त मोती रजवार (34) पिता स्व० भुदेव रजवार, राजू राय (31), पिता स्व० जुना राय, दोनों का साकीन चतराडीह पुराना टोला, थाना–तीनपहाड़, जिला– साहेबगंज को विधियत गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। कांड में अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान जारी है। मौके पर छापामारी दल में पुनि राजीव रजन, अंचल निरीक्षक राजमहल प्रभाग, पुअनि मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी, पुअनि गजेन्द्र कुमार, पुअनि साहिद अहमद खान, सअनि प्रदीप कुमार, हवलदार प्रदीप हेम्ब्रम, आ/389 मखन कुमार, सभी तीनपहाड़ थाना शामिल थे।

### झारखंड बार काउंसिल अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण का राजमहल दौरा, अधिवक्ताओं की समस्याओं पर हुई चर्चा



**साहिबगंज :** झारखंड बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण शुक्रवार को राजमहल पहुंचे, जहां उनका राजमहल अधिवक्ता संघ के सजीव निरंजन कुमार सरकार व अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। इसके बाद सर्किट हाउस में उन्होंने स्थानीय अधिवक्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। वही बैठक के दौरान 'हिंदू धर्म रक्षा मंच' के केंद्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता संत कुमार घोष ने राजेंद्र कृष्ण को अंग–वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के आगमन से स्थानीय अधिवक्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। वही अधिवक्ता संघ के सचिव निरंजन सरकार ने बैठक में कई प्रमुख मुद्दे रखे। इनमें अधिवक्ताओं के डेथ क्लेम मामलों के त्वरित निस्तारण, अधिवक्ता कल्याण कोष के टिकटों की उपलब्धता, विभिन्न कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और संघ के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया गया। वही इन समस्याओं को सुनने के बाद अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने सभी मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्य करने और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वही इस अवसर पर अनुमंडल अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनीलाल मंडल, सचिव निरंजन सरकार सहित ओमप्रकाश सिंह, पियुस मिश्रा, अरुप कुमार सेन, विकास कुमार, सुधीर चंद्र घोष, जहीर सेख, अनिल सिंह, मो. शमीम, सुबोध महतो, ध्रुवचंद मंडल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### जदयू महानगर के उपाध्यक्ष अशोक और राजकुमार बने महासचिव

**पूर्वी सिंहभूम :** जनता दल यूनाइटेड के महानगर अध्यक्ष अजय कुमार ने पार्टी को सरल और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जमशेदपुर महानगर इकाई का पुर्नगठन किया है। इस संबंध में पार्टी महानगर इकाई की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में नई कार्यकारिणी की जानकारी दी गई। महानगर अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि जमशेदपुर महानगर इकाई में अब कार्यकारी अध्यक्ष का पद नहीं रहेगा। नई कार्यकारिणी में अशोक सिंह को उपाध्यक्ष, राजकुमार पासवान को महासचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, विनीत सिंह, दीपक गौड़, पूजा अग्रवाल, मृत्युंजय शर्मा, विनोद सिंह, विकास रजक, धनोज सिंह और राजीव सिन्हा को सचिव बनाया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में सन्नी गोप को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अजय कुमार ने बताया कि सभी नई नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं और उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने की अपील की है।

# कपूरी जयंती समारोह, पटना में राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

## ऐश पाइपलाइन में था लीकेज,मृतकों के परिजनों को 20 लाख देगी कंपनी, कांग्रेस करेगी जांच





**पटना।** भारत रतन ठाकुर का 102 की जयंती मनाई जा रही है। कपूर्री ठाकुर के जयंती के मौके पर हर राजनीतिक दल उन्हें याद कर रहा है और श्रद्धांजलि देकर उनके कामों को लोगों तक पहुंचा रहा है। कपूर्री जयंती के मौके पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी विधानसभा पहुंचकर कपूर्री ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी आज सबसे पहले विधानसभा स्थित कपूर्री ठाकुर के विशाल प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी विजय सिन्हा विजय चौधरी सहित कई नेता शामिल हुए।डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कपूर्री जयंती के मौके पर विरोधियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कपूर्री ठाकुर ने अपने आचरण और स्वभाव से सबके बीच सम्मान पाया। वह अभाव में भी लोगों के बीच प्रभाव छोड़ा। विजय सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न देकर उन्हें बड़ा सम्मान दिया। सभी को चाहिए कि जातीय नफरत को खत्म कर आपसी भाईचारा बनाए रखें। आरजेडी पर हमला करते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि, 'कपूर्री ठाकुर से सबक लेना चाहिए कि कैसे अभाव में भी लोगों के बीच सम्मान पाया जाता है।' जननायक कपूर्री ठाकुर के जयंती के मौके पर पटना स्थित जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जदयू कार्यालय पहुंचकर कपूर्री ठाकुर के तस्वीर पर माल्यार्पण किया और दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जननायक कपूर्री ठाकुर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंत्री विजय चौधरी और श्याम रजक ने कपूर्री ठाकुर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान कपूर्री ठाकुर के सामाजिक न्याय, पिछड़ों और वंचित वर्गों के उत्थान में उनके योगदान को याद किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता सहित महिलाएं भी मौजूद रहीं। इस मौके पर मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर लोगों के दिलों की धड़कन है। कपूर्री जी के ही रास्ते पर चलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके सपनों को साकार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कपूर्री ठाकुर के हर सपने को जमीन पर उतारा है। आज सभी लोग आकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजद द्वारा मनाया जा रहे कपूर्री ठाकुर जयंती पर तंज करते हुए कहा कि, 'उन लोगों को भी सद्बुद्धि आई है जो कपूर्री के विचारों को भी नहीं मानते।' बीजेपी और आरजेडी भी मना रही है कपूर्री जयंती भारतीय जनता पार्टी और आरजेडी भी आज कपूर्री जयंती अपने कार्यालय में मना रही है। बीजेपी में हो रहे कपूरी जयंती समझ में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित बीजेपी के तमाम बड़े चेहरे शामिल होंगे। वहीं, आरजेडी कार्यालय में होने वाले कपूर्री जयंती समारोह में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव शामिल होंगें। शुक्रवार को पटना में सामजिक न्यायिक मोर्चा और नाई महासभा ने जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कपूर्री ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कपूर्री ठाकुर गरीबों, दलितों, पिछड़ों और सवर्ण समाज के गरीबों की सशक्त आवाज थे। उन्होंने समाज के उस वर्ग को आगे बढ़ाने का काम किया, जो मुख्यधारा से बिछड़ गया था। उनका योगदान बिहार ही नहीं, पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रेम कुमार ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कपूर्री ठाकुर के सपनों को साकार करने का काम कर रहे हैं। सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की जो परिकल्पना कपूर्री ठाकुर ने की थी, उसे आज की सरकार आगे बढ़ा रही है।

## भाई वीरेंद्र बोले-पार्टी नेतृत्व की गलत रणनीति से चुनाव हारे



**पटना।** चुनाव में आरजेडी की हार के बाद पार्टी के भीतर सवाल उठने लगे हैं। मनेर से आरजेडी विधायक भाई वीरेंद्र ने चुनाव में हार को लेकर पार्टी नेतृत्व की रणनीति और टिकट बंटवारे के तौर-तरीकों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि गलत रणनीति और टिकट बंटवारे की चूक ने पार्टी को भारी नुकसान पहुंचाया। दरअसल, शुक्रवार को एक कार्यक्रम में भाई वीरेंद्र ने चुनाव में विजय मंडल के टिकट काटे जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने इशारों में तेजस्वी यादव के फैसले पर सवाल उठाए। फ्खऊ विधायक ने कहा पार्टी को चुनाव में हार का सामना इसलिए करना पड़ा, क्योंकि जमीनी कार्यकताओं और मजबूत दावेदारों की अनदेखी की गई। भाई वीरेंद्र ने कहा, 'जो लोग वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे थे, उन्हें टिकट नहीं दिया गया, जबकि कई बाहरी और कमजोर उम्मीदवारों को मौका दे दिया गया। चुनावी रणनीति में गंभीर चूक हुई है और इसी का खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ा।' विधायक ने आगे कहा, 'जब चुनाव में कार्यकर्ता ही उत्साहित नहीं होंगे, तो उसका सीधा असर नतीजों पर पड़ेगा।' उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वे और विजय मंडल एक साथ विधायक बने थे, लेकिन इस बार चुनाव में विजय मंडल का टिकट काट दिया गया। भाई वीरेंद्र ने कहा, 'मुझे यह बात नहीं कहनी चाहिए, लेकिन जब मजबूत और अनुभवी लोगों को बाहर कर दिया जाएगा तो नुकसान तो होगा ही।' काशीनाथ सिंह यादव अमई गांव के रहने वाले थे। पार्टी ने उन्हें एक बार पीरो विधानसभा सीट से टिकट भी दिया था। उन्हीं की श्रद्धांजलि सभा में मैं शामिल हुआ था। जिस कार्यक्रम में मैं गया था, वहां समाजवादी धारा के लोग मौजूद थे। मैंने जो बात कही है, वह बिल्कुल सही है। जिन लोगों ने इस तरह का कुकृत्य किया है, मामला सिर्फ विजय मंडल तक सीमित नहीं है। तीन जिलों की जिम्मेदारी एक ही व्यक्ति को दी गई थी और उन तीनों जिलों को बेच दिया गया। किसने बेचा, यह पार्टी की जांच का विषय है। यह भी जांच होनी चाहिए कि कैमूर, रोहतास और बक्सर जिलों की जिम्मेदारी किन लोगों को सौंपी गई थी। बक्सर जिले से पार्टी सिर्फ एक सीट ही जीत पाई। जब हम कोई बात बेबाकी से रखते हैं, तो सोच-समझकर और पूरी जिम्मेदारी के साथ रखते हैं। मैं जो कह रहा हूं, वह सही है और इस पर मैं अडिग हूं। उन्होंने स्पष्ट कहा, 'मैं बगावत नहीं कर रहा हूं, सच्चाई को मैं सामने लाया हूं। वहां श्रद्धांजलि सभा में कहा चुका हूं कि ऐसे लीडर को लोगों ने बढ़ने नहीं दिया और किन लोगों ने बढ़ने नहीं दिया, वह की जनता से जा कर पूछिए।'

## अंडर-19 वर्ल्ड कप, सरफराज खान का रिकॉर्ड तोड़ेंगे वैभव सूर्यवंशी



**पटना।** अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत का तीसरा मुकाबला न्यूजीलैंड से है। मैच आज दोपहर 1 बजे से जिम्बाब्वे के बुलावायो में शुरू होगा। भारत अपना पहला दो मुकाबला जीतकर सुपर-सिक्स में जगह बना चुका है। बिहार के वैभव सूर्यवंशी आज के मुकाबले में सरफराज खान का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। उनके नाम अभी 1047 रन दर्ज हैं, जबकि सरफराज खान के 1080 रन हैं। ऐसे में वैभव को सरफराज से आगे निकलने के लिए सिर्फ 33 रन की जरूरत है। इतना ही नहीं, अगर वैभव इस मुकाबले में 102 रन बना लेते हैं तो भारतीय कप्तान शुभमन गिल और उन्मुक्त चंद के 1149 यूथ वनडे रनों का रिकॉर्ड भी टूट जाएगा।भारत और न्यूजीलैंड का यह लीग स्टेज का आखिरी मैच है। भारत ने अब तक दोनों मुकाबले जीतकर ग्रुप-बी में टॉप पर जगह बनाई है। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे मैच में वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा था। वे विराट के रिकॉर्ड तोड़ने से 3 रन दूर थे। वैभव ने 4 रन बनाने के साथ ही यूथ वनडे में इंडिया के टॉप स्कोरर की लिस्ट में कोहली को पीछे छोड़ दिया। यूथ वनडे में भारत के टॉप स्कोरर की लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी 8वें से 7वें नंबर पर आ गए हैं। वैभव सूर्यवंशी ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 72 रन बनाए थे। इसमें 3 छक्के और 6 चौके शामिल थे। 8वें ओवर में वैभव ने यूथ वनडे में एक हजार रन पूरे कर लिए थे। इसी के साथ वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप में 50 प्लस स्कोर करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। वैभव सूर्यवंशी ने 13वें ओवर में हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने अफगानिस्तान के शाहिदुल्लाह कमाल को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, अमेरिका के साथ खेले गए पहले मैच में वैभव सिर्फ 2 रन बनाकर ही आउट हो गए थे।

## बिहार में होगा 'दंगल', विजेता को 1 लाख इनाम



**पटना।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से फरवरी में मल्लयुद्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस साल इस प्रतियोगिता का नाम 'दंगल' रखा गया है। दो दिवसीय यह प्रतियोगिता 14 और 15 फरवरी को संभावित है।इस बार दंगल का आयोजन जमुई के एसके सिंह स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें प्रथम आने वाले को 1 लाख रुपए, दूसरे स्थान पर रहने वाले को 50 हजार और तीसरे स्थान वाले को 25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने कहा कि, इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एंट्री ऑनलाइन होगी। इसके लिए पोर्टल खोला जाएगा जिसमें लिंक के माध्यम से खिलाड़ी उसमें रजिस्टर कर सकते हैं। वेट कैटेगरी के अनुसार खिलाड़ी अपना एंट्री डाल सकते हैं। खासबात यह है कि हर खिलाड़ी को ऑनलाइन ही पता चल जाएगा कि उनका मुकाबला किस खिलाड़ी के साथ होगा, ताकि पारदर्शिता के साथ मल्लयुद्ध प्रतियोगिता का आयोजन हो। लड़कों के 4 और लड़कियों के 3 वेट कैटेगरी में होगी प्रतियोगिता रवीन्द्रण शंकरण ने आगे बताया कि, हर साल बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से मल्लयुद्ध का कार्यक्रम किया जाता है। मेरा आग्रह है कि बिहार में जितने भी मल्लयुद्ध के अखाड़े हैं, जैसे बेतिया बगहा से लेकर गया और बक्सर से लेकर मुंगेर भागलपुर तक, सभी इस कार्यक्रम में भाग लें। इस प्रतियोगिता का आयोजन लड़कों के लिए चार वेट कैटेगरी में और लड़कियों के लिए तीन वेट कैटेगरी में होगा। इस प्रतियोगिता की तारीख अभी तय नहीं की गई है, लेकिन 14 और 15 फरवरी को यह संभावित है।

## नवादा में मेडिकल प्रैक्टिशनर की हत्या

**नवादा।** रोह के कोशी में एक ग्रामीण प्रैक्टिशनर की निर्मम हत्या कर दी गई है। घटना नवादा जिले के रोह प्रखंड के कोशी गाँव की है, जहाँ शुक्रवार को अलग-अलग हिस्से में बँटा हुआ अधजला शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान ग्रामीण चिकित्सक 45 वर्षीय अशोक मिस्त्री के रूप में की गई है। गाँव से महज 500 मीटर की दूरी पर एक खेत से ग्रामीण डॉक्टर का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। अपराधियों ने इस हत्याकांड को बेहद खौफनाक अंजाम दिया है। पहले डॉक्टर के शरीर को, धड़ को दो टुकड़ों में काट दिया गया और फिर शव को जला दिया गया। अधिकांश भाग जल गया, चेहरा और बाकी कुछ ही हिस्सा बचा है। गुरुवार की शाम से गायब डॉक्टर को खोज रहे परिजनों को शुक्रवार को जला हुआ शव मिलने की सूचना मिली, तो फिर चेहरे से पहचान हुई। सूचना मिलने पर मौके पर थानाध्यक्ष रंजन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुँच कर पुलिस ने अधजला शव बरामद कर लिया है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं परिजनों में शोक और आक्रोश व्याप्त है। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## जरूरतमंदों के यहाँ लगेंगे सोलर सिस्टम: नीतीश



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में मुफ्त घरेलू बिजली के बाद अब सभी जरूरतमंद व इच्छुक उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर सिस्टम लगेंगे। अगले पाँच साल यानी 2030 तक बिहार को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाएँगे। इसके लिए सात निश्चय-3 के तहत विकासात्मक व लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान शुक्रवार को मुजफ्फरपुर शहर के अहियापुर बाजार समिति प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 853 करोड़ की लागत से 172 योजनाओं का रिमोट से शिलान्यास-उद्घाटन व कायारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुजफ्फरपुर के विकास के लिए रोजगार, औद्योगिक क्षेत्र, डेयरी, आदर्श डिग्री कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएँगे। सीएम ने जीविका के स्टॉलों का निरीक्षण के साथ 27628 समूहों को 406 करोड़ रुपए का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि नवंबर 2005 में एनडीए की सरकार बनने पर विकास कार्य होने लगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पताही से उड़ान शुरू करने के लिए रन-वे बनाने का टेंडर हो गया है। इस दौरान डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री राम कृपाल यादव व अन्य मौजूद रहे।

# बिहार से 450 युवाओं को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

## केंद्रीय मंत्री बोले- पूरी दुनिया में तेजी से आगे बढ़ रही है भारत की अर्थव्यवस्था





**पटना।** रोजगार मेला के तहत आज पटना के ऊर्जा स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन रइ की ओर से किया गया। पूरे देशभर के 45 स्थानों पर 61000 अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र बांटे गए। बिहार में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन संबोधन करते हुए कहा कि 61000 से अधिक नौजवान आज नई शुरूआत कर रहे हैं। यह विकसित भारत के निर्माण का संकल्प पत्र है। मैं आप सभी युवाओं को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं नियुक्ति पत्र के लिए दे रहा हूं। पीएम मोदी भारत दुनिया के सबसे युवाओं देशों में से एक है। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि अलग अलग देशों में अपने देश के युवाओं के लिए अवसर बढ़े। आज भारत एक बड़ा मैनुफैक्चरिंग पावर बनते जा रहा है। ्नागरिक देवो भव पर सभी सेवक काम करें। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि, 'प्रधानमंत्री का लक्ष्य 10 लाख युवाओं को रोजगार देना है। आज इस केंद्र से बिहार के 450 युवाओं को रोजगार दिए जा रहे हैं। यह देश आने वाले समय में पूरी दुनिया में स्टार्टअप का हब बनने जा रहा है। हर तरीके से प्रधानमंत्री देश के युवाओं को रोजगार की दिशा में मदद कर रहे हैं। देश में निर्मित सामानों के यूज पर बल दिया जा रहा है। यह संकल्प देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएगा।' सशस्त्र सीमा बल के महानिरीक्षक निशित कुमार उज्व्वल ने कहा कि, '18 वें संस्करण में आज पूरे देश में किया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से बिहार में इसके आयोजन की जिम्मेदारी शस्त्र सीमा बल को सौंपी गई है। इसके लिए गृहमंत्री का आभार प्रकट करता हूं।'

## संक्षिप्त डायरी

### दानापुर में गोलीबारी मामले में एक की गिरफ्तारी



**दानापुर।** में आपसी विवाद में गोलीबारी हुई थी। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दूसरा मौके से फरार हो गया, उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से एक कट्टा औक एक खोखा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर निवासी संजय राय का बटा कुंदन कुमार है। फरार आरोपी कुंदन का भाई जितेंद्र कुमार है। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र का है। गोलीबारी में एक घायल हो गया था, जिसका इलाज चल रहा दानापुर एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि शाहपुर थाना अंतर्गत भगवतीपुर में मारपीट और गोलीबारी की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही शाहपुर थाना की गश्ती टीम और डायल-112 की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को देखकर 2 युवक भागने लगे, जिनमें से 1 को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया, जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। पकड़े गए युवक की निशानदेही पर घटनास्थल के पास सड़क किनारे घास में फेंका हुआ एक देसी कट्टा और एक खोखा बरामद किया गया। एएसपी धाकड़ ने आगे बताया कि इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हो गया था, जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। प्रारंभिक जांच में विवाद के पीछे 'लव ट्राइंगल' का मामला सामने आ रहा है। इन पक्षों के बीच पहले भी मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़ित पक्ष के मनीष कुमार के आवेदन पर शाहपुर थाना में कांड संख्या 25/26 दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### पटना हाईकोर्ट को मिले नए न्यायाधीश



**पटना।** वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुल राज बने जजपटना हाईकोर्ट को नया न्यायाधीश मिल गया है। राजधानी पटना के वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुल राज को पटना हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया है। इस संबंध में केंद्रीय कानून मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है।अंशुल राज पटना हाईकोर्ट के जाने-माने और अनुभवी वकीलों में गिने जाते हैं। वे लंबे समय से हाईकोर्ट में वकालत कर रहे हैं और कई महत्वपूर्ण मामलों में अपनी मजबूत फैसलों के लिए पहचाने जाते है।वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा के बेटे हैं अंशुल राजअंशुल राज, वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा के पुत्र हैं। योगेश चंद्र वर्मा पटना हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं और बिहार स्टेट बार काउंसिल के सदस्य भी रहे हैं। बेटे की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और अधिवक्ता समाज में खुशी का माहौल है। अंशुल राज का शपथ ग्रहण समारोह भी जल्द ही आयोजित किया जाएगा।जानकारी के अनुसार, अंशुल राज का नाम पहले पटना हाईकोर्ट कॉलेजियम ने जज पद के लिए अनुशंसित किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने भी उनके नाम पर सहमति दी। जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी।केंद्रीय कानून मंत्री ने दी जानकारी केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद राष्ट्रपति ने अंशुल राज को पटना हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया है। अंशुल राज न केवल पटना बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चित वकील रहे हैं। वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े बिहार के मामलों में भी बतौर अधिवक्ता काम कर चुके हैं। उनकी पहचान तेज-तर्रार और गहरी कानूनी समझ रखने वाले वकील के रूप में है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश



**दानापुर।** में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम की महत्वाकांक्षी योजना 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दानापुर कैंट स्थित +2 जानकधारी उच्च विद्यालय परिसर में हुआ, जिसमें दानापुर के विभिन्न स्कूलों से बड़ी संख्या में छात्राओं, शिक्षकों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने निकाली गई जागरूकता रैली से हुई। इस रैली को बीडीओ आलोक कुमार, सीओ चंदन कुमार और बीईओ विनोद कुमार विकास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली स्कूल से प्रारंभ होकर अलख सिन्हा मार्ग, एमईएस पुल, सैनिक चौक, बीआरसी शहीद स्मारक तक गई और उसी मार्ग से वापस स्कूल में समाप्त हुई। विद्यालय की शिक्षिकाएं भी छात्राओं के साथ रहीं। रैली में शामिल छात्राओं ने भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा और नशाखोरी के उन्मूलन को लेकर नारे लगाए। इस अवसर पर बालिकाओं ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि बेटा-बेटी में अंतर न करें, बेटी है तभी परिवार है, दहेज लेकर बहू न लाएं, भ्रूण में बेटी होने पर भ्रूण हत्या न करें और बेटी को जरूर पढ़ाएं। जागरूकता रैली के साथ ही स्कूल प्रांगण में छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।इस दौरान दानापुर के सीओ चंदन कुमार ने बताया कि, बालिकाओं का सशक्तिकरण किसी भी समाज के समग्र विकास की मजबूत नींव है। उन्होंने जोर दिया कि बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करके ही एक सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वासी बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में दानापुर के दस से अधिक विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रजौली।** प्राणचक मोड़ के पास सोमवार देर शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में मृतक की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी बीरू राजवंशी के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक सौरभ गांगुली का इलाज अस्पताल में चल रहा है। दोनों आपस में चाचा-भतीजा बताए जा रहे हैं। घायल सौरभ गांगुली ने बताया कि वह अपने चाचा बीरू राजवंशी के साथ रजौली में आयोजित प्रसिद्ध श्रृंगी ऋषि मेला देखने गया था। मेला देखकर लौटने के दौरान घर जाने के लिए कोई साधन नहीं मिला, जिस पर दोनों ने एक अपरिचित बाइक सवार से लिफ्ट मांगी। बाइक पर पीछे बैठकर वे प्राणचक मोड़ की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

# डांट की जगह प्यार, मोबाइल की जगह पढ़ाई...

नया साल सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं, बल्कि पेरेंट्स के लिए भी आत्ममंथन का समय होता है। अगर माता-पिता कुछ अच्छे रेज़ोल्यूशन्स अपनाएं, तो बच्चों की परवरिश और भविष्य दोनों बेहतर बन सकते हैं। आज के समय में परफेक्ट पेरेंट नहीं, प्रेज़ेंट पेरेंट बनना ज़रूरी है। जब माता-पिता बदलते हैं, तो बच्चे खुद-ब-खुद बेहतर बनते हैं।

## बच्चों को समय देने का रेज़ोल्यूशन

आज की भागदौड़ में सबसे ज़्यादा कमी क्वालिटी टाइम की होती है। रोज़ कम से कम 30 मिनट बिना मोबाइल बच्चों के साथ बिताएं, उनकी बातें ध्यान से सुनें। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। बच्चे देखकर सीखते हैं। खुद का स्क्रीन टाइम कम करें, खाने और बात करते समय मोबाइल दूर रखें। इससे बच्चों में डिजिटल लत से बचाव होगा

हेल्दी खानपान की आदत खुद अपनाएंगे

जंक फूड कम करें। घर के खाने को प्राथमिकता दें। बच्चा भी वही खाएगा जो माता-पिता खाते हैं। उन्हें नेचर से जोड़ें। बच्चों को कृतज्ञता, विनम्रता सिखाने से अच्छे संस्कार विकसित होते हैं

## बच्चों की नींद को प्राथमिकता देंगे



इस बात का प्रण लें कि देर रात मोबाइल/टीवी की आदत नहीं फिक्स स्लीप रूटीन अपनाएंगे। इससे बच्चे की ग्रोथ, इम्युनिटी और पढ़ाई पर असर पड़ता है। उनकी फीलिंग्स को नज़रअंदाज ना करें, डर, गुस्सा, उदासी पर खुलकर बात करें। इससे बच्चा इमोशनली मजबूत बनता है

## तुलना करना बंद करेंगे

किसी और बच्चे से अपने बच्चे की तुलना ना करें। बच्चे की यूनिक पहचान को स्वीकार करेंगे। इससे मेंटल प्रेशर और हीन भावना नहीं आती। बच्चे को नंबर से ज़्यादा सीखाने पर फोकस करें। गलती पर डांट नहीं, समझाएं, इससे सीखने का डर खत्म होता है। सिर्फ सख्ती नहीं प्यार और नियम दोनों का संतुलन। इससे बच्चा बात छुपाने की बजाय शेयर करना सीखेगा।

# सर्दी में नवजात शिशु की कैसे करें देखभाल?

सर्दियों में सेहत का ध्यान बहुत रखना पड़ता है. छोटे हों या फिर बड़े इस मौसम में हर कोई सर्दी-खांसी और मौसमी बीमारियों से ग्रस्त हो सकता है. ऐसे में नवजात शिशु की देखभाल तो बहुत जरूरी और महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि उनकी त्वचा और शरीर अभी भी विकसित हो रहे होते हैं. हैदराबाद के यशोदा हॉस्पिटल्स में कंसल्टेंट पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ. एन. वर्षा मोनिका रेड्डी ने बताया कि सर्दी के मौसम में न्यूबॉर्न बेबी की देखभाल करने के लिए क्या करना चाहिए.

### बच्चे की सेफ्टी

कमरे के तापमान के लिए आदर्श रेंज 20-22एष्ट (68-72एस्न) है. दम घुटने के जोखिम को कम करने के लिए, ढीली रजाई की जगह स्लीप बैग या पहनने वाली कंबल का इस्तेमाल करें. बच्चे को पालने में पीठ के बल लिटाएं, जिसमें तकिए, बंपर या भारी कंबल बिल्कुल न हों. बाहर उनके सिर, हाथों और पैरों को ढकें. घर के अंदर टोपी की जरूरत नहीं है जब तक कि जगह हवादार न हो.

### हाइड्रेशन और मॉइश्चराइजेशन

सर्दियों में मौसम में इस बात का ध्यान दें कि आपका बच्चा अच्छी तरह से हाइड्रेटेड और मॉइस्चराइज्ड रहें. न्यूबॉर्न बच्चों को हर दो से तीन दिन में गुनगुने पानी और पेट्रोलियम जेली जैसी खुशबू रहित चीजों से नहलाना चाहिए, क्योंकि ठंडी हवा उनकी नाजुक त्वचा को डिहाइड्रेट कर देती है, जिससे दरारें या डर्मेटाइटिस हो सकता है. बच्चों को अतिरिक्त पानी की जरूरत नहीं होती है, इसलिए उन्हें नियमित रूप से फॉर्मूला या ब्रेस्ट मिल्क देते रहें. डिहाइड्रेशन के संकेतों के लिए गीले डायपर चेक करें, हर दिन कम से कम छह डायपर बदलने की कोशिश करें.

### इम्यूनिटी बढ़ाएं

सर्दियों में फ्लू और आरएसवी जैसे वायरस आते हैं. ऐसे में ध्यान रखें कि आपके बच्चे के टीकाकरण पूरे हों, जिसमें छह महीने की उम्र से फ्लू का टीका भी शामिल है. मेहमानों को सीमित करें, खासकर जिन्हें सर्दी-जुकाम हो और सुनिश्चित करें कि वे अपने हाथ धोएं. हीटर से होने वाली सूखी इनडोर हवा से लड़ने और कंजेशन और खांसी को कम करने के लिए, कूल-मिस्ट ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करें.

### बाहर जाने के लिए जरूरी चीजें

अगर ज्यादा ठंड नहीं है, तो छोटी-मोटी सैर की जा सकती है. अगर हवा चल रही है या प्रदूषण है, तो बाहर न जाएं.

### परेशानी के संकेत?

सुस्ती, ठीक से खाना न खाना, बुखार या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत हॉस्पिटल जाना जरूरी है.





# बच्चों के बचपन में पेरेंट्स को भूलकर भी नहीं करनी चाहिए ये 5 गलतियां

## बड़े होकर हो सकती हैं कई परेशानियां

हर माता-पिता अपने बच्चे की खुशी के लिए अच्छी से अच्छी परवरिश करना चाहते हैं. लेकिन कई बार कुछ सिखाने और लाड-प्यार के कारण पेरेंट्स जाने-अनजाने कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जो बच्चे के भविष्य पर काफी ज्यादा नेगेटिव असर डालती है. हर मां-बाप को ध्यान रखना चाहिए कि एक बच्चे का बचपन ही उसके पूरे जीवन की नींव होता है. इस दौरान की गई छोटी से छोटी लापरवाही बच्चे के फ्यूचर पर मानसिक और भावनात्मक रूप से नेगेटिव प्रभाव डाल सकती है. ऐसी गलतियों से बच्चों का आत्मविश्वास टूट सकता है और वे डरपोक भी बन सकते हैं. इसी कड़ी में आज हम आपको 5 ऐसी पेरेंटिंग गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं जो माता-पिता अक्सर करते हैं. इन गलतियों से बच्चों को बड़े होकर काफी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

### 1. दूसरों से तुलना

कई बार जब बच्चों की पढ़ाई या खेल-कूद में अच्छी परफॉर्मेंस नहीं रहती है तो पेरेंट्स दूसरे बच्चों से तुलना करते हैं. इससे बच्चे खुद को दूसरों से काफी कम समझना शुरू कर देते हैं, जो कि काफी गलत है. इससे बच्चों का कॉन्फिडेंस भी टूट सकता है. ऐसे में दूसरों से तुलना करने की जगह आप बच्चों की तारीफ और प्रोत्साहित करें.

### 2. हमेशा कंट्रोल करने की आदत

कई माता-पिता अपने बच्चों को छोटी-छोटी चीजों पर काफी ज्यादा टोकते हैं या फिर उन्हें कंट्रोल करना शुरू कर देते हैं. हालांकि बच्चों को सीखाना और गलतियों पर समझाना भी काफी जरूरी होता है. लेकिन बार-बार एक ही चीज को लेकर कंट्रोल करने से उनकी डिसीजन लेने की क्षमता काफी कमजोर हो सकती है. ऐसे में बच्चों को दूसरों पर निर्भर रहने की आदत पड़ जाती है.

### 3. प्यार न दिखाना

अक्सर पेरेंट्स ये सोचते हैं कि ज्यादा लाड-प्यार दिखाने से बच्चा बिगड़ सकता है या फिर गलत फायदा उठा सकता है. लेकिन सच्चाई ये है कि मां-बाप के प्यार दिखाने से बच्चे खुद को मानसिक रूप से मजबूत और सुरक्षित महसूस करते हैं. ऐसे में आप बच्चों के बचपन में उन्हें प्यार दिखाने में बिल्कुल भी कंजूसी न करें.

### 4. बच्चों की फीलिंग्स को न समझना

छोटे बच्चे अक्सर छोटी-छोटी बातों पर रोना शुरू कर देते हैं और इसपर पेरेंट्स उन्हें डांट देते हैं कि इतनी छोटी बात पर रो क्यों रहे हो? पेरेंट्स का ये व्यवहार बच्चों पर काफी नकारात्मक प्रभाव डालता है. इससे वे अपने इमोशन्स दबाना सीख जाते हैं और छोटी से लेकर बड़ी बातों को माता-पिता से छिपाना शुरू कर देते हैं. ऐसे में पेरेंट्स को बच्चों की फीलिंग्स समझना काफी जरूरी है.

### 5. परफेक्शन की चाहत

हर मां-बाप चाहते हैं कि उनका बच्चा पढ़ाई से लेकर खेल तक हर फील्ड में टॉप परफॉर्मर रहे. लेकिन कई बार परफेक्शन का दबाव बच्चों में फेल होने का डर बढ़ा देता है. ऐसे में पेरेंट्स को बच्चों पर परफेक्शन का दबाव बनाने से बचना चाहिए.





# जो भी पढ़ेंगे सब रहेगा याद बस पढ़ाई से पहले बच्चों को पिलाएं ये ब्रेन बूस्टिंग शेक

अक्सर माता-पिता की शिकायत होती है कि बच्चे पढ़ाई तो करते हैं, लेकिन उन्हें याद नहीं रहता। इसकी एक बड़ी वजह कमजोर याददाश्त और कम एकाग्रता हो सकती है। ऐसे में बच्चों की डाइट में सही पोषण शामिल करना बहुत जरूरी है। सर्टिफाइड न्यूट्रिशनिस्ट राजमनी पटेल ने एक आसान और हेल्दी ब्रेन बूस्टिंग शेक की रेसिपी शेयर की है, जिसे पढ़ाई से पहले पीने पर बच्चों की मेमोरी और फोकस बेहतर हो सकता है।

### क्या है ब्रेन बूस्टिंग शेक?

यह शेक पूरी तरह नेचुरल चीजों से बनाया जाता है, जो दिमाग को एक्टिव रखने, याददाश्त मजबूत करने और पढ़ाई के समय ध्यान बढ़ाने में मदद करता है। इसे सुबह नाश्ते में या शाम को पढ़ाई से पहले दिया जा सकता है।

### ब्रेन बूस्टिंग शेक की सामग्री

1 पका हुआ केला
5-6 अखरोट (भीगे हुए)
1 गिलास दूध
1 चम्मच शहद या 1-2 खजूर
1 चुटकी दालचीनी पाउडर

### कैसे बनाएं यह शेक?

सबसे पहले अखरोट को रातभर या कम से कम 4-5 घंटे पानी में भिगो दें। अब ब्लेंडर में केला, भीगे हुए अखरोट, दूध और शहद या खजूर डालें। सभी चीजों को अच्छी तरह ब्लेंड करें, जब तक शेक स्मूद और क्रीमी न हो जाए। अंत में ऊपर से थोड़ा दालचीनी पाउडर डालें और शेक तैयार है। इसे ठंडा या सामान्य तापमान पर पिलाया जा सकता है।

### क्यों है यह शेक बच्चों के लिए फायदेमंद?

केला बच्चों को तुरंत ऊर्जा देता है और दिमाग को फोकस करने में मदद करता है। अखरोट में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट याददाश्त और सीखने की क्षमता बढ़ाते हैं। दूध प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन क्च12 से भरपूर होता है, जो दिमाग और नर्वस सिस्टम को मजबूत बनाता है। दालचीनी ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करती है, जिससे ब्रेन ज्यादा एक्टिव रहता है।

### किन बातों का रखें ध्यान?

अगर बच्चे को लैक्टोज इनटॉलरेंस है, तो दूध की जगह बादाम या ओट्स मिल्क इस्तेमाल करें। अखरोट ज्यादा मात्रा में न डालें, वरना पेट फूलने की समस्या हो सकती है। इस शेक को रात में देर से न दें, क्योंकि इससे भारीपन महसूस हो सकता है। यह ब्रेन बूस्टिंग शेक बच्चों के लिए एक हेल्दी और आसान विकल्प है, जो पढ़ाई से पहले देने पर उनकी याददाश्त और एकाग्रता बढ़ाने में मदद कर सकता है। हालांकि, किसी भी हेल्थ रेसिपी को नियमित रूप से अपनाने से पहले डॉक्टर या न्यूट्रिशन एक्सपर्ट की सलाह लेना बेहतर होता है।

# छोटे बच्चों को चाय और कॉफी देना कितना सही है

**घर पर हर कोई सुबह उठते ही चाय-कॉफी पीता है, जो बच्चे अपने माता-पिता को रोज घर पर चाय-कॉफी पीते देखते हैं, उनमें भी इसे पीने की इच्छा जागती है. वे चाय-कॉफी मांगने भी लगते हैं. एक्सपर्ट के अनुसार, चाय-कॉफी बड़ों की हेल्थ के लिए अच्छी नहीं होतीं, क्योंकि इनमें कैफीन की मात्रा अधिक होती है. चाय में टैनिन नामक पदार्थ होता है. यह हमारे शरीर को भोजन से आयरन को अवशोषित करने से रोकता है. ऐसे में अगर बच्चों को ऐसी चीजें दें, तो क्या होगा? चलिए आपको बताते हैं बच्चों को चाय और कॉफी देना कितना सही है.**

### छोटे बच्चों को चाय और कॉफी दें तो क्या होगा?

एक्सपर्ट के अनुसार, दस साल से कम उम्र के बच्चों को गलती से भी चाय और कॉफी नहीं देनी चाहिए. यह उनके स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है. इनका शारीरिक विकास पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है, ये बच्चों के पाचन तंत्र को भी प्रभावित करते हैं. चाय और कॉफी में कैफीन होता है, जो पेट में अन्य पोषक तत्वों के अवशोषण को रोकता है. इससे बच्चों का शारीरिक विकास धीमा हो जाता है.

### नींद की समस्या

चाय और कॉफी में मौजूद कैफीन मानसिक सतर्कता को सीधे प्रभावित कर सकता है. इससे नींद का सामान्य चक्र बिगड़ सकता है. आपके बच्चे दिन में या शाम को चाय पीते हैं, तो इससे उनकी नींद में खलल पड़ सकता है. इससे नींद संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं.

### हार्ट हेल्थ

चाय और कॉफी बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक सभी के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं. चाय में मौजूद कैफीन हार्ट को नुकसान पहुंचा सकता है और ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है.

### डिप्रेशन

कैफीन डिप्रेशन को बढ़ाने के लिए पर्याप्त है. चाय और कॉफी शरीर में कैफीन के मुख्य स्रोत हैं. चाय पीने से चिंता, अवसाद और तनाव जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं. आपके बच्चे भी चाय पीते हैं, तो उन्हें भी इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है.



# तीसरे टी20 में अजेय बढ़त पर टीम इंडिया की नजर

**-संजू सैमसन की परीक्षा और ईशान किशन की चुनौती**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** पहले दोनों मुकाबले आसानी से जीतकर आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम रविवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दर्ज कर पांच मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेगी। इस मैच में जहां भारत की नजर सीरीज पर कब्जा जमाने पर होगी, वहीं सबसे ज्यादा चर्चा संजू सैमसन के प्रदर्शन को लेकर है, क्योंकि पिछले मैच में ईशान किशन की विस्फोटक वापसी ने टीम संयोजन को लेकर बहस तेज कर दी है। किशन की शानदार पारी के बाद यह सवाल फिर से खड़ा हो गया है कि अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए टीम प्रबंधन किस पर भरोसा जताएगा।

टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत में अब केवल दो सप्ताह का समय बचा है और इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन और मैच खेलने हैं। ऐसे में भारतीय टीम का ढांचा काफी हद तक तय नजर आता है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में टीम ने अब तक संतुलित प्रदर्शन किया है, लेकिन कुछ स्थानों को लेकर असमंजस बना हुआ है, जिनमें संजू सैमसन का स्थान सबसे अहम माना जा रहा है। पिछले मैच में ईशान किशन ने मात्र 32 गेंदों पर 76 रनों की तेजतर्रार पारी खेलकर अपनी दावेदारी मजबूत की और सैमसन पर दबाव और बढ़ा दिया।

शुभमन गिल को टी20 प्रारूप में अपेक्षित प्रभाव न छोड़ पाने के कारण बाहर कर अभिषेक शर्मा के साथ सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में मौका दिया गया था, लेकिन केरल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अब तक मिले मौकों का पूरा फायदा नहीं उठाया है। पसंदीदा बल्लेबाजी क्रम में वापसी के बावजूद उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी साफ दिखी है। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनकी कमजोरी एक बार फिर उजागर हुई है। इंग्लैंड के खिलाफ हालिया सीरीज में वह तेज गेंदबाजों के सामने बार-बार आउट हुए थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पहले दो मैचों में केवल 10 और छह रन ही बना सके। भारत के पूर्व बल्लेबाज डब्ल्यूवी रमन ने भी उनके आउट होने के तरीके पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब तक सैमसन गेंद की गति के अनुसार अपने शॉट चयन और बल्ले की रफ्तार में बदलाव नहीं करेंगे, तब तक उनसे निरंतर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करना मुश्किल होगा।




भारत के लिए राहत की बात यह है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव अपनी पुरानी लय में लौटते दिखे हैं। उन्होंने पिछले मैच में 37 गेंदों पर 82 रन की पारी खेलकर लंबे समय बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक जड़ा। अभिषेक शर्मा हालांकि पिछली मैच की पहली गेंद पर आउट हो गए थे, लेकिन वह इस मुकाबले में बड़ी पारी खेलने के इरादे से उतरेंगे। पिछले मैच में भारत की शुरुआत बेहद खराब रही थी और टीम दो विकेट पर छह रन तक सिमट गई थी, लेकिन इसके बाद किशन की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और भारत ने 28 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने शुरुआती ओवरों में रन जरूर लुटाए, लेकिन कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी कर टीम को मजबूती दी। टीम प्रबंधन की नजर अक्षर पटेल की उंगली की चोट पर भी रहेगी और उम्मीद है कि उन्हें विश्व कप से पहले पर्याप्त मैच अभ्यास मिल सके। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पिछले मैच में आराम दिया गया था और इस मुकाबले में उनकी वापसी की संभावना है, क्योंकि कम अंतराल में मैच होने के चलते तेज गेंदबाजों को रोटेट किया जा रहा है।

न्यूजीलैंड की टीम के लिए यह मुकाबला सम्मान बचाने जैसा होगा। मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली टीम इस करारी हार के बाद रणनीति में बदलाव कर सकती है और डैरिल मिचेल को ऊपर के क्रम में भेजने पर विचार कर सकती है। हालांकि उसकी आमतौर पर मजबूत मानी जाने वाली फील्डिंग इस सीरीज में निराशाजनक रही है और कई आसान कैच छूटे हैं। यदि न्यूजीलैंड को वापसी करनी है तो उसे इस विभाग में तुरंत सुधार करना होगा।

**टीम इस प्रकार है**

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंडः** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फॉक्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी।

# साइना नेहवाल के संन्यास पर विराट कोहली सहित दिग्गजों ने दी बधाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज साइना नेहवाल ने अपने लंबे और सफल करियर के बाद खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। इस खबर के बाद भारतीय खेल जगत में प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने उन्हें बधाई देते हुए कहा, सायना नेहवाल, आपके शानदार करियर के लिए बधाई। आपने भारतीय बैडमिंटन को दुनिया भर में पहचान दिलाई। आपको एक खुशहाल, संतोषजनक और अच्छे संन्यास की शुभकामनाएं। भारत को आप पर गर्व है। वहीं, दो बार ओलंपिक पदक जीत चुकी बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने लिखा, सायना, आपको संन्यास की शुभकामनाएं। इंडियन बैडमिंटन में आपने जो कुछ भी दिया है, उसके लिए धन्यवाद। जिंदगी के इस अगले पड़ाव के लिए आपको शांति, खुशी और ढेर सारी शुभकामनाएं। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी सोशल मीडिया पर साइना को उनके करियर और संन्यास पर बधाई दी और लिखा, बहुत बढ़िया खेला, साइना। शानदार करियर के लिए बधाई। आपने भारतीय बैडमिंटन को आगे बढ़ाया और एक पीढ़ी को प्रेरित किया। आगे जो भी हो, उसके लिए आपको शुभकामनाएं।

साइना ने अपने संन्यास की वजह इंजरी को बताया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक घुटनों की समस्या और आर्थराइटिस की वजह से उन्हें अब उच्च स्तर की ट्रेनिंग और प्रतिस्पर्धा जारी रखना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा, आप दुनिया में बेस्ट बनने के लिए आठ से नौ घंटे ट्रेनिंग करते हैं। अब, मेरे घुटने एक या दो घंटे में ही जवाब दे जाते थे। सूजन आ गई थी, और उसके बाद जोर लगाना बहुत मुश्किल हो गया था। इसलिए मुझे लगा कि बस बहुत हो गया।

सायना नेहवाल भारतीय बैडमिंटन की पहली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने ओलंपिक में पदक जीता। उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। इसके अलावा, उन्होंने 2008 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने और 2009 में इंडोनेशिया ओपन जीतने का रिकॉर्ड बनाया। 2015 में साइना दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी बनीं और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनीं। साइना ने भारतीय बैडमिंटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से स्थापित किया और उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण, खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड जैसी कई प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा जा चुका है। उनके योगदान और उपलब्धियों के कारण उन्हें खेल जगत में हमेशा याद किया जाएगा।

# बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए महिला टेस्ट टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए महिला टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम इंडिया अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां भारतीय महिला क्रिकेट टीम वनडे, टी20 और टेस्ट तीनों सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई ने इससे पहले वनडे और टी20 टीम का ऐलान कर दिया था, लेकिन अब इस दौरे पर होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम की घोषणा भी कर दी गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला टेस्ट मैच पर्थ में 6 से 9 मार्च 2026 तक खेला जाएगा। इस मैच में हरमनप्रीत कौर टीम की कप्तानी करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान के तौर पर टीम का नेतृत्व संभालेंगी। टेस्ट टीम में रिचा घोष, उमा छेत्री, प्रतिका रावल और अन्य कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस दौरे पर वनडे और टी20 टीम में भी एक बदलाव हुआ है। विकेटकीपर जी. कमलिनी किसी कारणवश भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं। उनके स्थान पर सेलेक्टर्स ने उमा छेत्री को वनडे और टी20 इंटरनेशनल टीमों में शामिल किया है। बीसीसीआई का यह फैसला टीम की मजबूती और विभिन्न परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने की दिशा में लिया गया है। हरमनप्रीत और स्मृति जैसे अनुभवी खिलाड़ी टीम के लिए अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि रिचा घोष और प्रतिका रावल जैसी युवा प्रतिभाएं टीम में ताजगी और ऊर्जा भरेंगी।

ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए यह दौरा चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि पर्थ का विकेट तेज और उछाल वाला होता है, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए तकनीकी दक्षता की मांग करता है। भारतीय महिला टीम की उम्मीद है कि यह दौरा उनके लिए अनुभव और सफलता दोनों लेकर आएगा।

# बांग्लादेश की निकली अकड़... टी20 वर्ल्ड कप से हुआ बाहर

## -आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को किया टूर्नामेंट में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने बांग्लादेश को आइना दिखाते हुए टी20 विश्व कप 2026 से बाहर कर दिया है। शनिवार को आईसीसी ने आधिकारिक पत्र जारी कर बांग्लादेश को बाहर करने का फैसला सुनाया। चार जनवरी से चले आ रहे हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद आखिरकार बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को बड़ा झटका लगा है। इससे बोर्ड के साथ-साथ वहां के खिलाड़ियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को आधिकारिक तौर पर जानकारी दे दी है कि उन्हें टी20 विश्व कप से बाहर किया जा चुका है और स्कॉटलैंड से रिप्लेस किया गया है। बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में भारत का दौरा करने से मना किया था और सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था। यह पूरा मामला मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर करने के बाद उठा था।




बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने वैश्विक संस्था को आधिकारिक रूप से सूचित करने से पहले ढाका में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी, जो प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। उन्हें साफ तौर पर बताया गया कि उन्हें रिप्लेस किया जा रहा है। बांग्लादेश के खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत की यात्रा नहीं करने की बात कही थी, जबकि आईसीसी की ओर से बार-बार सुरक्षा को लेकर आश्वासन दिया गया था। उधर क्रिकेट स्कॉटलैंड ने कहा है कि उन्हें अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं मिली है, लेकिन माना जा रहा है कि यह सिर्फ समय की बात है और उन्हें जल्द सूचना दे दी जाएगी।

**भारत में स्कॉटलैंड को खेलने हैं चार मैच**

मौजूदा शेड्यूल के मुताबिक, बांग्लादेश को अपने लीग मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेलने थे। लेकिन अब उसकी जगह स्कॉटलैंड ग्रुप सी का हिस्सा बन गया है और कार्यक्रम के अनुसार तय मुकाबले खेलेगा। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अन्य टीम को मौका मिला है। साल 2009 में जब जिम्बाब्वे ने इंग्लैंड में हुए टी20 विश्व कप से हटने का निर्णय लिया था, तब स्कॉटलैंड को शामिल किया गया था। अब बांग्लादेश ने अपनी जिद पर कायम रहते हुए टी20 विश्व कप के मुकाबले भारत में खेलने से इन

# टी20 विश्वकप में अभिषेक होंगे भारतीय टीम के ट्रंप कार्ड : शास्त्री

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री मानना है कि आगामी टी20 विश्वकप में आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर सभी की नजरें रहेंगी। शास्त्री के अनुसार अभिषेक इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के ट्रंप कार्ड साबित होंगे। इस पूर्व कोच के अनुसार अभिषेक निडर होकर खेलते हैं। उनमें गजब का आत्मविश्वास है और ऐसे में वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोध टीम के गेंदबाजी क्रम को धवस्त कर देते हैं। इसके अलावा उन्हें घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। इससे वह टूर्नामेंट के सबसे खतरनाक बल्लेबाज बनकर उभरेंगे। यहां एक कार्यक्रम में शास्त्री ने अभिषेक की जममर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह विश्वकप में सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी होंगे जो मैच बदलने में सक्षम रहेगा। उनके अनुसार अभिषेक इस समय जबरदस्त लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। जिस प्रकार का आत्मविश्वास उसके अंदर भरा हुआ है। उससे भी उससे एक आक्रामक बल्लेबाज बनने में सहायता मिली है। वह मैदन में उतरते ही विरोधी टीम के गेंदबाजों पर दबाव बना देता है। शास्त्री का मानना है कि अभिषेक की सबसे बड़ी ताकत उकसा आत्मविश्वास है। वह घरेलू दर्शकों का समर्थन मिलने से और भी खतरनाक हो जाता है। साथ ही कहा, अगर अभिषेक रन बनाते हैं, तो इसका सीधा मतलब है कि भारत मैच में आगे बना रहेगा रहेगा। इससे अंदाजा होता है कि अब भारतीय टीम की सफलता काफी कुछ अभिषेक की बल्लेबाजी पर आधारित रहती है।

# देश में टेनिस प्रतिभाओं को आगे लाना चाहते हैं पेस



कोलकाता। ओलंपिक पदक विजेता दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस का लक्ष्य देश में टेनिस सहित अन्य खेलों की प्रतिभाओं को आगे लाना है। पेस का कहना है कि वह एक टेनिस अकादमी खोना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'टेनिस मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह वह खेल और माध्यम है जिसे मैंने चुना है, और इसने मुझे मेरा जीवन दिया है आज मैं जहां भी पहुंचा हूं उसे पीछे यही खेल है। बंगाल टेनिस में कदम जमाने के बाद मेरा लक्ष्य एक पेशेवर अकादमी और ऐसा बुनियादी ढांचा स्थापित करना है जो ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचे। यह उस कार्य का हिस्सा है जिसे मैंने अभी शुरू किया है, और जल्द ही आप मुझे पूरे देश में टेनिस के विकास में और अधिक सक्रिय रूप से शामिल होते देखेंगे। मुझे लगता है कि टेनिस के खेल को बढ़ावा देने के लिए मैं बहुत कुछ कर सकता हूं। इसलिए, मैं टेनिस और अन्य खेलों के माध्यम से पूरे देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।' पुरुष युगल में तीन-तीन बार फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन, एक-एक बार ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन जीतने वाले लिएंडर, जिनमें से चार खिताब उन्होंने महेश भूपति के साथ जीते हैं, और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम करने वाले टेनिस इतिहास के सबसे सफल भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं। पेसे ने अटलांटा में आयोजित 1996 के ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक में टेनिस में पदक हासिल करने वाले पहले एशियाई बने।

# एचआईएल : फाइनल की जंग में हैदराबाद तूफान्स और रांची रॉयल्स के बीच करो या मरो मुकाबला

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** एचआईएल के फाइनल की तस्वीर रविवार को और साफ हो जाएगी, जब हैदराबाद तूफान्स और रांची रॉयल्स क्वालिफायर-2 के 'करो या मरो' मुकाबले में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम सोमवार को खिताबी मुकाबले में क्वालिफायर-1 की विजेता और लीग तालिका में शीर्ष पर रही कलिंगा लांसर्स से भिड़ेगी, जबकि हारने वाली टीम को एचआईएल जीसी के खिलाफ तीसरे-चौथे स्थान का मैच खेलना होगा।

**एलिमिनेटर से आत्मविश्वास लेकर उतरेगी तूफान्स**

हैदराबाद तूफान्स ने एलिमिनेटर मुकाबले में एचआईएल जीसी को 2-0 से हराकर क्वालिफायर-2 में जगह बनाई। इस मैच में टीम ने मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया और मिले मौकों का पूरा फायदा उठाते हुए फाइनल की दौड़ में खुद को बनाए रखा।




**करीबी हार के बाद वापसी की तलाश में रॉयल्स**

रांची रॉयल्स क्वालिफायर-1 में कलिंगा लांसर्स से बेहद रोमांचक मुकाबले में 1-2 से हारकर यहां पहुंची है। यह मैच आखिरी पलों तक बराबरी का रहा, जिससे साफ है कि रॉयल्स के पास वापसी की पूरी क्षमता मौजूद है।

**कप्तानों का बयानः दबाव में भी भरोसा कायम**

हैदराबाद तूफान्स के कप्तान सुमित ने कहा, 'हम आक्रामक हॉकी खेलने के लिए जाने जाते हैं और एलिमिनेटर में भी हमने यही रणनीति अपनाई थी। क्वालिफायर-2 में भी हम उसी इरादे के साथ उतरेंगे। 'करो या मरो' जैसे हालात अब हमारे लिए सामान्य हो गए हैं।' उन्होंने आगे कहा कि टीम का फोकस मजबूत शुरुआत करने और जल्दी गोल करने पर रहेगा, ताकि आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके।

वहीं, रांची रॉयल्स के कप्तान टॉम बून ने कहा, 'लांसर्स के खिलाफ मुकाबला बेहद करीबी था, लेकिन अब हमारा पूरा ध्यान अगले मैच पर है। हमारे पास अभी एक और मौका है और यही सबसे अहम है। हम अपनी कमियों का विश्लेषण कर बेहतर वापसी करेंगे।'

उन्होंने यह भी जोड़ा कि हैदराबाद एक मजबूत टीम है, लेकिन रॉयल्स को अपनी गुणवत्ता और खेल पर पूरा भरोसा है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : नाओमी ओसाका चोट के कारण तीसरे दौर से हटीं



**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)** । जापानी स्टार नाओमी ओसाका ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर से पहले मैच से हटने का फैसला किया। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन को तीसरे दौर में ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर मैडिसन इंग्लिस से खेलना था। इस तरह उनका फैशन और विवादों भरा अभियान यहीं समाप्त हो गया। ओसाका ने सोशल मीडिया पर घोषणा की, लेकिन चोट की पूरी जानकारी नहीं दी। इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा कि पिछले मैच के बाद उन्हें 'अपने शरीर की एक समस्या पर ध्यान देना है, जिसे इलाज की जरूरत है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं आगे बढ़ने के लिए बहुत उत्साहित थी, और यह सफर मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता था। इसलिए यहां रुकना मेरे लिए दिल तोड़ने वाला है। लेकिन मैं और नुकसान का जोखिम नहीं उठा सकती।' टूर्नामेंट द्वारा जारी बयान में ओसाका ने बताया कि उन्हें पेट के बाईं ओर दिक्कत थी। उन्होंने कहा, 'यह चोट पहले भी हो चुकी है, मैंने पिछला मैच दर्द के साथ खेला। आज वार्म-अप के दौरान दर्द ज्यादा बढ़ गया। मुझे और जांच करवानी होगी।' ओसाका ने यह भी कहा कि गर्भावस्था के बाद उनके शरीर में बदलाव आए हैं, इसलिए उन्हें सावधानी बरतनी होगी। उनकी बेटी शाई का जन्म 2023 में हुआ था। ओसाका 2024 में प्रतिस्पर्धी टेनिस में लौटी और पिछले साल अमेरिकी ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचीं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरुआत में उनकी एंट्री वायरल हो गई थी। वह अपने पहले दौर के मैच में चौड़ी टोपी, घूंघट और सफेद छाते के साथ कोर्ट पर आई थीं। दूसरे दौर में उन्होंने सोराना क्रिस्टिया को 6-3, 4-6, 6-2 से हराया। अब इंग्लिस का सामना इगा स्वियातेक से होगा, जिन्होंने अन्ना कालिंस्काया पर 6-1, 1-6, 6-1 से जीत दर्ज की।

# भारतीय फुटबॉलर मनीषा ने पेरु के क्लब से किया करार

लीमा । भारतीय महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण अब पेरु के क्लब एलियांजा लीमा से खेलती हुई नजर आयेंगी। मिडफील्डर मनीषा ने हाल ही में इस क्लब से करार किया है। मनीषा के अनुसार इससे उन्हें काफी कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। मनीष के अनुसार वह इस टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, ''मैं इस क्लब में आकर बहुत खुश हूं। मुझे उनका खेलने का अंदाज काफी अच्छा लगता है।मैं अब इस नई चुनौती को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मनीषा यूएफा महिला चैंपियंस लीग में खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर भी हैं। इसके बाद से ही उन्हें विदेशी लीग से प्रस्ताव मिलने शुरु हुए। वहीं क्लब एलियांजा ने कहा, ''मनीषा के साथ करार से हमें खुशी हुई है। उनके आने से हैं टीम को मजबूत मिलेगी। उन्होंने यूरोपीय फुटबॉल के शीर्ष स्तर पर खेला है जिसका लाभ क्लब को मिलेगा। ''साथ ही कहा , ''कल्याण ने क्लब और राष्ट्रीय टीम दोनों स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। उनके पेशेवर करियर में भारत, साइप्रस और यूनान की लीग में खेलने का अनुभव शामिल है। ''वहीं मनीषा ने कहा कि उसका प्रयास क्लब के लिए बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। उनका ध्यान अपना सौ फीसदी देने पर रहेगा।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : नोवाक जोकोविच ने रचा इतिहास, फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पूर्व विश्व नंबर-1 नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में अपना शानदार अभियान जारी रखते हुए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। शनिवार को उन्होंने डच खिलाड़ी बोटिक वैन डी जैंड्सचुल्प को सीधे सेटों में हराकर ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 400 मैच जीतने वाले इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए।

दस बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जोकोविच ने मुकाबले में दबाव के अहम पलों में संयम बनाए रखा और 6-3, 6-4, 7-6(4) से जीत दर्ज कर मेलबर्न पार्क में 21 में से 18वीं बार चौथे दौर में जगह बनाई। खासतौर पर तीसरे सेट के टाईब्रेक में उनका अनुभव और नियंत्रण निर्णायक साबित हुआ।

**फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी**

जोकोविच की यह 400वीं ग्रैंड स्लैम जीत मेलबर्न में और भी खास रही, क्योंकि इसके साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में 102 मैच जीतने के रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। एटीपी के अनुसार, यह उपलब्धि उन्हें ओपन युग के महान खिलाड़ियों की सूची में और मजबूत करती है।

**फिटनेस और आगे की चुनौती पर बोले जोकोविच**

मैच के बाद ऑन-कोर्ट इंटरव्यू में जोकोविच ने कहा कि वह टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत से खुश हैं, लेकिन अभी खुद को आगे नहीं देख रहे।

'मैं पिछले साल से सबक सीख चुका हूं। मैं खुद को जरूरत से ज्यादा आगे नहीं सोच रहा। ये युवा खिलाड़ी मुझे कड़ी चुनौती दे रहे हैं, लेकिन मैं अभी भी यहां हूं और डटा हुआ हूं,' उन्होंने कहा।

**अगला मुकाबला और संभावित सेमीफाइनल**

जोकोविच अब अगले दौर में याकुब मेंसिक या ईथन क्विन से भिड़ेंगे। मेलबर्न में अब तक एक भी सेट गंवाए बिना खेल रहे जोकोविच संभावित सेमीफाइनल से सिर्फ दो जीत दूर हैं, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर से हो सकता है। सिनर ने भी पहले चौथे दौर में पहुंचने के लिए कड़े मुकाबले में ऐंठन से जूझते हुए जीत दर्ज की।

**मुकाबले का रोमांच**

पिछले साल इंडियन वेल्स में वैन डी जैंड्सचुल्प से मिली हार को ध्यान में रखते हुए जोकोविच ने आक्रामक शुरुआत की। पहले सेट में उन्होंने 12 विनर्स लगाए और सिर्फ सात अनफोर्स्ड एरर किए। दूसरे सेट में डच खिलाड़ी को कंधे की समस्या के कारण मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। तीसरे सेट में खुद जोकोविच भी फिसलने के बाद मेडिकल सहायता लेने को मजबूर हुए, लेकिन उन्होंने 5-6 पर दो सेट पॉइंट बचाते हुए मुकाबले को अपने नाम किया। दो घंटे 44 मिनट चले इस मैच के बाद हेड-टू-हेड में जोकोविच ने 2-1 की बढ़त बना ली।



# नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप की मेजबानी करेगा भारत

मुम्बई । भारत अगले माह फरवरी में नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप मैचों की मेजबानी करेगा। ये मैच सात-आठ फरवरी को बेंगलुरु में खेले जाएंगे। डेविस कप की मेजबानी में बेंगलुरु के अलावा दिल्ली भी शामिल थी पर अंत में बेंगलुरु को मेजबानी मिली। दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने इस साल फरवरी में टोगो की मेजबानी की थी और उसने भी इस अहम मुकाबले को आयोजित करने में रुचि दिखाई थी। बेंगलुरु ने पिछली बार 2017 में उज्बेकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले की मेजबानी की थी जिसमें मेजबान टीम 4-1 से जीत गई थी। वहीं कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) ने बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ की मेजबानी की थी। तब भारत ने सितंबर में विश्व ग्रुप एक के पहले दौर में स्विट्जरलैंड को हराकर क्वालीफाइंग चरण में प्रवेश किया था जबकि नीदरलैंड को दूसरे दौर में अर्जेंटीना के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। यह 1993 के बाद यूरोपीय धरती पर भारत की पहली जीत थी। तब सुमित नागल और दक्षिणेश्वर सुरेश के नेतृत्व में भारत को जीत मिली थी।



## एयर इंडिया ने न्यूयॉर्क और नेवार्क की उड़ानें कीं रद्द, अमेरिका में भीषण विंटर स्टॉर्म का खतरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के ईस्ट कोस्ट में संभावित भीषण और ऐतिहासिक विंटर स्टॉर्म को देखकर एयर इंडिया ने 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के नेवार्क से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने यह फैसला यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया है। एयर इंडिया द्वारा जारी ट्रैवल एडवाइजरी के अनुसार, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और आसपास के इलाकों में रविवार सुबह से सोमवार तक भारी बर्फबारी, तेज ठंडी हवाएं और अत्यधिक ठंड पड़ने की आशंका है। ऐसे हालात में हवाई संचालन बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। एयरलाइन ने कहा है कि 'यात्रियों और क्रू की सुरक्षा, सुविधा और भलाई को ध्यान में रखते हुए 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और नेवार्क से संचालित होने वाली सभी उड़ानें रद्द की जा रही हैं।' यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी फ्लाइट की ताज़ा स्थिति जानने के लिए एयर इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल एप या कस्टमर केयर से संपर्क बनाए रखें। साथ ही, टिकट रिफंड और रीबुकिंग से जुड़ी जानकारी भी वहीं उपलब्ध है। उधर, अमेरिका इस समय एक रिकॉर्ड तोड़ विंटर स्टॉर्म की चपेट में है। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यह तूफान सेंट्रल प्लेन्स से लेकर नॉर्थ-ईस्ट तक करोड़ों लोगों को प्रभावित कर सकता है। भारी बर्फबारी, बर्फीली बारिश और खतरनाक ठंड के चलते कई इलाकों में सड़कें बंद होने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और यात्रा व्यवस्था पूरी तरह ठप होने की आशंका जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि बेहद जरूरी होने पर ही यात्रा करें और आधिकारिक मौसम अपडेट पर नजर बनाए रखें।

## एमपी में रेल हादसा : मक्सी स्टेशन के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी, दो हिस्सों में बंटी

शाजापुर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले में एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया, जब मक्सी रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी अचानक पटरी से उतर गई। हादसे में मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई, हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा मेन लाइन की पटरी टूटने के कारण हुआ। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी का संतुलन बिगड़ते ही उसके कई डिब्बे पटरी से उतर गए और जमीन में धंस गए। गनीमत यह रही कि घटना के समय इस रूट से कोई यात्री ट्रेन नहीं गुजर रही थी, अन्यथा नुकसान कहीं अधिक हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही ट्रैक की मरम्मत का कार्य भी तत्काल शुरू कर दिया गया। हालांकि जब मीडिया ने अधिकारियों से जानकारी लेने की कोशिश की तो उन्होंने जांच पूरी होने तक कोई आधिकारिक बयान देने से परहेज किया। हादसे के बाद मेन लाइन बंद होने से कई यात्री ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। कुछ ट्रेनों को रोक दिया गया, जबकि एक लाइन को आंशिक रूप से चालू कर ट्रेनों को धीमी गति से निकाला गया। स्टेशन प्रबंधन के अनुसार प्रथम दृष्टया यह घटना ट्रैक की तकनीकी खराबी के कारण प्रतीत हो रही है। घटना की विस्तृत जांच के लिए उज्जैन से रेलवे अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंच रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## केरल में भाजपा ने लोकपाल की नियुक्ति का किया विरोध

तिरुवनंतपुरम(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केरल में लोकपाल की नियुक्ति का विरोध कर इस वैधानिक रूप से गलत बताया है। भाजपा के राज्य अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और महासचिव वकील एस. सुरेश ने लोक भवन में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात कर याचिका सौंपकर कैबिनेट द्वारा जस्टिस (रिटायर्ड) बाबू मैथ्यू पी. जोसेफको लोकपाल नियुक्त करने के फैसले पर आपत्ति जता दी। भाजपा ने केरल लोकायुक्त अधिनियम-1999 की धारा 5(3) का हवाला देकर कहा कि यह प्रावधान किसी पूर्व लोकायुक्त या उप लोकायुक्त को किसी सरकारी या स्वायत्त निकाय में पद संभालने से रोकता है। भाजपा का तर्क है कि लोकपाल एक सरकारी फंड से वेतन पाने वाला वैधानिक पद है और इस पर मनमानी व्याख्या नहीं की जा सकती। केरल बीजेपी ने चेतावनी दी कि इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाली कोई भी नियुक्ति कानूनी रूप से अमान्य होगी और न्यायिक जांच के दायरे में आएगी। भाजपा ने कहा कि लोकपाल जैसी संस्थाओं की स्वतंत्रता बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि ये संस्थाएं जमीनी स्तर पर शासन की निगरानी करती हैं और जनता का विश्वास बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। पार्टी ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वह अपने संवैधानिक विवेक का उपयोग कर कैबिनेट के फैसले को वैधानिक आधार पर पुनर्विचार के लिए वापस भेजें। राज्यपाल कार्यालय ने 'एक्स' पर भी मुलाकात की जानकारी देकर लिखा कि भाजपा नेताओं ने कानूनी प्रावधानों का हवाला देकर लोकपाल नियुक्ति का विरोध किया।

## डोडा हादसे में चनौली का जवान जोबनप्रीत शहीद, सीएम मान ने जताया दुख

चंडीगढ़ (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना का वाहन खाई में गिरने से 10 जवान शहीद हो गए थे। इस हादसे में पंजाब के रोपड़ जिले के गांव चनौली के रहने वाले जवान जोबनप्रीत सिंह (23) भी शहीद हो गए। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने जोबनप्रीत सिंह की शहादत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहीद जोबनप्रीत सिंह की शहादत पर पूरे प्रदेश को गर्व है। सीएम मान ने शहीद जवान के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि देश के प्रति उनके साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम भगवंत मान ने एक्स पर लिखा- बीते दिनों जम्मू-कश्मीर के डोडा में जवानों से भरी एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से 10 बहादुर जवान शहीद हो गए थे। उन शहीदों में जिला रोपड़ के गांव चनौली के जोबनप्रीत सिंह के शहीद होने की दुखद खबर मिली है। परिवार के प्रति गहरी संवेदना। देश के प्रति शहीद जवान के साहस को हम नमन करते हैं। इस कठिन घड़ी में सरकार शहीद के परिवार के साथ खड़ी है। परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी। इस हादसे पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला समेत कई नेताओं ने दुख जताया। तमाम नेताओं ने शहीद जवानों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# नई जनगणना अधिसूचना में जाति के लिए कोई कॉलम नहीं: पवन खेड़ा

**-विपक्ष हुआ हमलावर, कांग्रेस और सपा ने सरकार की नीयत पर उठाए सवाल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में आगामी जनगणना को लेकर केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। जनगणना की अधिसूचना में जाति का अलग कॉलम न होने को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्षी दलों ने इसे जातिगत जनगणना को लेकर सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीयत पर भी सवाल खड़े किए हैं।

कांग्रेस ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा जातिगत जनगणना की बात तो करती है, लेकिन व्यवहार में उससे पीछे हटती नजर आ रही है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, कि नई अधिसूचना में जाति के लिए कोई कॉलम नहीं है, जो सरकार के इरादों पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं, उसका ठीक उल्टा करते हैं। पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा पहले बड़े-बड़े दावे



करती है, लेकिन फैसले लेने के समय बिना सोचे-समझे कदम उठाती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, प्रधानमंत्री जब कुछ कहते हैं तो यह मान लेना चाहिए कि व्यवहार में उसका उलटा ही होगा।

### सपा ने साजिश करार दिया

इससे पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था। अखिलेश यादव ने जातिगत जनगणना न किए जाने को पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समाज के खिलाफ साजिश करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि जब जनगणना की अधिसूचना में जाति का कॉलम ही नहीं है तो सरकार गिनती क्या करने जा रही है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि जातिगत जनगणना को लेकर भाजपा का रुख केवल एक राजनीतिक 'जुमला' है। गौरतलब है कि लंबे समय से विपक्षी दल जातिगत जनगणना की मांग करते आ रहे हैं और इसे सामाजिक न्याय तथा नीतिगत फैसलों के लिए जरूरी बता रहे हैं। वहीं केंद्र सरकार का अब तक यह रुख रहा है कि जनगणना एक जटिल प्रक्रिया है और सभी पहलुओं पर विचार के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।

## इंडियन प्रजा कांग्रेस ने पोथला प्रसाद नायडू को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष किया घोषित




नई दिल्ली। इंडियन प्रजा कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर पोथला प्रसाद नायडू को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया है, जो देश भर में संगठन के नेतृत्व और पहुंच को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पोथला प्रसाद नायडू लगातार छात्र कल्याण, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए एक मजबूत आवाज रहे हैं। इस महत्वपूर्ण पद पर उनकी नियुक्ति पार्टी के नेतृत्व, प्रतिबद्धता और जमीनी स्तर के आंदोलनों के साथ-साथ देश के युवाओं से जुड़ने की उनकी क्षमता में पार्टी के विश्वास को दर्शाती है। इस घोषणा के बाद, दिल्ली विश्वविद्यालय और विभिन्न अन्य राज्य विश्वविद्यालयों के छात्र पोथला प्रसाद नायडू के प्रति अपना पूरा समर्थन और एकजुटता व्यक्त करने के लिए आगे आए हैं। छात्र संगठनों और प्रतिनिधियों ने छात्र मुद्दों को संबोधित करने, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और हाशिए पर पड़े और महत्वाकांक्षी युवाओं की चिंताओं को उठाने में उनके निरंतर प्रयासों को स्वीकार किया। इस बाबत राष्ट्रीय अध्यक्ष इंडियन प्रजा कांग्रेस पी.प्रसाद नायडू , राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेश खेत्रपाल, राष्ट्रीय महासचिव ,हरमन सिंह अध्यक्ष, दिल्ली राज्य ,अब्दुल हमीद अध्यक्ष, जम्मू कश्मीर राज्य ने एक मत से पोथला प्रसाद नायडू के प्रति अपना विश्वास जताया। इंडियन प्रजा कांग्रेस का मानना है कि कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पोथला प्रसाद नायडू के नेतृत्व में, पार्टी ईमानदारी, समावेशिता और प्रगतिशील दृष्टिकोण से प्रेरित होकर एक जन-केंद्रित राजनीतिक शक्ति के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूत करेगी।

## पंजाब कांग्रेस में रार? राहुल गांधी की बैठक से दूरी के बाद नवजोत सिद्धू ने किया शायराना हमला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस के भीतर असंतोष के सुर एक बार फिर तेज होते दिख रहे हैं। शशि थरूर के बाद अब पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के रुख को भी पार्टी नेतृत्व के प्रति नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। इस खींचतान की ताजा वजह बनी है राहुल गांधी द्वारा बुलाई गई एक महत्वपूर्ण बैठक। दिल्ली में आयोजित इस बैठक में वर्ष 2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई, लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि नवजोत सिंह सिद्धू को इसमें आमंत्रित नहीं किया गया।

राहुल गांधी ने गुरुवार को दिल्ली में पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन किया। इस बैठक में प्रदेश के मौजूदा और पूर्व कई दिग्गज पदाधिकारी शामिल हुए, लेकिन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की गैर-मौजूदगी ने सियासी हलकों में कई सवाल खड़े कर दिए। बैठक के ठीक अगले दिन शुक्रवार दोपहर बाद सिद्धू ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसने कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को लेकर चल रही चर्चाओं को और हवा दे दी है। इस वीडियो में नवजोत सिद्धू अपने चिर-परिचित शायराना अंदाज में अपनी बात कहते नजर आए। उन्होंने सीधे तौर पर किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन उनके बोल काफी गहरे थे। वीडियो में वे कहते हैं, 'जिसने आपको नहीं बुलाया, उसे दफा कीजिए, हर कोई आपके काबिल नहीं होता और कई बार अकेले रहना ही बेहतर होता है।' सिद्धू के इन शब्दों को राजनीतिक विश्लेषक सीधे तौर पर राहुल गांधी की बैठक में उन्हें नजरअंदाज किए जाने से जोड़कर देख रहे हैं। इसे नेतृत्व के प्रति एक मौन विरोध और कड़ा संदेश माना जा रहा है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को पार्टी नेतृत्व से उनकी असहजता के संकेत के रूप में देखा गया था। अब सिद्धू के इस वीडियो ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस में आलाकमान और कुछ कद्दावर नेताओं के बीच खींचतान पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

# धर्म और राजनीति के बढ़ते घालमेल समाज के लिए घातक: सुश्री मायावती

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने धर्म और राजनीति के बढ़ते घालमेल पर गंभीर चिंता जताकर समाज के लिए घातक बताया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी बीते कुछ वर्षों से धार्मिक पर्वों, त्यौहारों, पूजापाठ, स्नान और अन्य आस्थागत आयोजनों में राजनीतिक हस्तक्षेप लगातार बढ़ा है। इसके कारण नए-नए विवाद, तनाव और सामाजिक संघर्ष उत्पन्न हो रहे हैं, जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं हैं।

मायावती ने अपने बयान में कहा कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति से और राजनीति को धर्म से जोड़ने के गंभीर खतरे हमेशा बने रहते हैं। प्रयागराज में स्नान को लेकर चल रहा विवाद इसका ताजा उदाहरण है, जहां आस्था के विषय को राजनीतिक रंग देने से आपसी अनादर, आरोप-प्रत्यारोप और टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज



में सौहार्द बिगाड़ती हैं और आम लोगों के मन में दुख व चिंता स्वाभाविक रूप से उत्पन्न करती हैं।

बसपा प्रमुख मायावती ने जोर देकर कहा कि देश का संविधान और कानून जनहित और जनकल्याणकारी कार्यों को ही वास्तविक राष्ट्रीय धर्म मानता है। संविधान की भावना यही है कि राजनीति को धर्म से और धर्म को राजनीति से अलग रखा जाए। यदि सही नीयत और नीति के साथ इसका ईमानदारी से पालन किया जाए, तब-राजनेता बिना किसी द्वेष और पक्षपात के अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं। वर्तमान हालात में भी जनता की यही अपेक्षा है कि सभी वर्गों के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक हितों की रक्षा निष्पक्षता से की जाए।

उन्होंने प्रयागराज में स्नान को लेकर चल रहे विवाद को आपसी सहमति से शीघ्र सुलझाने की अपील कर कहा कि जितनी जल्दी इसका समाधान होगा, उतना ही बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि माघ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को पालकी में स्नान के लिए जाते समय पुलिस द्वारा रोके जाने से विवाद उत्पन्न हुआ था, जिसके बाद धक्का-मुक्की और धरना जैसी स्थिति बनी। इस प्रकरण में प्रशासन द्वारा जारी नोटिसों के बाद मामला और तूल पकड़ गया तथा राजनीतिक दलों की भी इसमें एंट्री हो गई। अपने बयान के अंत में मायावती ने 'उत्तर प्रदेश दिवस' के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

# ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों को होगी 1 से 10 साल की जेल, जुर्माना भी लगेगा

**-छह महीनों में देशभर में कुल 1,698 घटनाएं हुई, 665 को किया गिरफ्तार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे ने ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाया। जुलाई से दिसंबर 2025 के बीच के आंकड़ों के मुताबक पिछले छह महीनों में देशभर में पत्थरबाजी की कुल 1,698 घटनाएं हुई। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने इन मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 665 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि पत्थरबाजी की यह प्रवृत्ति न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरपीएफ की जांच में सामने आया है कि पत्थरबाजों के निशाने पर सबसे ज्यादा वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनें हैं। हालांकि इन आधुनिक ट्रेनों में बेहद मजबूत रीइन्फोर्स्ड कांच लगाए गए हैं, लेकिन भारी पथराव के कारण वे भी टूट रहे हैं। वहीं, सामान्य यात्री ट्रेनों में खिड़की के शीशे टूटने से कई यात्रियों के घायल होने की खबरें हैं। रेलवे ने उन संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की है जहां ऐसी घटनाएं बार-बार होती हैं। इन क्षेत्रों में आरपीएफ की गश्त बढ़ा दी गई है और अपराधियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ स्थानीय मुखबिरों की मदद ली जा रही है। रेलवे प्रशासन ने साफ कहा है कि यात्रियों की जान जोखिम में डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पकड़े गए आरोपियों पर भारतीय रेलवे अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत मुकदमे चलाए जा रहे हैं। इन धाराओं के तहत अपराध की गंभीरता के आधार पर एक साल से लेकर 10 साल तक की जेल का प्रावधान है। रेलवे ने कहा कि वे इन मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। रेलवे केवल कानूनी कार्रवाई तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इस समस्या की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

इसके लिए रेलवे ट्रैक के किनारे स्थित स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि बच्चों को इसके कानूनी परिणामों के बारे में बताया जा सके। पटरियों के पास बसी बस्तियों के लोगों को शिक्षित किया जा रहा है कि पत्थरबाजी कैसे किसी की जान ले सकती है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन और आधुनिक कैमरों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर दें। शेष मामलों में जांच अभी जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## रॉबर्ट वाड्रा मामले पर सुनवाई टली, ईडी ने मांगा अतिरिक्त समय तो कोर्ट हुआ नाराज 26 फरवरी को होगी सुनवाई

**पटना (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दाखिल की गई चार्जशीट पर संज्ञान लेने को लेकर शनिवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली सुनवाई टाल दी गई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 फरवरी की तारीख तय की है। सुनवाई के दौरान ईडी ने चार्जशीट से संबंधित कुछ आवश्यक दस्तावेज दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई।



अदालत ने ईडी को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि जरूरी कागजात जमा करने के लिए यह एजेंसी को दिया जा रहा अंतिम अवसर है। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी को समय पर सभी औपचारिकताएं पूरी करनी चाहिए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो। यह चार्जशीट ब्रिटेन स्थित डिफेंस डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दाखिल की गई है। मामले में विदेशी संपत्तियों और कथित अवैध वित्तीय लेन-देन से जुड़े पुराने आरोपों की एक बार फिर गहन जांच की जा रही है। ईडी के अनुसार, रॉबर्ट वाड्रा का नाम संजय भंडारी से संबंधित विदेशी संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन के संदर्भ में सामने आया है। एजेंसी का आरोप है कि इन लेन-देन में मनी लॉन्ड्रिंग के तत्व मौजूद हैं, जिनकी जांच मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

गौरतलब है कि ईडी की यह जांच वर्ष 2016 में संजय भंडारी के ठिकानों पर हुई आयकर विभाग की छापेमारी के बाद शुरू हुई थी। इस दौरान कथित तौर पर कुछ ईमेल और दस्तावेज बरामद किए गए थे, जिनके आधार पर जांच एजेंसियों ने रॉबर्ट वाड्रा और उनके सहयोगियों के साथ भंडारी के संबंधों की पड़ताल शुरू की। जांच पूरी होने के बाद ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा को इस मामले में आरोपी बनाया।

एक अन्य संबंधित मामले में ईडी ने अदालत को बताया कि रॉबर्ट वाड्रा को गुरुग्राम में एक विवादित जमीन सौदे से कथित तौर पर 58 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। इसमें से 53 करोड़ रुपये स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी के माध्यम से और 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज़ ट्रेडिंग के जरिए भेजे गए थे। जांच के दौरान केंद्रीय एजेंसी ने 38.69 करोड़ रुपये मूल्य की 43 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है, जिन्हें अपराध की कमाई या उसके समकक्ष बताया गया है।

ईडी ने जुलाई 2025 में पीएमएलए की धारा 50 के तहत रॉबर्ट वाड्रा का बयान भी दर्ज किया था। वहीं, संजय भंडारी पहले से ही विदेश में अघोषित संपत्तियां रखने और अवैध वित्तीय लेन-देन के आरोपों का सामना कर रहा है। अब मामले में 26 फरवरी को होने वाली सुनवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# गणतंत्र दिवस परेड में गूंजेगी ऑपरेशन सिंदूर की धमक: शौर्य प्रदर्शन करेंगे राफेल-सुखोई विमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कर्तव्य पथ का आसमान भारतीय वायुसेना के अदम्य साहस और अत्याधुनिक मारक क्षमता का गवाह बनेगा। इस वर्ष फ्लाई पास्ट का मुख्य आकर्षण विशेष रूप से तैयार किया गया 'सिंदूर' फॉर्मेशन होगा। यह फॉर्मेशन पिछले वर्ष पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने वाले ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक फॉर्मेशन में भारतीय वायुसेना के सात शक्तिशाली विमान शामिल होंगे, जिनमें 2 राफेल, 2 मिग-29, 2 सुखोई-30 और एक जैगुआर फाइटर जेट अपनी गर्जना से आसमान को गुंजायमान करेंगे।

भारतीय वायुसेना के अनुसार, इस बार फ्लाई पास्ट में कुल 29 विमान अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। इनमें 16 फाइटर जेट, 4 मालवाहक (ट्रांसपोर्ट) विमान और 9 हेलीकॉप्टर शामिल हैं। परेड की शुरुआत में वायुसेना के चार एमआई-17 हेलीकॉप्टर ध्वज फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे, जो राष्ट्रीय ध्वज के साथ-साथ थल सेना, नौसेना और वायुसेना के ध्वज लहराते हुए देश को गौरवन्वित करेंगे। इसके अतिरिक्त, वायुसेना के विमान प्रहार, गरुड़, अर्जन, वरुणा, वजरंग और विजय जैसे विभिन्न प्रभावशाली फॉर्मेशन में भी अपनी सटीक उड़ान का प्रदर्शन करेंगे।

गणतंत्र दिवस 2026 का आयोजन विशेष रूप से 'वंदे मातरम' के गौरवशाली 150 वर्षों को समर्पित किया गया है। पूरे समारोह पर राष्ट्रगीत की स्पष्ट छाप दिखाई देगी और वायुसेना का बैंड इससे जुड़ी विशेष धुनें बजाकर देशप्रेम का संचार करेगा। परेड में अनुशासन और नेतृत्व का प्रदर्शन करने के लिए वायुसेना की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि समारोह में स्क्वाड्रन लीडर हेमंत सिंह कन्यार गार्ड ऑफऑनर के कमांडर के रूप में वीर शहीदों को नमन करेंगे। कर्तव्य पथ पर ध्वजारोहण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी फ्लाइट लेफ्टिनेंट अक्षिता ढांकर निभाएंगी, जबकि स्क्वाड्रन लीडर जगदेश कुमार के नेतृत्व में वायुसेना का मार्चिंग दल अपनी सटीक कदमताल से दर्शकों का मन मोहेगा। फ्लाई पास्ट के समापन चरण में राफेल, सुखोई-30, सी-295, अपाचे और स्वदेशी एलसीएच (प्रचंड) जैसे विमान शामिल रहेंगे। इस बार की परेड में न केवल वायुसेना का अनुशासन और पेशेवर उत्कृष्टता दिखाई देगी, बल्कि तीनों सेनाओं के स्वदेशी हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन भारत की आत्मनिर्भरता को भी दर्शाएगा। समारोह की भव्यता बढ़ाने के लिए इसकी शुरुआत 100 सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा पारंपरिक युद्ध-संगीत के साथ की जाएगी, जो कर्तव्य पथ पर शौर्य और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगे।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**